दैनिक
नवप्रदेश
आदित्यवर्णं तमसः परस्तात्
प्रदेश के साथ पूरा देश...

अंदर के पृष्ठों पर ❖❖ 3 | राजधानी 4 | अभिव्यक्ति 8 | आंचलिक 9 | खेल/बिजनेस

RNI NO.CHHHIN/2012/41806 रायपुर, शनिवार 9 दिसंबर 2023, वर्ष-12 अंक- 267 पृष्ठ-10 मूल्य-4 रुपए रायपुर, बिलासपुर, भोपाल, जबलपुर व रांची से एक साथ प्रकाशित www.navpradesh.com

...तो ऐसा रहा पांच साल धान और किसान के नाम पर सरकारी पाखंड

प्रमोद अग्रवाल

रायपुर/नवप्रदेश। पिछले पांच साल से धान और किसान नाम पर सरकारी पाखंड सामने आया है। राज्य की राजनीति में मुख्य केन्द्र बिन्दु रहने वाले किसान और धान के मामले में राज्य शासन का रवैया दुर्भाग्यपूर्ण और गैर जिम्मेदाराना रहा है। राज्य शासन अपनी ही बनाई नीतियों का पालन नहीं करता है और इसका लाभ किसानों को देने के बजाए राईस मिलर्स को पहुंचाता हैं। राज्य में आज भी लगभग 2 लाख टन धान का चावल राज्य शासन को नहीं मिल पाया हैं, उसके बावजूद भी राज्य शासन की ओर से राईस मिलर्स के खिलाफ कोई कदम नहीं उठाया गया हैं। राज्य की नौकरशाही धान व चावल के इस खेल में भ्रष्टाचार की सूत्रधार है और बजाय अपने दायित्व निवर्हन के वह राजनीतिक दलों के लाभ के लिए काम करती दिखाई पड़ती है। इसके लिए वह आंकड़ों की कलाबाजी और दस्तावेंजों में हेर फेर भी करती हैं।





वर्ष 2022-23 में खरीदे गए धान की कस्टम मिलिंग के मामले में भी जांच की जाए तो अनियमितता और भ्रष्टाचार का खुला खेल सामने आ जाएगा। राज्य शासन की धान खरीदी करने वाली ऐंजेंसी छत्तीसगढ़ राज्य सहकारी विपणन संघ द्वारा 1 दिसम्बर 2023 को जिला विपणन अधिकारियों को जारी पत्र में कहा गया है कि भारत सरकार द्वारा चावल जमा करने की निधारित अंतिम तिथि 30 नवम्बर समाप्त हो चुकी है और 1 दिसम्बर की स्थिति में राज्य में 1.60 लाख टन चावल जमा होना शेष है। उन्होनें कस्टम मिलिंग कर चावल न जमा करने वालो पर अनुबंध की धारा 11.3, 11.4 एवं 11.7 के प्रावधानों के अनुसार कार्यवाही करने का निर्देश दिया है। दूसरी ओर राज्य सरकार के ऑफिशियल पोर्टल में 30 नवम्बर 2023 की स्थिति में जमा करने हेतु शेष चावल की मात्रा 85148 टन बतायी गई है। जबकि एमडी मार्कफैड के उपरोक्त पत्र में जोकि 1 दिसम्बर को लिखा गया है यह मात्रा 1.60 लाख टन दर्शित है।

राज्य में खरीफ वर्ष 2022-23 में लगभग 105 लाख टन धान की सरकारी खरीदी हुई थी जिसकी कस्टम मिलिंग कराने हेतु राज्य सरकार ने मिलिंग की दर 40 रूपये क्विंटल से बढ़ाकर 120 रूपये क्विंटल कर दी थी। राईस मिलर्स ने राज्य में उत्पादित धान में बडी मात्रा में कालाबाजारी की। क्योंकि राईस मिलर्स और राज्य सरकार के बीच एक अलिखित समझौता था जिसके जरिए दोनों भ्रष्टाचार में लिप्त थे। यह धान जुलाई 2023 तक सभी मिलर्स को अनुबंध के तहत कस्टम मिलिंग के लिए प्रदान कर दिया गया था। इसे 30 सितम्बर तक कस्टम मिलिंग करके निधारित मात्रा में एफसीआई और नॉन के पास जमा करना था। लेकिन राईस मिलर्स ने वह धान खुले बाजारों में बेच दिया यह बात राज्य शासन की सभी एजेंसियों और सरकार को भी पता थी। कार्यवाही के डर से बेखौफ राईस मिलरो की सुविधा के लिए चावल जमा करने की निधारित तिथि को पहले 31 अक्टूबर तक बाद में 30 नवम्बर तक बढ़ाया गया। लेकिन लगभग 6 महीने तक अपने पास राज्य शासन का धान रखने वाले और उसके जरिए अपने स्वयं का व्यापार चमका रहे राईस मिलरों पर कोई कार्यवाही नहीं की गई। हालात ये है कि आज भी लगभग 2 लाख टन धान का चावल राज्य सरकार के पास नहीं आया है और सरकार हाथ पर हाथ धरे बैठी है।

राज्य सरकार के धान के चावल का सबसे बडा खरीददार केन्द्रीय शासन की ऐजेंसी एफसीआई है राज्य सरकार यह आरोप लगाती रही कि केन्द्र सरकार उसके राज्य में दुर्भावनापूर्वक ■ शेष पृष्ठ 6 पर

आज बेबाक

चुनाव परिणामों को लेकर न तो एग्जिट पोल का अनुमान अक्षरतः सत्य निकलता है। न ही भविष्यवक्ताओं के दावे सही साबित होते हैं। इसके बावजूद कुछ नेता अति आत्मविश्वास के चलते बड़े बोल बोलते हैं और बाद में मुंह छुपाए फिरते हैं। एक नेता ने तो अपनी मूंछों को दांव पर लगा दिया था। और अब वे मुंह और मूंछ छिपाते फिर रहें हैं। एक नेता ने अपना मुंह खुद काला कर लिया। कई और हारे हुए नेता अपने कार्यकर्ताओं पर ही गुस्सा उतार रहें हैं। दूसरों पर दोषारोपण करने के बदले ऐसे नेताओं को अपने गिरहबान में झांकना चाहिए।

मोदी स्टेडियम की पिच को आईसीसी ने माना खराब

नई दिल्ली/नवप्रदेश। वनडे वर्ल्ड कप 2023 का फाइनल मैच जिस पिच पर खेला गया था, वह वर्ल्ड क्लास पिच नहीं थी। इंटरनेशनल क्रिकेट काउंसिल ने इसे औसत रेटिंग दी है। आईसीसी ने कुल 6 मैचों की पिचों को औसत रेटिंग दी गई है।

महुआ मोइत्रा की संसद सदस्यता खत्म

लोकसभा में बहस के बाद एथिक्स कमेटी की रिपोर्ट मंजूर

रिपोर्ट पेश होने के बाद विपक्षी सांसदों ने जमकर हंगामा किया

नई दिल्ली। टीएमसी सांसद महुआ मोइत्रा की संसद सदस्यता रद्द हो गई। लोकसभा में गुरुवार को कैश-फॉर-क्वेरी मामले में एथिक्स कमेटी ने रिपोर्ट पेश की। रिपोर्ट पर चर्चा के बाद ध्वनि मत से वोटिंग हुई। विपक्षी सांसदों ने इस दौरान वॉकआउट कर दिया। इसके बाद रिपोर्ट मंजूर हो गई। एथिक्स कमेटी ने अपनी रिपोर्ट में महुआ के खिलाफ आरोपों को गंभीर बाताया था और कार्रवाई की मांग की थी। साथ ही संसद सदस्यता रद्द करने की मांग की थी। रिपोर्ट पर चर्चा के दौरान टीएमसी, कांग्रेस और अन्य विपक्षी सांसदों ने महुआ मोइत्रा को बोलने का मौका देने की मांग की थी। हालांकि, बीजेपी सांसद ने इस मांग का विरोध किया और स्पीकर इस मांग पर राजी नहीं हुए।

दरअसल, महुआ पर पैसे लेकर संसद में सवाल पूछने के आरोप लगे थे। साथ ही महुआ पर

महुआ ने कहा-महाभारत का रण' देखेंगे

महुआ मोइत्रा संसद पहुंचीं और उन्होंने कहा, ''मां दुर्गा आ गई हैं, अब देखेंगे। जब नाश मनुज पर छाता है, पहले विवेक मर जाता है। उन्होंने 'वस्त्रहरण' शुरू किया अब आप 'महाभारत का रण' देखेंगे।''

सांसद को रिपोर्ट पढ़ने का समय दें: अधीर

रिपोर्ट पर बहस के दौरान कांग्रेस सांसद अधीर रंजन चौधरी ने स्पीकर से अपील की कि सांसदों को रिपोर्ट को पढ़ने के लिए 3-4 दिन का समय देना चाहिए। ताकि वह चर्चा के लिए तैयार हो सकें। उन्होंने कहा, मामले की गंभीरता और महत्व को देखते हुए, मैं अनुरोध करूंगा कि सदस्यों को रिपोर्ट का अध्ययन करने और सदन में चर्चा के लिए खुद को तैयार करने के लिए कम से कम 3 से 4 दिनों का पर्याप्त समय दिया जाए। उन्होंने कहा, ये रिपोर्ट 104 से ज्यादा पेजों की है, ऐसे में इसे पढ़ने के लिए और चर्चा में प्रभावी ढंग से भाग लेने के लिए पर्याप्त समय देने की जरूरत है।

अपने दोस्त ■ शेष पृष्ठ 6 पर

महुआ को बोलने का मौका मिले : टीएमसी

टीएमसी ने मांग की कि महुआ को सदन में बोलने का मौका मिलना चाहिए। सांसद कल्याण बनर्जी ने कहा, फेयर ट्रायल होना चाहिए। निष्कासन ने पहले महुआ को बोलने का मौका मिलना चाहिए। उन्हें सुने बिना निष्पक्ष जांच कैसे हो सकती है। ये सवैधानिक उल्लंघन है। हीरानंदानी से पूछताछ नहीं की गई।

महुआ ने मानी आईडी शेयर की बात: बीजेपी

बीजेपी सांसद हिना गावित ने कहा, महुआ ने पैसे लेकर सवाल पूछे। महुआ को अपनी बात रखने का पूरा मौका मिला। मैंने 2 घंटे में पूरी रिपोर्ट पढ़ी। महुआ ने माना है कि उन्होंने अपनी आईडी दिया। हीरानंदानी के बयान दर्ज किए गए हैं। इस घटना की वजह से पूरे सदन और सांसदों की छवि देश और दुनियाभर में खराब हुई है। कोई द्रौपदी का चीरहरण कर रहा है, अलग अलग देवियों का नाम लिया जा रहा है।

छत्तीसगढ़ मप्र और राजस्थान में भाजपा ने नियुक्त किए पर्यवेक्षक

■ नए सीएम के नामों का करेंगे ऐलान

रायपुर/ नवप्रदेश। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने छत्तीसगढ़, मध्य प्रदेश और राजस्थान में विधायक दल के नेता के चयन के लिए शुक्रवार को केंद्रीय पर्यवेक्षकों की नियुक्ति कर दी। पार्टी की ओर से जारी एक बयान के मुताबिक छत्तीसगढ़ में विधायक दल के नेता के चयन के लिए केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा और सर्वानंद सोनावाल तथा पार्टी महासचिव दुष्यंत कुमार गौतम को

विधायक दल की बैठक में रखा जाएगा नाम

दिल्ली से आ रहे पर्यवेक्षक अपने साथ राष्ट्रीय नेतृत्व की तरफ से फाइनल नाम लेकर आएंगे। यहां विधायक दल की बैठक होगी, जिसमें पर्यवेक्षक बताएंगे कि राष्ट्रीय नेतृत्व ने किसे मुख्यमंत्री बनाने का फैसला किया है। इसके बाद नाम सार्वजनिक कर दिया जाएगा।

जनता से लूटी हर पाई- लौटानी पड़ेगी: मोदी

नई दिल्ली/ए.। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शुक्रवार को विपक्ष पर निशाना साधते हुए कहा कि यह 'मोदी की गारंटी' है कि उन्हें लोगों से लूटा गया एक-एक पैसा लौटाना होगा। मोदी ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर एक मीडिया रिपोर्ट साझा की जिसमें दावा किया गया है कि झारखंड से कांग्रेस सांसद धीरज प्रसाद साहू से कथित तौर पर जुड़े एक कारोबारी समूह के विभिन्न ठिकानों से आयकर विभाग ने 200 करोड़ रुपये नकदी बरामद की है।

अनुच्छेद 370 पर सोमवार को आएगा सुप्रीम फैसला

नई दिल्ली (वार्ता)। उच्चतम न्यायालय पूर्ववर्ती जम्मू-कश्मीर का विशेष दर्जा खत्म कर इसे दो केंद्र शासित प्रदेशों में विभाजित करने के केंद्र सरकार के अगस्त 2019 के फैसले की वैधता को चुनौती देने वाली याचिकाओं पर सोमवार को अपना बहुप्रतीक्षित फैसला सुनाएगा। मुख्य न्यायाधीश डी वाई चंद्रचूड़ और न्यायमूर्ति संजीव खन्ना, न्यायमूर्ति संजय किशन कौल, न्यायमूर्ति बी आर गवई और न्यायमूर्ति सूर्यकांत की संविधान पीठ ने 16 दिनों तक संबंधित पक्षों की दलीलें सुनने के बाद पांच सितंबर 2023 को

अपना फैसला सुरक्षित रख लिया था। शीर्ष अदालत ने दो अगस्त 2023 को याचिकाकर्ताओं की ओर से दलीलें सुननी शुरू की थीं। शीर्ष अदालत की पांच सदस्यीय संविधान पीठ ने

फैसला देते समय न्यायाधीशों को व्यक्तिगत विचार देने से बचना चाहिए: सुप्रीम कोर्ट

उच्चतम न्यायालय ने नाबालिग लड़की से शादी के बाद एक बच्ची का पिता बने एक व्यक्ति को इस मामले में निचली अदालत की सजा कलकत्ता उच्च न्यायालय की ओर से रद्द करने के साथ की गई टिप्पणी को शुक्रवार को प्रथम दृष्टया 'अत्यधिक आपत्तिजनक और पूरी तरह से अनुचित' करार दिया। न्यायमूर्ति अभय एस ओका और न्यायमूर्ति पंकज मिथल की पीठ ने उच्च न्यायालय के 18 अक्टूबर 2023 के एक फैसले को 'अत्यधिक आपत्तिजनक, पूरी तरह से अनुचित और संविधान के अनुच्छेद 21 का उल्लंघन' मानते हुए कहा कि न्यायाधीशों को ऐसे मामलों से निपटने में 'उपदेश देने और व्यक्तिगत विचार व्यक्त करने' से बचना चाहिए। पीठ ने कहा, 'प्रथम दृष्टया, हमारा विचार है कि न्यायाधीशों से अपने व्यक्तिगत विचार व्यक्त करने या उपदेश देने की अपेक्षा नहीं की जाती है।' शीर्ष अदालत ने यह भी कहा कि कलकत्ता उच्च न्यायालय द्वारा की गई टिप्पणियाँ 'अत्यधिक ■ शेष पृष्ठ 6 पर

लालदुहोमा ने मिजोरम के सीएम पद की ली शपथ

आइजोल (ए.)। मिजोरम में विधानसभा चुनाव जीतने के बाद जोरम पीपुल्स मूवमेंट के नेता लालदुहोमा राज्य के नए मुख्यमंत्री बन गए हैं। लालदुहोमा ने शुक्रवार सुबह 11 बजे आइजोल के राजभवन में राज्यपाल हरि बाबू कंभमपति से सीएम पद की शपथ ली। इसके अलावा अन्य दो नेताओं के सपदंगा और वनलालहलाना ने कैबिनेट मंत्री के रूप में शपथ ली। लालदुहोमा इंदिरा गांधी के सिक्योरिटी इंचार्ज और कांग्रेस के सांसद रह चुके हैं। मिजोरम में 40 सीटों पर हुए चुनाव में जोरम पीपुल्स मूवमेंट पार्टी ने 27 सीटें जीतीं।

समीक्षा बैठक ▶ बैठक में सैलजा, डॉ. चरणदास महंत, भूपेश, सिंहदेव, उमेश और बैज रहे मौजूद, संगठन में बदलाव की संभावना

छत्तीसगढ़ में क्यों हुई हार, दिल्ली में कारण खोजने बैठी कांग्रेस

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ विधानसभा चुनाव में मिली करारी शिकस्त के बाद कांग्रेस इसके कारण खोजने में जुट गई है। इसे लेकर दिल्ली स्थित कांग्रेस मुख्यालय में शुक्रवार को सीजी कांग्रेस की समीक्षा बैठक हुई। बैठक में कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे और महासचिव केसी वेणुगोपाल हार की समीक्षा की। नेताओं ने बताया क्यों छत्तीसगढ़ हारे। इस दौरान प्रदेशाध्यक्ष दीपक बैज, प्रदेश प्रभारी कुमारी सैलजा, भूपेश बघेल, टीएस सिंहदेव और चरणदास महंत भी मौजूद रहे। बैठक में प्रदेश के हालात को लेकर विधानसभावार

विधायकों के हारने की क्या वजह रही? डिप्टी सीएम टीएस सिंहदेव समेत मंत्रियों के हारने का क्या कारण रहा है, इन विषयों पर चर्चा हुई। इस दौरान नेता प्रतिपक्ष के नाम पर भी चर्चा की गई। वहीं, सूत्रों के मुताबिक कांग्रेस पार्टी में संगठन स्तर पर बदलाव लोकसभा चुनाव के बाद होंगे। बता दें कि देश में अप्रैल-मई में लोकसभा चुनाव होंगे। छत्तीसगढ़ में लोकसभा की कुल 11 सीटें हैं। 11 में से 9 सीटें बीजेपी के पास हैं, तो वहीं बस्तर और कोरबा लोकसभा सीट कांग्रेस के पास है। फिलहाल कांग्रेस की कोशिश छत्तीसगढ़ में इन सीटों की संख्या बढ़ाने को लेकर ही है।

23 सालों में पहली बार ऐसी दुर्गति

2023 विधानसभा चुनाव में कांग्रेस दो तिहाई सीटों पर हारी है। बीजेपी को 54 और कांग्रेस को 35 सीटें मिली हैं। वहीं गोंडवाना गणतंत्र पार्टी ने 1 सीट पर जीत दर्ज की है। सबसे बड़ा झटका कांग्रेस को सरगुजा और रायपुर संभाग में लगा है। यहां सभी सीटें कांग्रेस के हाथ से निकल गईं। पिछले 23 सालों में 4 चुनावों में कांग्रेस की ऐसी दुर्गति पहली बार हुई है। जबकि पार्टी सत्ता में थी। सीएम भूपेश बघेल से लेकर कई बड़े नेता 75 सीटें जीतने का दंभ भरते रहे। सरकार में बड़े पदों पर रहने वाले नेताओं में केवल भूपेश बघेल, चरणदास महंत, उमेश पटेल और कवासी लखमा ही चुनाव जीत सकें।

न्यूज़ गैलरी

राष्ट्रपति ने तोमर,पटेल और सरुता के इस्तीफे स्वीकार किए

नई दिल्ली(वार्ता)। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने केंद्रीय मंत्रियों नरेंद्र सिंह तोमर, प्रह्लाद सिंह पटेल और रेणुका सिंह सरुता के मंत्रिपरिषद से इस्तीफे तत्काल प्रभाव से स्वीकार कर लिए हैं। इन सभी मंत्रियों ने हाल ही में हुए विधानसभा चुनाव में जीत के बाद अपने पद से इस्तीफा दे दिया था। राष्ट्रपति सचिवालय के अनुसार श्रीमती मुर्मु ने इन सभी मंत्रियों के इस्तीफे गुरुवार रात स्वीकार कर लिए।

तृणमूल कांग्रेस ने की आचार समिति की रिपोर्ट की प्रति उपलब्ध कराने की मांग

नई दिल्ली(वार्ता)। तृणमूल कांग्रेस के नेता सुदीप बंद्योपाध्याय ने लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला को पत्र लिखकर आग्रह किया है कि उन्हें पार्टी सांसद महुआ मोइत्रा के बारे में आचार समिति की रिपोर्ट की प्रति उपलब्ध कराई जाए और उस पर विचार के लिए 48 घंटे का समय दिया जाए। तृणमूल कांग्रेस के सदस्य कल्याण बनर्जी ने संसद परिसर में संवाददाताओं से कहा कि लोकसभा में आचार समिति के अध्यक्ष विनोद सोनकर ने समिति की रिपोर्ट सभा पटल पर रख दी है और अपराह्न दो बजे उस पर चर्चा हो सकती है। श्री बनर्जी ने कहा कि लोकसभा में तृणमूल कांग्रेस के नेता सुदीप बंद्योपाध्याय ने लोकसभा अध्यक्ष को पत्र लिखकर कहा है कि उन्हें अविलंब रिपोर्ट की एक प्रति मुहैया कराई जाए और सदन में चर्चा कराने से पहले तृणमूल कांग्रेस को उस पर विचार के लिए कम से कम 48 घंटे का समय दिया जाए।

कार ने बाइक को मारी टक्कर, चालक की मौत

मुरैना। मध्य प्रदेश के मुरैना में शुक्रवार को तेज रफ्तार का कहर देखने को मिला है। यहां एक तेज रफ्तार से आ रही अर्टिगा कार ने मोटर साइकिल को टक्कर मारी। जिससे मौके पर ही बाइक चालक की मौत हो गई। ये मामला मुरैना जिले के सिहोनिया रोड इकहरा गांव का है। जहां तेज रफ्तार से आ रही अर्टिगा ने बाइक को जोरदार टक्कर मारी। जिससे बाइक चालक की मौके पर ही मौत हो गई। वहीं बाइक पर सवार पत्नी और बेटा घायल हैं। जिनका इलाज जिला अस्पताल में किया जा रहा है। इधर घटना की सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची सिहोनिया थाना पुलिस ने मर्ग कायम कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा। वहीं कार चालक घटना स्थल से फरार है। जिसकी तलाश पुलिस कर रही है।

रेलवे ओवर ब्रिज, अंडर पास के निर्माण में ढाई गुना तेजी: अश्विनी वैष्णव

नई दिल्ली(वार्ता)। रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने शुक्रवार को राज्यसभा को बताया कि नौ वर्षों में देश में रेलवे ओवर ब्रिज और अंडर पास का निर्माण इससे पहले के 10 वर्षों की तुलना में ढाई गुना अधिक रहा है। श्री वैष्णव ने सदन में प्रश्नकाल के दौरान अनुपूरक प्रश्नों के जवाब में कहा कि वर्ष 2004-14 के दौरान 4149 और अंडर पास का निर्माण कराया गया था। इसके मुकाबले 2014-23 तक की अवधि में 10887 ओर अंडर पास बनाए गए हैं जो इनके निर्माण कार्य में ढाई गुना की बढ़ोतरी दर्शाता है। रेलमंत्री ने कहा कि मंत्रालय द्वारा ओवर ब्रिज और अंडर पास के निर्माण के संबंध में नियम प्रक्रियाओं में सुधार किए गए है तथा वित्तीय प्रधानों को भी बढ़ाया गया है। एलाइनमेंट और स्वीकृति आदि के बारे में 80 तरह के मानक बनाए गए हैं जिससे मंजूरी की प्रक्रिया तेज हुई है। आरओबी और अंडरपास पर केंद्रित सवालों के बीच मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी के जॉन ब्रिटास द्वारा रेल मंत्री से प्रश्नकाल में वरिष्ठ

फैसले में उपदेश ना दें; एचसी की 'दो मिनट के यौन सुख' वाली टिप्पणी पर बिफरा सुको

नई दिल्ली(ए.)। किशोरियों को लेकर कलकत्ता हाईकोर्ट के एक आदेश पर सुप्रीम कोर्ट ने स्वतः संज्ञान लिया है। पोस्को यानी प्रोटेक्शन ऑफ चिल्ड्रन फ्रॉम सेक्सुअल ऑफेंसेस से जुड़े एक मामले में हाईकोर्ट ने किशोरियों को अपनी 'यौन इच्छाओं' पर नियंत्रण रखने की सलाह दे दी थी। इसपर एपेक्स कोर्ट का कहना है कि न्यायाधीशों से उपदेश देने की उम्मीद नहीं की जाती है।

क्या था मामला

हाईकोर्ट ने पोस्को एक्ट के एक मामले में सुनवाई के दौरान एक लड़के को बरी कर दिया था। उसे अपने नाबालिग साथी के साथ यौन संबंध बनाने के लिए 20 सालों की सजा सुनाई गई थी। जस्टिस चित्तरंजन दास और जस्टिस पार्थसारथी सेन ने किशोरियों के लिए कुछ एडवाइजरी भी जारी की थीं। इसमें किशोरियों की गरिमा की

रक्षा की बात कही गई थी। साथ ही इनमें कहा गया था कि किशोरी को अपनी यौन इच्छाओं पर नियंत्रण रखना चाहिए, क्योंकि 'अगर वह बमुश्किल दो मिनट के यौन सुख के लिए हामी भर देती है, तो समाज की नजरों में उसके चरित्र पर सवाल उठेंगे।'

अब सुप्रीम कोर्ट का ऐक्शन खबर है कि इस मामले में जस्टिस अभय एस ओक और जस्टिस पंकज मित्तल की बेंच शनिवार को विचार करेगी। शुक्रवार को सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि प्रथम दृष्टया विचार यह है कि जजों से यह उम्मीद नहीं की जाती कि वह अपने निजी विचार रखेंगे या उपदेश देने लगें। साथ ही शीर्ष न्यायालय ने यह भी कहा कि हाईकोर्ट की तरफ से की गई टिप्पणियां संविधान के अनुच्छेद 21 के तहत किशोरों के अधिकारों का उल्लंघन है।

इस मामले में शीर्ष न्यायलय की ओर से राज्य सरकार समेत कई अन्य को भी नोटिस जारी किया गया है। कोर्ट ने राज्य से पूछा है कि हाईकोर्ट के इस फैसले के खिलाफ अपील दायर की जाएगी या नहीं।

दिल्ली पुलिस ने गोल्डी बरार-लॉरेंस बिश्नोई गैंग के दो शूटरों को पकड़ा

नई दिल्ली(ए.)। दिल्ली पुलिस के हाथ आज एक बड़ी कामयाबी लगी। दिल्ली की क्राइम ब्रांच पुलिस ने आज गोल्डी बरार-लॉरेंस बिश्नोई गैंग के शूटर को गिरफ्तार किया है। ये 3 दिसंबर को पंजाब के एक पूर्व विधायक के पंजाबी बाग स्थित घर पर हुई फायरिंग की घटना में शामिल थे।

दोनो शूटर्स के नाम आकाश और अखिल हैं जो हरियाणा के सोनीपत और चरखी दादरी के

रहने वाले हैं। दोनों ने पूर्व विधायक के घर पर फायरिंग की थी। पुलिस की जांच में पता चला है कि दोनों शूटर्स पंजाब के पूर्व विधायक दीप मल्होत्रा के घर फायरिंग में शामिल थे और गोल्डी बराड़ के कहने पर इस काम को अंजाम दिया गया था।

17 साल की लड़की पर तेजाब से हमला, खुद भी पीकर दम तोड़ा

नई दिल्ली। मध्य दिल्ली में एक व्यक्ति ने 17 वर्षीय लड़की पर तेजाब से हमला कर दिया, क्योंकि वह उसकी मां पर उसके खिलाफ दायर दुष्कर्म का मामला वापस लेने के लिए दबाव बनाना चाह रहा था। पुलिस ने यह जानकारी दी। 54 वर्षीय प्रेम सिंह नाम के व्यक्ति ने न केवल लड़की पर तेजाब डाला, बल्कि उसमें से कुछ खुद भी पी लिया। बाद में इलाज के दौरान उसने दम तोड़ दिया।

पुलिस के मुताबिक, पुलिस को तेजाब से हमले की पीसीआर कॉल मिली। मौके पर पहुंचने पर एक पुलिस टीम ने पाया कि घायल पीड़िता और कथित अपराधी को पीसीआर द्वारा पहले ही आरएमएल अस्पताल ले जाया गया था। एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने कहा, जांच अधिकारी तुरंत आरएमएल अस्पताल पहुंचे और घायल की पहचान 17 वर्षीय नाबालिग लड़की के रूप में की और कथित हमलावर की पहचान प्रेम सिंह के रूप में की। लड़की का आरएमएल आपातकालीन वार्ड में इलाज चल रहा है।

पीड़िता, जो शिकायतकर्ता भी है, ने खुलासा किया कि उसकी मां ने पहले अपने पड़ोसी प्रेम सिंह के खिलाफ दुष्कर्म का मामला दर्ज कराया था, और वह अंतरिम जमानत पर था, जो उसे 29 नवंबर को परिवार से संबंधित एक कार्यक्रम के लिए दी गई थी। शिकायतकर्ता के अनुसार, सुबह सिंह ने कथित तौर पर उसे उसकी मां द्वारा उसके खिलाफ दायर दुष्कर्म का मामला वापस लेने की धमकी दी। जब उसने इनकार कर दिया, तो सिंह ने कथित तौर पर उस पर तेजाब डाल दिया। बाद में उसने खुद भी तेजाब पी लिया।

एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने कहा, आईपीसी की संबंधित धाराओं के तहत आनंद पर्वत पुलिस स्टेशन में मामला दर्ज किया गया था। अधिकारी ने कहा, प्रेम सिंह ने आरएमएल अस्पताल में इलाज के दौरान दम तोड़ दिया।

मान जाओ वरना बेरूत को भी गाजा बना देंगे....

बेंजामिन नेतन्याहू की अब लेबनान को धमकी

नई दिल्ली(ए.)। इजरायल और हमास के बीच जारी जंग में अब नया मोर्चा खुलता दिख रहा है। इसे लेकर पीएम बेंजामिन नेतन्याहू ने लेबनान को धमकी भी दी है। बेंजामिन नेतन्याहू ने कहा है कि यदि हिजबुल्लाह ने लेबनान की जमीन से इजरायल पर हमले किए तो बेरूत को हम गाजा की तरह बर्बाद कर देंगे। बेरूत लेबनान की राजधानी है। ब्लूमबर्ग की रिपोर्ट के मुताबिक नेतन्याहू ने कहा कि यदि हिजबुल्लाह ने इजरायल के खिलाफ दूसरा मोर्चा खोला तो हम बेरूत और दक्षिणी लेबनान को बर्बाद कर देंगे। उन्होंने कहा, 'यदि हिजबुल्लाह ने ऑल आउट जंग शुरू की तो फिर बेरूत और दक्षिणी लेबनान बर्बाद हो जाएंगे। ये इलाके यहां से बहुत दूर नहीं हैं। इनका हम गाजा जैसा हाल कर देंगे।'

दरअसल लेबनान की सीमा से कई हमले इजरायल पर किए गए हैं। इसका जवाब इजरायली सेना दे भी रही है, लेकिन अब बेंजामिन नेतन्याहू की टिप्पणी से साफहो गया है कि जंग और बढ़ सकती है। नेतन्याहू ने इजरायली सेना के उत्तरी कमांड का दौरा किया और इसी दौरान हिजबुल्लाह और लेबनान को धमकी दी। नेतन्याहू ने कहा कि 7 अक्टूबर को हमास के हमले के बाद से ही हिजबुल्लाह हमले कर रहा है। पीएम ने इस दौरान अपनी सेना की भी तारीफ की और कहा कि यह अच्छी बात है कि आपने जंग की पूरी तैयारी कर रखी है।

इस बीच व्हाइट हाउस का कहना है कि जो बाइडन ने नेतन्याहू और जॉर्डन के किंग अब्दुल्लाह से बात की है और कहा है कि यह जंग बढ़ने से रोका जाए। वहीं नेतन्याहू फिलहाल गाजा पर हमले रोकने के मूड में नहीं दिख रहे हैं। उत्तरी गाजा में भीषण हमलों के बाद अब इजरायल की सेना दक्षिणी इलाके में भी अटैक कर रही है। कई अस्पतालों तक को निशाना बनाया गया है। इजरायल का कहना है कि हमास के आतंकी स्कूल और अस्पताल जैसे संस्थानों को भी अपने छिपने के लिए ठिकाने के तौर पर इस्तेमाल कर रहे हैं।

गौरतलब है कि हमास को इजरायल के अलावा अमेरिका और यूरोपियन यूनियन के देशों ने भी आतंकी संगठन घोषित किया है। फिलहाल इजरायल की सेना ने दक्षिणी गाजा के शहर खान यूनिस को घेर रखा है और ताबड़तोड़ हमले किए जा रहे हैं। वहीं हिजबुल्लाह ने हमास का समर्थन किया है और कहा है कि यह जंग कई देशों को शामिल करा सकती है। बता दें कि हमास और हिजबुल्लाह दोनों को ही ईरान समर्थित आतंकी संगठन माना जाता है।

वित्तमंत्री की उद्योग जगत से अपील, विनिर्माण क्षेत्र को बड़े पैमाने पर दें बढ़ावा

नई दिल्ली। केंद्रीय वित्तमंत्री निर्मला सीतारमण ने उद्योग जगत के दिग्गजों से नई प्रौद्योगिकियों के सहयोग से देश के विनिर्माण क्षेत्र को मजबूत करने की दिशा में काम करने का आग्रह किया, जिसका नेतृत्व देश के स्टार्टअप कर रहे हैं, क्योंकि भारत की तेजी से बढ़ती बाज़ार अर्थव्यवस्था ने बड़ी पेशकश की है।

उन्होंने कहा कि इस तरह की साझेदारी से उद्योग और स्टार्टअप, दोनों को फायदा होगा और देश आगे बढ़ेगा। उद्योग जगत को स्टार्टअप द्वारा लाए जा रहे नवाचारों पर कड़ी नजर रखनी चाहिए और साझेदारी बनाकर इस अवसर का लाभ उठाना चाहिए। वित्तमंत्री ने कहा कि सरकार एक प्रौद्योगिकी मंच और वातावरण भी प्रदान कर रही है, जिसमें ये सभी नवाचार हो रहे हैं।

निर्मला ने यह भी कहा कि कई पश्चिमी कंपनियां अपने देशों में मंदी से बचने के लिए भारत में निवेश की तलाश में होंगी।

पार्टी का रुख बताने से पहले नवाब मलिक से बात करेंगे, फडणवीस को अजित पवार की दो टूक

मुंबई। महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री अजित पवार ने शुक्रवार को देवेंद्र फडणवीस के पत्र का दो टूक जवाब दिया। उन्होंने कहा कि वह नवाब मलिक की राजनीतिक संबद्धता पर राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (शरद) के उनके गुट का रुख बताने से पहले पूर्व मंत्री से बात करेंगे ताकि वह उनकी स्थिति समझ सकें। दरअसल उप मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने मलिक को राज्य विधानसभा के शीतकालीन सत्र के पहले दिन बृहस्पतिवार को सत्ता पक्ष की सीट पर बिठाने का विरोध करते हुए अजित पवार को पत्र लिखा था। पवार ने इस पत्र

के संबंध में एक सवाल का जवाब देते हुए कहा, ''मैंने वह पत्र पढ़ा है। सबसे पहली बात यह है कि नवाब मलिक साहेब कल पहली बार विधानसभा आए थे। इस बीच, मीडिया ने टीवी पर दिखाया कि वह कहां बैठे, क्यों बैठे और किसके साथ बैठे।' अजित पवार ने कहा कि उनका राकांपा समूह दो जुलाई को सत्तारूढ़ गठबंधन 'महायुति' में शामिल हुआ था और मलिक यह सब होने के बाद विधानसभा में आए। उन्होंने कहा, ''मैं उनका (मलिक का) पक्ष सुनने के बाद अपना और अपनी पार्टी का रुख सामने रखूंगा।'' फडणवीस ने बृहस्पतिवार को अजित पवार को पत्र लिखकर धनशोधन मामले में आरोपी मलिक को सत्तारूढ़ 'महायुति' गठबंधन में शामिल करने पर अपनी आपत्ति जताई थी। भगोड़े गैंगस्टर दाऊद इब्राहिम और उसके सहयोगियों से जुड़े धनशोधन के मामले में प्रवर्तन निदेशालय ने फरवरी 2022 में मलिक को गिरफ्तार किया था। फिलहाल वह चिकित्सकीय आधार पर जमानत पर हैं। मलिक ने बृहस्पतिवार को यहां महाराष्ट्र विधानमंडल के शीतकालीन सत्र में भाग लिया। वह सदन में सबसे अंतिम पंक्ति में राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी के अजित पवार के नेतृत्व वाले गुट के एक विधायक के पास में बैठे थे। राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) की कार्यकारी अध्यक्ष सुप्रिया सुले ने भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) को भ्रष्ट जुमला पार्टी बताया है और उस पर महाराष्ट्र के पूर्व मंत्री नवाब मलिक का अपमान करने व अजित पवार समूह को फंसाने का आरोप लगाया है।

हिंसा पीड़ित 15 परिवारों को मिली सरकारी नौकरी

अगरतला। त्रिपुरा में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के नेतृत्व वाली सरकार ने अब तक 09 मार्च-2018 से पहले राजनीतिक हिंसा के कारण मारे गए 15 पीड़ितों के परिवारों को नौकरी प्रदान की है। कृषि और किसान कल्याण मंत्री रतन लाल नाथ ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। भाजपा के नेतृत्व वाली सरकार के सत्ता में आने के तुरंत बाद यह घोषणा की थी कि राजनीतिक रूप से पीड़ित परिवारों, मुख्य रूप से 1993 से वाम मोर्चा शासन के दौरान, को पर्याप्त सहायता दी जाएगी और कई अनसुलझे मामलों की फिर से जांच शुरू की गई।

नाथ ने कहा कि तदनुसार,

राज्यसभा सांसद डॉ. संदीप पाठक ने संसद में पराली का मुद्दा उठाया

चंडीगढ़। आम आदमी पार्टी (आप) के पंजाब से राज्यसभा सांसद डॉ संदीप पाठक ने संसद में पराली का मुद्दा उठाया और केंद्र सरकार से इसके समाधान के लिए पंजाब सरकार का सहयोग करने की अपील की। राज्यसभा को संबोधित करते हुए डॉ पाठक ने कहा कि पराली जलाने के लिए हम अक्सर किसानों को दोषी ठहराते हैं, जबकि कोई किसान शौक से नहीं बल्कि मजबूरी में पराली जलाता है। इसके लिए स्पष्ट तौर पर सरकारें जिम्मेवार हैं।

उन्होंने कहा कि पराली जलाने से रोकने का सबसे बड़ा समाधान यह है कि सरकार किसानों को उचित आर्थिक मदद दे। पंजाब सरकार ने राज्य के किसानों को पराली के लिए 1000 रुपए प्रति एकड़ देने का प्रस्ताव दिया है और केंद्र से इसके लिए 1500 रु प्रति एकड़ देने की अपील की है। अगर केंद्र पंजाब सरकार की बात मान ले तो किसानों को 2500 रु प्रति एकड़ मिल सकेगा और इस समस्या का जल्दी समाधान हो सकेगा।पराली समस्या का दूसरा और स्थाई समाधान है फसल विविधीकरण। उन्होंने कहा कि अन्य खरीफ फसलों का धान के मुकाबले एमएसपी बेहद कम है इसलिए किसान धान की खेती करना ही पसंद करते हैं।

आरबीआई का तोहफा: नए साल पर नहीं बढ़ेगी इएमआई

मुंबई। भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने आम जनता को तोहफा दिया है। नए साल पर आपकी इएमआई में कोई बढ़ोत्तरी नहीं होगी। आरबीआई ने शुक्रवार को लगातार पांचवीं बार नीतिगत दर रेपो को 6.5 प्रतिशत पर बरकरार रखा है। साथ ही 'चालू वित्त वर्ष 2023-24 के लिए आर्थिक वृद्धि दर के अनुमान को 6.5 प्रतिशत से बढ़ाकर सात प्रतिशत कर दिया है।वहीं खुदरा मुद्रास्फीति के अनुमान को 5.4 प्रतिशत पर बरकरार रखा है। रेपो दर को 6.5 प्रतिशत पर बरकरार रखने का मतलब है कि मकान, वाहन समेत विभिन्न कर्जों पर मासिक किस्त (ईएमआई) में कोई बदलाव नहीं होगा।

मौद्रिक नीति समिति (एमपीसी) की शुरू हुई तीन दिन की बैठक में किये गये निर्णय की जानकारी देते हुए आरबीआई गवर्नर शक्तिकांत दास ने कहा, ''एमपीसी के सभी छह सदस्यों ने परिस्थितियों पर गौर करने के बाद आम सहमति से रेपो दर को 6.5 प्रतिशत पर कायम रखने का फैसला किया।'' इसके साथ, एमपीसी ने उदार रुख को वापस लेने के अपने रुख पर कायम रहने का निर्णय किया है। दास ने कहा, ''वैश्विक चुनौतियों के बावजूद देश की अर्थव्यवस्था मजबूत बनी हुई है और हमारी बुनियाद सुदृढ़ है।'' दास ने कहा, '' जीएसटी संग्रह, पीएमआई (परचेजिंग मैनेजर इंडेक्स) जैसे महत्वपूर्ण आंकड़े मजबूत बने हुए हैं।

देवभूमि निश्चित रूप से निवेश के बहुत सारे द्वार खोलने जा रही : मोदी

देहरादून (वार्ता)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने उत्तराखंड के देहरादून में शुक्रवार को आयोजित ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट का उद्घाटन करते हुए भरोसा जताया कि सामर्थ्य से भरी ये देवभूमि (उत्तराखंड) निश्चित रूप से निवेश के बहुत सारे द्वार खोलने जा रही है।

श्री मोदी ने कहा,÷देवभूमि उत्तराखंड में आकर मन धन्य हो जाता है। कुछ वर्ष पहले जब मैं बाबा केदार के दर्शन के लिए निकला था, तो अचानक मेरे मुंह से निकला था कि 21वीं सदी का ये तीसरा दशक, उत्तराखंड का दशक है। उन्होंने कहा कि मुझे खुशी है अपने उस कथन को मैं लगातार चरितार्थ होते हुए देख रहा हूं। आप सभी को भी इस गौरव से जुड़ने के लिए, उत्तराखंड की विकास यात्रा से जुड़ने का एक

बहुत बड़ा अवसर मिल रहा है। बीते दिनों, उत्तरकाशी में टनल से हमारे श्रमिक भाइयों को सुरक्षित निकालने का जो सफल अभियान चला, उसके लिए मैं राज्य सरकार समेत सभी का विशेष तौर पर अभिनंदन करता हूं÷

श्री मोदी ने कहा कि उत्तराखंड वह राज्य है, जहां आपको डाइविनिटी और डेवलपमेंट, दोनों का अनुभव एक साथ होता है, और मैंने तो उत्तराखंड की भावनाओं और संभावनाओं को निकट से देखा है, मैंने उसे जिया है, अनुभव किया है। उन्होंने उत्तराखंड के लिए कही एक अपनी एक कविता याद करते हुए सुनाया। उन्होंने सुनाया,÷जहां अंजुली में गंगा जल हो, जहाँ हर एक मन बस निश्छल हो।

ऑस्कर्स में गाड़े सफलता के झंडे, चंद्रयान 3 ने रचा इतिहास और जी20 के जरिए विश्वगुरु की ओर बढ़ते कदम, 2023 में सबसे आगे रहे हिंदुस्तानी

नई दिल्ली(वार्ता)। भारत ने 2047 तक खुद को विकसित देश कहलाने का मन बना लिया है। मन बनाया है तो कदम भी उस ओर चल पड़े हैं। हर क्षेत्र में इतिहास रचा जा रहा है, कीर्तिमान ऐसे स्थापित हो रहे हैं कि पूरी दुनिया उन्हें ही अब उच्चतम मापदंड मानने को तैयार दिख रही है। साल 2023 में जिस तरह से इस भारत वर्ष ने तरक्की की है, जिस तरह से हर फील्ड में खुद को साबित किया है, ये कहना गलत नहीं कि सही मायनों में सबसे आगे रहे हिंदुस्तानी। एंटरटेनमेंट से लेकर खेल जगत तक, अंतराष्ट्रीय राजनीति से लेकर विज्ञान तक, शायद ही कोई क्षेत्र बचा होगा जहां पर इस साल भारत का डंका ना बजा हो। हर फील्ड में देश इस साल विजयी रहा है, ऐसे संकल्प के साथ आगे बढ़ा है कि

चंद्रयान 3 का कीर्तिमान और विज्ञान की जीत

आजादी के बाद से अगर सबसे ज्यादा तकनीक में कहीं खुद को एडवांस किया गया है तो वो स्पेस का क्षेत्र है। जो देश किसी जमाने में साइकिल पर अपना रॉकेट लादकर लेकर जाता था, वो ही देश अब पूरी दुनिया को दिखा रहा है कि चांद पर सटीक लैंडिंग कैसे की जाती है। कहने को चंद्रयान 2 सफल नहीं हो पाया था, लेकिन उसने भी लगातार जरूरी जानकारी साझा की। अब तो भारत पहला देश बन चुका है जिसने चांद के दक्षिणी ध्रुव पर लैंडिंग की है। ये कमाल भी उस समय भारत ने किया जब एक रूसी जहाज उसी उद्देश्य के साथ गया, लेकिन समय से पहले ही फेल हो गया।

जी20 की सफलता और भारत का नेतृत्व

इस साल जी20 समिट का आयोजन भी भारत में हुआ और उस एक कार्यक्रम ने पूरी दुनिया को भारत की ताकत, उसकी धमक दिखा दी। किसी ने सोचा था कि भारत में आयोजित होने वाले जी20 समिट में सर्वसहमति से पहले ही दिन दिल्ली डिक्लेरेशन पर बात बन जाएगी और इसे पारित कर दिया जाएगा। रूस-यूक्रेन युद्ध को लेकर कितने मतभेद थे, पिछली बार ब्राजील में भी इसी वजह से डिक्लेरेशन पास नहीं हो पाया था। लेकिन भारत ने वो कमाल भी कर दिखाया। इसके ऊपर जिस तरह से जी20 के स्वरूप को बदल जी21 कर दिया गया, उसने भी भारत की ताकत का अहसास सभी को करवा दिया। असल में अफ्रीकी यूनियन को भी भारत ने जी20 समिट का हिस्सा बनवाया। ये एक वादा तो जो भारत के प्रधानमंत्री ने अफ्रीकी यूनियन के नेता से किया था। अब भारत में तो वसुधैव कुटुंबकम का सिद्धांत बड़ा माना जाता है, ऐसे में सभी को साथ लेकर चला भी गया और एक और इतिहास अपने नाम किया गया। इसके अलावा जी20 समिट में ही भारत ने स्पाइस रूट का ऐलान कर दिया। भारत से यूरोप तक जिस ट्रेड रूट को बनाने की संकल्पना पेश की है वो पश्चिम एशिया से होकर ही गुजरेगा।

तमाम चुनौतियां धरी की धरी रह गईं और देश अपने उद्देश्यों की ओर फुल स्पीड से कूच कर गया। 2023 में वैसे तो कई ऐसी घटनाएं हुईं हैं जिनका जिक्र किया जाना चाहिए, लेकिन क्षेत्रों के लिहाज कुछ ऐसे कारनामे हुए हैं जो भारत को विकसित बनाने में बड़ी भूमिका निभाने जा रहे हैं।

ऑस्कर्स में आरआरआर का बजा डंका

देश की अर्थव्यवस्था में मनोरंजन जगत की अपनी अहमियत है। फिल्म देखने से लेकर फिल्म बनाने तक, जो भी खर्चा होता है, जो भी पैसा लगता है, उसका असर अर्थव्यवस्था पर भी पड़ता है। देश की तरक्की के साथ ही मनोरंजन जगत की तरक्की भी जुड़ी हुई है।

इस साल तो एस राजामौली की फिल्म ऋऋऋ ने पूरे देश को झूमने पर मजबूर कर दिया।

भाजपा विधायक दल की बैठक 11 दिसंबर को

भोपाल (वार्ता)। मध्यप्रदेश विधानसभा चुनाव में बहुमत हासिल करने वाले दल भारतीय जनता पार्टी के नवनिर्वाचित विधायकों की बैठक यहां सोमवार 11 दिसंबर को होगी, जिसमें विधायक दल के नेता का चयन किया जाएगा। पार्टी सूत्रों के अनुसार विधायक दल की बैठक में सभी 163 नवनिर्वाचित विधायक शामिल होंगे। इस बैठक में पार्टी की ओर से आज नियुक्त किए गए केन्द्रीय पर्यवेक्षक और प्रदेश संगठन के वरिष्ठ नेता भी मौजूद रहेंगे। विधायक दल की बैठक में चुना गया नेता ही राज्य का अगला मुख्यमंत्री होगा। विधानसभा चुनाव में सत्तारूढ़ दल भाजपा ने 163 सीटों पर विजय हासिल कर स्वयं को सत्ता में बरकरार रखा है।

न्यूज गैलरी

कार की टक्कर से सायकिल सवार किशोर की मौत

रायपुर/नवप्रदेश। संजय नगर पंचमुखी मंदिर के पास कार की ठोकर से सायकिल सवार किशोर की मौत हो गई। मामले में टिकरापारा पुलिस ने कार चालक के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। मृतक प्रियांशु निर्मलकर 16 वर्ष सुदामा नगर टिकरापारा का रहने वाला था। वह अपनी सायकिल से संजयनगर पंचमुखी मंदिर के पास रोड क्रॉस कर रहा था। तभी कार क्रमांक सीजी 04 एनई 2076 के चालक ने लापरवाही पूर्वक वाहन चलाते हुए सायकिल को टक्कर मार दिया। जिससे प्रियांशु की मौत हो गई। मामले में पुलिस ने कार चालक के खिलाफ अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

अधेड़ से 1 लाख की ठगी, जुर्म दर्ज

रायपुर/नवप्रदेश। आरटीओ बार्डर क्रॉसिंग के नाम पर अधेड़ स 1 लाख 20 हजार की ठगी करने का मामला प्रकाश में आया है। प्रार्थी की शिकायत पर तेलीबांधा पुलिस ने अज्ञात आरोपी के खिलाफ धोखाधड़ी का अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थी एसएम कुमार 57 वर्ष अवंति विहार तेलीबांधा का रहने वाला है। प्रार्थी ने सिंपल एनर्जी प्राइवेट लिमिटेड बैंगलोर से ऑनलाइन स्कूटर खरीदने के लिए सर्च किया और दिए हुए नंबर पर संपर्क कर बुकिंग किया। जिसके बार अज्ञात मोबाइल क्रमांक 78669-68536 के धारक ने प्रार्थी से आरटीओ बार्डर क्रॉसिंग के नाम पर कुल 4 बार में 1 लाख 20 हजार रुपए ऐंठ लिया और स्कूटर नहीं भेजा। प्रार्थी की शिकायत पर तेलीबांधा पुलिस ने आरोपी के खिलाफ धोखाधड़ी का अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

घर के बाहर खड़ी एक्टिवा पार

रायपुर/नवप्रदेश। तात्यापारा स्थित कुसुम ताई स्कूल के पास खड़ी एक्टिवा को अज्ञात चोर ने पार कर दिया। प्रार्थिया की शिकायत पर गोलबाजार पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। प्रार्थिया स्वेता भालकर 42 वर्ष तात्यापारा की रहने वाली है। बताया जाता है कि प्रार्थिया ने अपनी एक्टिवा वाहन क्रमांक सीजी 04 डीआर 7776 को घर के बाहर खड़ी की थी, तभी अज्ञात चोर ने पार कर दिया। चोरी गए एक्टिवा की कीमत करीब 10 हजार रुपए के आसपास बताई जा रही है। प्रार्थिया की शिकायत पर गोलबाजार पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

अवैध शराब बेचते 4 गिरफ्तार

रायपुर/नवप्रदेश। राजधानी पुलिस ने अवैध शराब बेचने वालों के खिलाफ अभियान चलाकर अलग-अलग थाना क्षेत्रों में चार लोगों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के पास से 102 पाव देशी शराब जब्त किया है। मामले में पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की है। मिली जानकारी के अनुसार विधानसभा पुलिस ने दोंदेकला बाजार के पास अवैध शराब बेचते आरोपी दुलेश यादव 19 वर्ष के पास से 14 पाव देशी शराब जब्त किया है। इसी तरह खरोरा पुलिस ने आरोपी चंद्रहास निर्मलकर 19 वर्ष व शत्रुघन सेन को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने इन दोनों के पास से 64 पाव देशी शराब जब्त किया है। वहीं गोबरा नवापारा पुलिस ने आरोपी भारत डहरिया 32 वर्ष को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने इसके पास से 24 पाव देशी शराब जब्त किया है।

सरेआम शराब सेवन, गिरफ्तार

रायपुर/नवप्रदेश। राजधानी पुलिस ने नशेड़ियों के खिलाफ अभियान चलाकर सरेआम शराब पीते दर्जन भर लोगों के खिलाफ कार्रवाई की है। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की है। खमतराई पुलिस ने गोंदवारा ब्रीज के पास सरेआम शराब पीते आरोपी सतवन सिंह 27 वर्ष व पी. सुशील 37 वर्ष को गिरफ्तार किया है। इसी तरह गंज पुलिस ने आरोपी राजू बघेल 52 वर्ष, रमेश लाल गोदवानी 57 वर्ष, नंद कुमार अवस्थी 42 वर्ष व जिसान अली 32 वर्ष को गिरफ्तार किया है। वहीं पुरानी बस्ती पुलिस ने आरोपी अविनाश सिंह ठाकुर 42 वर्ष व युगल किशोर साहू 30 वर्ष को गिरफ्तार किया है। वहीं गोबरानवापारा पुलिस ने आरोपी राजेश घृतलहरे एवं गोलबाजार पुलिस ने नरेन्द्र चौहान 26 वर्ष, जितेन्द्र निषाद 37 वर्ष व जाकिर खान 32 वर्ष को गिरफ्तार किया है।

बेमौसम बारिश से फसल बर्बाद, खेतों में कटकर रखे धान खराब

■ किसानों ने नमी वाले धान खरीदने की गुहार लगाई

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ में बीते सप्ताहभर से हो रहे मौसम में बदलाव के चलते दो दिनों से रुक-रुक कर बारिश हो रही है। ऐसे में इसका असर धान की खड़ी फसलों पर भी देखा जा रहा है।

जिले के कई क्षेत्रों में अब तक धान की कटाई नहीं हुई है। वहीं जिन खेतों में कटाई के बाद धान रखा हुआ है उन्हें भी सीधा नुकसान पहुंच रहा है। मौसम में हो रहे बदलाव के चलते बीते दो दिनों से रुक-रुक कर रिमझिम बारिश हो रही है, जिसकी वजह से फसलों को नुकसान हो रहा है. बे-मौसम हो रही इस बारिश से धान की खड़ी फसल बर्बाद हो रही है. खेतों में धान के पौधे झुक गए हैं और बारिश से धान में नमी भी आ रही है. वहीं कुछ खेतों में कटाई के बाद धान रखा हुआ है, इस धान पर भी नमी आ रही है. ऐसे में किसानों को सीधा नुकसान हो रहा है. किसानों का कहना है कि नमी की वजह से उन्हें काफी नुकसान उठाना पड़ेगा. किसानों ने मांग की है कि धान खरीदी केन्द्रों में मौसम को देखते हुए नमी वाले धन भी खरीदे जाने चाहिए। बेमौसम हो रही इस बारिश से धान की फसलों में नमी आ रही है. वहीं खेतों में कटकर रखे धान भी खराब हो रहे हैं.

नमी की वजह से किसान धान खरीदी केन्द्रों में अपने धान नहीं बेच पा रहे हैं. जिले के कई किसानों ने अब तक अपने खेतों से धान की कटाई भी नहीं की है. ऐसे में मौसम खराब होने से चलते किसान धान कटाई नहीं कर रहे हैं. अब किसानों ने शासन से मांग की है कि उनके फसलों को हो रहे नुकसान का आकलन कर क्षतिपूर्ति दी जाए. राजनांदगांव जिले में बड़े पैमाने पर किसानों ने कर्ज लिया है. ऐसे में किसानों को कर्ज माफी की आस भी थी. किसान अगर अपना धान सोसाइटी में ले जाते तो कर्ज की राशि भी काटी जा रही थी.

यही कारण रहा कि किसान चुनाव परिणाम आने तक अपनी फसलों को काटना नहीं चाह रहे थे. ऐसे में अब खराब हुई मौसम के चलते किसानों को दोहरी मार झेलनी पड़ रही है।

साठ से अधिक स्थानों पर चला बुलडोजर, 200 से ज्यादा ठेले जब्त

रायपुर/नवप्रदेश। राजधानी रायपुर में अवैध कब्जों पर चल रही कार्रवाई में कई चौंकाने वाले तथ्य सामने आ रहे हैं। आंबेडकर अस्पताल और महही माता मंदिर के आसपास 10 से ज्यादा अवैध निर्माण तोड़े गए हैं। यहां की शिकायत लंबे समय से की जा रही थी। चौंकाने वाली बात यह कि जब निर्माण को तोड़ा गया तो 4 बाई 4 की छोटी सी गुमटी से एलईडी टीवी, फ्रिज और फोल्डिंग बेड निकाला। गुमटी के संचालकों से चर्चा करने पर उन्होंने बताया कि यहां एक स्पूखदार हर रोज का 500 रुपए वसूली करता था। उसी ने इस अस्थायी दुकान को बिजली की सुविधा उपलब्ध कराई थी। ऐसा ही खमतराई ब्रिज के नीचे

देखने को मिला। लोगों ने बाहर टीन की शेड लगा रखा था अंदर पक्का निर्माण हुआ था। अवैध निर्माणों को कनेक्शन देने को लेकर बिजली विभाग की बड़ी लापरवाही सामने आई है। शहर में हजारों अवैध निर्माण आम लोगों के लिए आफत बने हुए हैं। इन सभी को बिना जांच करने ही बिजली विभाग कनेक्शन दे रहा है। एक बिजली कनेक्शन ने 10 से 15 गुमटियों में बिजली सप्लाई की जाती है। नगर निगम व जिला प्रशासन ने लगातार तीसरे दिन शहर के विभिन्न मार्गो व चौक-चौराहों पर करीब 60 से अधिक अवैध कब्जा हटाने की कार्रवाई की। इस कार्रवाई से कई लोग निगम अमले पर अपनी नाराजगी जाहिर कर रहे हैं। वहीं महापौर ने निगम की कार्रवाई को जिला प्रशासन का आदेश कहा। उन्होंने कहा, वेंडिंग जोन में विस्थापन के बाद कार्रवाई होनी चाहिए। गुरुवार सुबह 11 बजे से देर शाम तक कलेक्टर व आयुक्त के निर्देश पर नगर निवेश विभाग मुख्यालय उड़नदस्ता व विभिन्न जोन की नगर निवेश विभाग की टीमों ने यातायात पुलिस, पुलिस प्रशासन बल की उपस्थिति में सभी 10 जोनों में यह कार्रवाई की।

खराब मौसम: रोका गया फ्लाइट ऑपरेशन, विमान भी डाइवर्ट

रायपुर/नवप्रदेश। पिछले दो दिनों से छत्तीसगढ़ में मौसम बेहद खराब है। रुक-रुककर बारिश हो रही है और बादल भी छाये हुए है। इस वजह से कड़ाके की ठण्ड भी सरगुजा से लेकर बस्तर तक पड़ रहा है। तापमान में भारी गिरावट भी दर्ज की गई है। पिछले 24 घंटे में प्रदेश में अधिकतम तापमान 29.9 डिग्री सेल्सियस दुर्ग में और न्यूनतम तापमान 09.8 डिग्री सेल्सियस अम्बिकापुर में दर्ज किया गया। इस तरह समूचा प्रदेश शीतलहर की चपेट में है। लगातार छाये बादलों की वजह से वातावरण में धुंध छाया हुआ है और इसका असर विजिबिलिटी पर भी देखने को मिल रहा है।

वही इसका असर रायपुर एयरपोर्ट पर उड़ान में देखा जा रहा है। दरअसल खराब विजिबलिटी की वजह रायपुर के स्वामी विवेकानंद एयरपोर्ट पर फ्लाइट

ऑपरेशन को रोक दिया गया है। यहाँ से सिल्हाल विमान टेकऑफ नहीं हो रहे है जबकि लैंडिंग में भी मुश्किलों का सामना करना पड़ रहा है। बताया जा रहा है कि इन्हीं वजहों से डिगो से दिल्ली फ्लाइट को भुवनेश्वर डायवर्ट कर दिया गया है।

तेज रफ्तार कार ने बच्चे को कुचला, मौके पर मौत

रायपुर/नवप्रदेश। रायपुर में तेज रफ्तार कार ने बच्चे को टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि बच्चे की मौके पर ही मौत हो गई। हादसे के बाद कार चालक लक्ष्मी नारायण नागरची को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। वहीं मौजूद कुछ लोगों ने बच्चे को लहूलुहान हालत में अस्पताल पहुंचाया, लेकिन तब तक उसकी मौत हो चुकी थी। हादसा टिकरापारा थाना क्षेत्र का है। घटना का सीसीटीवी फुटेज भी सामने आया है। जानकारी के मुताबिक, टिकरापारा सुदामा नगर का रहने वाला प्रियांशु निर्मलकर (13 वर्ष) अखबार बांटने का काम करता है। गुरुवार सुबह साढ़े 6 बजे वो अपने काम से निकला था। अपनी साइकिल से वो संजय नगर इलाके में सड़क पार करने के लिए खड़ा था। वो साहू कॉम्प्लेक्स जा रहा था, तभी दूसरी तरफ से तेज रफ्तार कार ने उसे टक्कर मार दी। वीडियो में दिख रहा है कि कार दूसरी तरफ से तेज रफ्तार में आ रही थी। उसने प्रियांशु को जोरदार टक्कर मारी। जिससे वो साइकिल समेत हवा में उछल गया और सड़क पर दूर जाकर गिर गया। हादसे में उसकी साइकिल चकनाचूर हो गई। एक्सीडेंट के बाद मौके पर भीड़ लग गयी।

वहां से गुजर रहे लोगों ने प्रियांशु को उठाने की कोशिश की। राहगीरों की सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने बच्चे को उठाकर अस्पताल पहुंचाया। शुरुआती जांच के बाद डॉक्टरों ने बच्चे को मृत घोषित कर दिया। जानकारी के मुताबिक, प्रियांशु अपने घर के पास ही एक स्कूल में पढ़ता था। वो अपनी पढ़ाई का खर्चा उठाने के लिए अखबार बांटने का काम भी कर रहा था। घटना के वक्त भी वो सुबह लोगों के घरों में पेपर बांटने निकला था। घटना के बाद उसके परिजन का रो-रोकर बुरा हाल है।

भाई ने की नाबालिग बहन के बॉयफ्रेंड की हत्या

रायपुर/नवप्रदेश। राजधानी रायपुर के अभनपुर इलाके में भाई ने नाबालिग बहन के बॉयफ्रेंड की हत्या कर दी है। उसने अपने ही घर पर रात के वक्त दोनों का आपत्तिजनक हालत में देखा। फिर गुस्से में आकर बॉयफ्रेंड को चाकू से गोद दिया। हत्या के बाद आरोपी ने लाश को तालाब में फेंक दिया। इस मामले में अभनपुर पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। ये पूरा मामला अभनपुर के गिरोला गांव का है। वहां के रहने वाले 22 साल का गिरधारी राजे रोजी मजदूरी का काम करता है। नवंबर महीने में एक नाली निर्माण के दौरान उसकी पहचान उसी जगह की रहने वाली नाबालिग से हुई। दोनों में बातचीत शुरू हुई। फिर दोस्ती हो गई। कुछ दिनों बाद ये दोस्ती प्यार में बदल गयी। 4 दिसंबर को रात के वक्त नाबालिग अपने घर पर थी। इस दौरान गिरधारी उसके घर पहुंचा। दोनों घर के दूसरी तरफ मौजूद थे। इसी दौरान नाबालिग का बड़ा भाई हेमलाल साहू वहां पहुंच गया। उसने अपनी बहन के साथ आरोपी को आपत्तिजनक हालात में देख लिया। हेमलाल को इस बात से तेज गुस्सा आ गया। उसने चाकू से गिरधारी के पेट और शरीर में कई जगह वार कर दिया। जिससे वह लहूलुहान होकर जमीन में गिर पड़ा। उसकी मौके पर ही मौत हो गई। घटना के बाद उसने लाश को अपने दोस्त की मदद से बोरे में भरकर तालाब में फेंक दिया। जिससे किसी को उस पर शक न हो।

भाजपा ने चुनाव के दौरान कांग्रेस के लिए काम करने वाले अफसरों की तैयार की लिस्ट

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ में विधानसभा चुनाव समाप्त हो चुके हैं। प्रदेश में सरकार गठन के बाद कई आइएएस और आइपीएस अफसरों पर गाज गिर सकती है। भाजपा ने इसे लेकर अफसरों की लिस्ट तैयार की है। बताया जा रहा है कि 30 से अधिक आइएएस और आइपीएस अफसरों के नाम इस लिस्ट में शामिल है। भाजपा अफसरों पर चुनाव के दौरान कांग्रेस के पक्ष में काम करने का आरोप लगातार लगाती रही है। भाजपा इन अफसरों पर कार्रवाई के लिए इस लिस्ट केंद्र सरकार को भेजेगी। इसी क्रम में चुनाव में मिली हार के बाद भाजपा के बीजापुर विधानसभा प्रत्याशी महेश गागड़ा ने कलेक्टर राजेंद्र कटारा पर कांग्रेस के लिए काम करने और पक्षपात का गंभीर आरोप लगाया है। चुनाव परिणाम के बाद महेश गागड़ा ने कहा कि कलेक्टर कटारा ने भारतीय प्रशासनिक सेवा की गरिमा को तार-तार करने हुए कांग्रेसी प्रत्याशी विक्रम मंडावी के पक्ष में काम किया है। उन्होंने कहा कि इसके ढेरों साक्ष्य उनके पास है, जिसमें वे पंचायत सचिव से लेकर अधीक्षकों की बैठक लेकर उन पर कांग्रेस के पक्ष में काम करने का दबाव डाल रहे थे। अधीनस्थ अफसर-कर्मियों पर ना सिर्फदबाव डाला गया था, बल्कि विधायक निवास से तैयार सूची के आधार पर पीठासीन अफसरों को बदलने में कलेक्टर ने सहयोग किया। बीजापुर पुलिस अधीक्षक के इशारे पर भाजपा कार्यकर्ताओं को सुरक्षा का हवाला देते भयादोहन का प्रयास भी किया गया। बता दें कि बीजापुर विधानसभा सीट से भाजपा उम्मीदवार महेश गागड़ा कांग्रेस प्रत्याशी विक्रम मंडावी से 2706 मत से चुनाव हार गए।

रोजगार कार्यालय में 11 को जॉब फेयर

■ 150 से अधिक पदों पर शिक्षित युवाओं को रोजगार का सुनहरा अवसर

रायपुर/नवप्रदेश। स्थानीय शिक्षित बेरोजगार युवाओं को रोजगार के अवसर उपलब्ध कराने के लिए 11 दिसम्बर को रोजगार कार्यालय, पुराना पुलिस मुख्यालय परिसर, में सुबह 11 बजे से दोपहर 2 बजे तक जॉब फेयर आयोजित होगा।

सुबह 11 बजे से शुरू होने वाले इस जॉब फेयर में 12वीं, स्नातक, स्नातकोत्तर, बी.सी.ए./एम.बी.ए., एम.सी.ए., बी.एस.सी./एम.एस.सी., बी.टेक., आई.टी.आई/ डिप्लोमा

(इलेक्ट्रिकल). उत्तीर्ण युवाओं की लगभग 150 पदों पर भर्ती होगी। रोजगार प्राप्त युवाओं को 8 हजार से 25 हजार रुपये तक मासिक वेतन मिल सकेगा। इस जॉब फेयर मे निजी क्षेत्र के नियोजक रिलायंस निप्पॉन लाइफ इंश्योरेंस कम्पनी, क्रेडिट एक्सेस ग्रामीण लिमिटेड, ब्लूचिप जॉब प्रा0लिमि0 रायपुर द्वारा 150 से अधिक पदों पर भर्ती की जाएगी। लाईफ प्लानिंग ऑफिसर के पद पर केवल विवाहित महिला अभ्यर्थी आवेदन कर सकती है। जॉब फेयर में सम्मिलित होने योग्य एवं इच्छुक आवेदक निर्धारित तिथि एवं स्थल पर अपने बॉयोडाटा/आधार कार्ड एवं शैक्षणिक, तकनीकी योग्यता के प्रमाण पत्रों की छायाप्रति के साथ उपस्थित होना सुनिश्चित करेंगे। अधिक जानकारी के लिए आवेदक जिला रोजगार कार्यालय रायपुर में संपर्क कर सकते है।

पुलिस ने की जुआरियों एवं सटोरियों के खिलाफ कार्रवाई

रायपुर/नवप्रदेश। राजेन्द्र नगर और गुढ़ियारी पुलिस की टीम ने जुआरियों एवं सटोरियों के खिलाफ कार्रवाई करते हुए 7 लोगों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के पास से ताशपत्ती, सट्टा पट्टी सहित नकदी 5950 रुपए जब्त किया है। मिली जानकारी के अनुसार राजेन्द्र नगर पुलिस ने अमलीडीह तालाब के पास जुआ खेलते आरोपी सावंत सिंह 30 वर्ष सहित अन्य 4 लोगों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने इन लोगों के पास से ताशपत्ती सहित नकदी 2500 रुपए जब्त किया है। इसी तरह गुढ़ियारी पुलिस ने कलिंग नगर पेट्रोल पंप के पास सट्टा खिलाते आरोपी मुकेश कुमार साहू 30 वर्ष एवं प्रीतम ढीढी 22 वर्ष को गिरफ्तार किया है।

रेलवे ने डॉ. अंबेडकर का महापरिनिर्वाण दिवस मनाया

रायपुर/नवप्रदेश। दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे, रायपुर मंडल द्वारा संविधान निर्माता, भारत रत्न डॉ. बाबा साहेब भीम राव अम्बेडकर का महापरिनिर्वाण दिवस मनाया गया। इस अवसर पर मंडल रेल प्रबंधक संजीव कुमार, अपर मंडल रेल प्रबंधक (इंफ्रा) आशीष मिश्रा, अपर मंडल रेल प्रबंधक (परिचालन) आर के साहू, अनुसूचित जाति एवं जनजाति अखिल भारतीय रेलवे कर्मचारी एशोसिएशन के डिविजनल प्रेसिडेन्ट भोली चौधरी, मंडल सचिव वाय के मिहुलिया, मंडल कार्मिक अधिकारी (प्रभारी) राहुल गर्ग सहित सभी विभागों के संबंधित अधिकारी एवं कर्मचारियों द्वारा भारत रत्न डॉ. भीम राव अम्बेडकर व भगवान बुद्ध के चित्रों पर श्रद्धांजलि स्वरूप श्रद्धा सुमन अर्पित किये गये।

निगम ने की सार्वजनिक स्थानों में अलाव जलाने की व्यवस्था

रायपुर/नवप्रदेश। नगर पालिक निगम रायपुर के आयुक्त मयंक चतुर्वेदी के निर्देशानुसार ठंड को देखते हुए नगर निगम के सभी जोनो के जोन कमिश्नरों को आमजनों को ठंड से राहत दिलवाने विभिन्न सार्वजनिक स्थलों में शीतलहर काल के दौरान व्यवस्थित रूप से अलाव प्रतिदिन नियमित जलाने के निर्देश दिये गये है। आयुक्त के निर्देशानुसार विभिन्न जोनों की टीमों ने राजधानी शहर रायपुर नगर निगम क्षेत्र के विभिन्न स्थानों पर ठंड को देखते हुए आमजनों की सुविधा हेतु अलाव जलाने की व्यवस्था दी है।

जोन 1 क्षेत्र के खमतराई,जोन 8 के गोगांव सहित विभिन्न सार्वजनिक स्थलों पर अलाव जलाने की व्यवस्था की गई।

निर्देशानुसार सभी जोनो के विभिन्न मुख्य सार्वजनिक स्थलों पर आमजनों की सुविधा हेतु ठंड को देखते हुए निरन्तर अलाव जलाने की व्यवस्था दी जा रही है।

कबाड़ी पर 20 हजार जुर्माना

रायपुर/नवप्रदेश। आज नगर पालिक निगम रायपुर के आयुक्त मयंक चतुर्वेदी के निर्देशानुसार जनपिकायत की वस्तुस्थिति की जानकारी लेने जोन 9 जोन कमिश्नर संतोष पाण्डेय ने जोन के तहत जोरा क्षेत्र में पंजाब केसरी भवन के सामने मार्ग का प्रत्यक्ष अवलोकन किया। कबाड़ी दुकानदार गफ्फार खान द्वारा सड़क बाधित करने से संबंधित प्राप्त जनपिकायत को पूरी तरह सही पाकर संबंधित को भविष्य के लिए कड़ी चेतावनी देते हुए सड़क पर रखे सामानो को जप्त करने सहित उन पर निगम जोन 9 द्वारा तत्काल 20000 रू. का जुर्माना करने की कडी कार्यवाही कर प्राप्त जनपिकायत का जोन से त्वरित निदान किया गया। इसी प्रकार आज निगम जोन 2 के जोन कमिश्नर डॉ. आर.के. डोंगरे के निर्देश पर जनपिकायत की वस्तुस्थिति की जानकारी लेकर आवष्यक कार्यवाही करने जोन सहायक स्वास्थ्य अधिकारी रवि लावनिया ने जोन क्षेत्र में बिलासपुर रोड डीआरएम ऑफिस के पास गंदगी फैलाने की षिकायत सही पाकर कबीर फ्रूट सेंटर, योगेष फ्रूट सेंटर, संत लाल फ्रूट सेंटर उक्त 3 दुकानों पर 1-1 कुल 3000 रू. का जुर्माना किया। जोन 8 के जोन कमिष्नर अरूण ध्रुव के निर्देष पर जोन सहायक स्वास्थ्य अधिकारी आत्मानंद साहू ने जोन के तहत महादेवघाट रोड चंगोराभाठा में जनषिकायत की वस्तुस्थिति की जानकारी लेने प्रत्यक्ष अवलोकन के दौरान गंदगी फैली थी।

एसआरयू द्वारा डेटा पत्रकारिता, सत्यापन, डिजिटल जांच और ऑनलाइन सत्यापन पर कार्यशाला संपन्न

कार्यशाला में नेटवर्किंग, जिम्मेदार सूचना साझाकरण को दिया गया बढ़ावा

रायपुर/नवप्रदेश। रावतपुरा सरकार विश्वविद्यालय के पत्रकारिता एवं जनसंचार विभाग ने डेटा पत्रकारिता, सत्यापन, डिजिटल जांच और ऑनलाइन सत्यापन पर कार्यशाला का आयोजन किया, जो मूल रूप से गलत सूचना और फर्जी खबरों पर केंद्रित थी 7 कार्यशाला में जीएनआई इंडिया ट्रेनिंग नेटवर्क के ट्रेनर श्री विचित्रानंद पांडा ने छात्रों के साथ महत्वपूर्ण पहलुओं को साझा किया। अपने विचार साझा करते हुए, विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर एस.के.सिंह ने कहा कि गलत सूचना और फर्जी खबरें सामाजिक नींव को कमजोर करती हैं, अविश्वास को बढ़ावा देती हैं और सार्वजनिक चर्चा को विकृत करती हैं। वे ध्रुवीकरण को बढ़ावा देती

हैं, संस्थानों में विश्वसनीयता कम करती हैं और लोकतांत्रिक प्रक्रियाओं को खतरे में डालती हैं। गलत जानकारी सार्वजनिक स्वास्थ्य को नुकसान पहुंचा सकती है, घबराहट पैदा कर सकती है और निर्णय लेने में समझौता कर सकती है। विश्वविद्यालय के रजिस्ट्रार डॉ. सौरभ कुमार शर्मा ने कहा कि फर्जी खबरों का हानिकारक प्रभाव तत्काल कार्रवाई की मांग करता है। यह विश्वास को खत्म करता है, तथ्यों को विकृत करता है और समाज को नुकसान पहुँचाता है। इसके प्रसार को रोकने, सूचना की अखंडता की रक्षा करने और एक स्वस्थ, सुविज्ञ सार्वजनिक चर्चा को बढ़ावा देने के लिए सामूहिक प्रयास जरूरी है। कार्यशाला के वक्ता श्री विचित्रानंद पांडा ने छात्रों के साथ बातचीत कर उन्हें डेटा पत्रकारिता, सत्यापन, डिजिटल जांच और ऑनलाइन सत्यापन के बारे में विस्तार से बताया, जो अत्यधिक प्रभावशाली साबित हुआ। छात्रों ने डेटा विश्लेषण, तथ्य-जांच और नैतिक डिजिटल जांच में व्यावहारिक पहलुओं और महत्वपूर्ण तथ्यों को प्राप्त किया। कार्यशाला में नेटवर्किंग, जिम्मेदार सूचना साझाकरण को बढ़ावा दिया गया। प्रतिभागी बढ़ी हुई मीडिया साक्षरता से सशक्त हुए और अधिक सूचित डिजिटल परिदृश्य में योगदान देने के लिए तैयार हैं। सहायक प्रोफेसर डॉ. संतोष कुमार ने भी बताया कि दुष्प्रचार समाज के लिए गंभीर खतरा पैदा करता है, विश्वास को खत्म करता है और कलह का बीजारोपण करता है।

संपादकीय

भारत के दुश्मनों की हत्याओं से आतंकियों में हड़कंप

भारत के दुश्मनों की जिस तरह पाकिस्तान, कनाडा, ब्रिटेन और अमेरिका में हत्याएं हो रही हैं। उससे आतंकवादियों में हड़कंप मच गया है। हालांकि ये सभी हत्याएं गैंगवार का नतीजा हो सकती है लेकिन आतंकी संगठनों को यह आशंका है कि ये हत्याएं भारत सरकार करा रही है। कनाडा में एक खालिस्तानी आतंकवादी की हत्या के बाद तो कनाडा के प्रधानमंत्री ने इसके पीछे भारत का हाथ बता दिया था। उन्होंनें कनाडा की संसद में बयान दिया था कि इस हत्याकांड के पीछे भारत का हाथ था। उनके इस बयान के बाद भारत ने कनाडा को करारा जवाब दिया था और दोनों देशों के बीच तल्खी इस कदर बढ़ गई थी कि कनाड़ा से भारतीय राजनयिकों को हटाए जाने पर भारत ने भी कनाड़ा के राजनयिकों को देश छोड़ने का आदेश दे दिया था। दरअसल पाकिस्तान और कनाडा भारत के दुश्मनों के लिए लंबे समय से सुरक्षित पनाहगाह बने हुए हैं। इंग्लैंड और अमेरिका में भी भारत के कुछ दुश्मनों ने पनाह ले रखी है अब इनकी अज्ञात लोग हत्या कर रहे हैं। खासतौर पर पड़ोसी देश पाकिस्तान में तो पिछले कुछ माह के दौरान आधा दर्जन से ज्यादा आतंकवादियों को मौत के घाट उतारा जा चुका है। पिछले कुछ दिनों में ही तीन आतंकियों की हत्या हो गई। कराची में लश्कर-ए-तैयबा का सिर्फ कमांडर अदनान अहमद मारा गया है। वह पिछले कुछ वर्षो से कश्मीर घाटी में भारतीय सुरक्षाबलों पर हमले का मुख्य साजिश करता था। उसे पाकिस्तान की खुफिया एजेंसी आईएसआई ने कड़ी सुरक्षा प्रदान की थी। इसके बाद भी उसकी हत्या हो गई। अब पाकिस्तान में भारत के दुश्मन आतंकवादी लगातार अपना ठिकाना बदलने पर मजबूर हो गए हैं उन्हें यह डर सता रहा है कि कहीं उनकी भी हत्या न हो जाए। यह गनीमत है कि अभी तक पाकिस्तान ने उसके देश में हो रही आतंकवादियों की हत्या के लिए भारत को जिम्मेदार नहीं ठहराया है लेकिन पाकिस्तान की जैसी फितरत है।उसे देखते हुए देर सबेर पाकिस्तान इन हत्याओं के पीछे भारत का हाथ बताएगा और इस मुद्दे को लेकर विश्व मंचों पर भारत के खिलाफ जहर उगलेगा जबकि हकीकत यह है कि पाकिस्तान ने जिन आतंकवादी संगठनों को पाल पोसकर बड़ा किया है। अब वे पाकिस्तान के लिए ही भस्मासूर बन रहें हैं । पाकिस्तान की अर्थव्यवस्था पूरी तरह चौपट हो चुकी है। नतीजतन आतंकवादी संगठनों को सरकार से मिलने वाली खैरात कम हो गई है या फिर बंद हो गई है। यही वजह है कि आतंकवादी संगठनों में वर्चस्व की लड़ाई छिड़ गई है और गैंगवार के चलते एक के बाद एक आतंकवादी मारे जा रहें हैं। इसके पीछे भारत का हाथ होने का सवाल ही पैदा नहीं होता क्योंकि भारत जो भी कार्यवाही करता है। वह डंके की चोट पर करता है पाक अधिकृत कश्मीर में पाकिस्तान के आतंकवादी प्रशिक्षण शिविरों को नेस्तनाबूद करने के लिए भारत ने पहले सर्जिकल स्ट्राइक की थी और फिर एयर स्ट्राइक की थी। पाकिस्तान प्रशिक्षित आतंकवादी कश्मीर घाटी में घुसपैठ कर चुके हैं। उनके खिलाफ भारतीय सेना और सुरक्षाबल ऑपरेशन ऑल आउट अभियान चला रहें हैं । जिसके चलते चुन चुन कर आतंकवादियों को जहन्नुम रसीद किया जा रहा है। और कश्मीर घाटी में शांति की बहाली हो रही है। बहरहाल पाकिस्तान हो या कनाड़ा वहां पनाह के लिए आतंकवादियों की जैसी शामत आई है। उससे उनमें खौफ पैदा हो गया है। उनका यह डर अच्छा है भारत के दुश्मन आतंकवादियों का गैंगवार के चलते सफाया होना अच्छा है सही बात तो यह है कि पाकिस्तान और कनाड़ा जिन्होंने भारत में आतंकवाद की आग को हवा देने की साजिश रची थी। अब वे अपनी लगाई आग में खुद झुलसने जा रहें हैं। बबूल का पेड़ लगाने वालों को आम लगने की उम्मीद नहीं करनी चाहिए।

कहीं कोहरा,कहीं उष्णता, कहीं बाढ़, बिगड़ता प्राकृतिक संतुलन

संजीव ठाकुर

भारत जैसे विकासशील देश में ही जहां गरीबी ने अपना परचम फैला रखा है। शहरों में पेट्रोल ,डीजल, केरोसिन से चलने वाली गाड़ियों और वातानुकूलित यंत्रों याने ए,सी की संख्या में बेतहाशा वृद्धि होने से वातावरण में उष्णता बढ़ते जा रही हैद्य इसके अलावा वनों का विनाश एक भयानक समस्या के रूप में देश में फैलता जा रहा हैद्य अंधाधुंध फैक्ट्रियों एवं मशीनों के उपकरणों से निकलने वाले धुंए से वातावरण विषैला बनाकर मनुष्य और जीव जंतुओं का जीना दूभर कर दिया है। वनों की कटाई के साथ-साथ कंक्रीट के जंगल धीरे-धीरे गांव की तरफ बढ़ने लगे हैं, ऐसे में शुद्ध वायु और और तापमान में आश्चर्यजनक बदलाव जिसके परिणाम स्वरूप वर्षा ऋतु के परिवर्तन एवं बारिश में न्यूनता आने से धरती के तापमान में बेतहाशा वृद्धि हुई है। इसी के चलते देश के कई शहरों में तापमान 48 से 50 सेल्सियस होने के कारण पशु पक्षी एवं मनुष्य की हीट स्ट्रोक से मृत्यु हुई हो जाती है। पानी की कमी तथा शरीर में डिहाइड्रेशन से लोगों की तथा वन्य पशुओं की लगातार मृत्यु हो रही है।

ग्लोबल वार्मिंग का खतरा वैज्ञानिकों के अनुसार पूरे विश्व में बहुत बढ़ गया है और ऐतिहासिक तौर पर पिछले दो से तीन सौ वर्षों की तुलना की जाए तो बीते कुछ वर्षों में धरती का तापमान आश्चर्यजनक रूप से तीव्र गति से बढ़ गया है। वैज्ञानिकों के अनुसार पृथ्वी के पास ग्लोबल वार्मिंग से बचने के लिए कुल मिलाकर 10 से 15 वर्ष ही शेष है। वैज्ञानिकों की यह बातें और रहस्योद्घाटन मानवता को डराने वाला जरूर है पर अंतरराष्ट्रीय स्तर पर इसके उपायों की जो घोर अनदेखी की जा रही है वह अत्यंत चिंतनीय है। मानवता के लिए अत्यंत खतरनाक भी है। ग्लोबल वार्मिंग न सिर्फ मनुष्य के लिए खतरा है बल्कि जीव-जंतुओं समुद्र मैं पाए जाने वाले जीवो के लिए भी यह अत्यंत विषैला तथा खतरनाक हो सकता है। अंतरराष्ट्रीय स्तर पर वैज्ञानिकों के शोध के अनुसार जीवाश्म ईंधन के दशक ने एवं जलने से ग्लोबल वार्मिंग का तापमान तेजी से बढ़ा है एवं पूरी पृथ्वी जीवाश्म ईंधन के जलने से तेजी से धड़क रही है। वैज्ञानिकों की चेतावनी तथा दिए गए प्रमाण के बाद भी अनेक देश जो कार्बन उत्सर्जन के बड़े जिम्मेदार हैं, जीवाश्म ईंधन की इस्तेमाल को कम करने या खत्म करने का नाम ही नहीं ले रहे हैं। जीवाश्म ईंधन की खपत खत्म होने की बात तो दूर है कम करने का नाम ही नहीं ले रहे हैं, और तो और इसके आसार भी निकट भविष्य में दिखाई नहीं दे रहे हैं। भारत को छोड़कर अन्य यूरोपीय देशों जिसमें अमेरिका ब्रिटेन के अलावा 32 देशों ने जो कार्बन उत्सर्जन एवं जीवाश्म ईंधन के उपयोग के लिए सर्वाधिक जिम्मेदार हैं, सम्मेलन कर इस पर चिंता जरूर जताई है पर इसमें स्पष्ट तौर पर अमेरिका, ब्रिटेन ,जापान चीन ,रूस की दादागिरी दिखाई देती है,यह छोटे गरीब देशों पर सारी जिम्मेदारी लादने का काम कर रहे हैं ।विश्व के कुल देशों में से लगभग 50 देश ऐसे हैं जो जीवाश्म ईंधन का उपयोग कर पृथ्वी को धधकाने के कार्य का 60त्न तक हिस्सेदारी रखते हैं। लेकिन इन देशों को ग्लोबल वार्मिंग की चिंता की बजाए विकासशील देश एवं गरीब देशों पर पर्यावरण सुरक्षा के नाम पर ग्लोबल वार्मिंग के नाम पर दोषारोपण कर के अपनी इतिश्री कर लेते हैं। ग्लोबल वार्मिंग तथा पर्यावरण चिंतन जितने भी सम्मेलन हुए हैं इसमें बड़े देशों की नीति एवं दादागिरी स्पष्ट रूप से दिखाई देती है। चीन जो सबसे बड़ा कार्बन का उत्सर्जक देश है उसने पर्यावरण पर हुए सम्मेलनों में हिस्सेदारी तो दूर उसकी तरफध्यान देना भी उचित नहीं समझा। इंटरनेशनल पॉल्यूशन कंट्रोल कमिटी ने चेतावनी दी है कि धरती के तापमान की वृद्धि को डेढ़ डिग्री तक रोकने के लिए कार्बन उत्सर्जन में 43त्न से 50त्न तक कटौती करनी होगी। 2010 से लेकर 2021 तक दुनिया का औसत वार्षिक ग्रीन हाउस गैस उत्सर्जन मानव इतिहास में सबसे उच्चतम स्तर पर पहुंच गया है जो सर्वाधिक खतरे के निशान से भी ऊपर है। फ्लस्वरूप जलवायु परिवर्तन के वजह से होने वाली ग्लोबल वार्मिंग को रोकने के लिए हमें अपने उत्सर्जन को लगभग शून्य पर लाना होगा, और इस कार्य के लिए पूरी दुनिया को ऊर्जा क्षेत्र में बड़े और कार्यकारी बदलाव लाने होंगे, इसके अलावा जीवाश्म ईंधन के उपभोग में भारी कमी भी लानी पड़ेगी। विगत 3 वर्षों में अक्षय ऊर्जा स्रोतों में जैसे सौर एवं पवन ऊर्जा साथी स्टोरेज बैटरी की लागत में आश्चर्यजनक गिरावट आई है जो लगभग गैस तथा कोयले की कीमत के बराबर हो गए हैं। कार्बन उत्सर्जन अभी 54त्न अधिक है। वास्तविक रूप से देखा जाए तो दुनिया के सब अमीर देश अकेले विश्व के कुल गैस उत्सर्जन के लिए बड़े जिम्मेदार पाए गए हैं। वैज्ञानिकों ने कहा है कि अगले आठ दस सालों में अपने गैस उत्सर्जन में कटौती को आधा यानी 50त्न से कम नहीं करती है तो वर्ष 2050 तक उसे शून्य स्तर पर लाना होगा।

सनातन को गाली देने की क्षुद्र राजनीति

आशीष वशिष्ठ

जहां तक ईवीएम का प्रश्न है, तो उससे जुड़े विवाद सर्वोच्च अदालत तक जा चुके हैं। चुनाव आयोग ने भी सर्वदलीय निमंत्रण दिया था और मशीन में गड़बड़ी निकालने की चुनौती दी थी। उसे विपक्ष ने स्वीकार क्यों नहीं किया? अब भी संशय में डूबा विपक्ष या उनका कोई भी प्रतिनिधि उचित मंच में ईवीएम को चुनौती दे सकता है। सवाल है कि क्या ऐसी विभाजक राजनीति और सनातन को गाली देकर विपक्ष 2024 का आम चुनाव जीता सकता है? क्या सनातन को गाली देना और विभाजनकारी मानसिकता ही विपक्ष का नया राजनीतिक एजेंडा है? क्या देश में गौ, गंगा, गायत्री, गीता का अपमान बर्दाश्त किया जा सकता है? लोकतंत्र में जनादेश ही अंतिम निर्णय है। वह जनता का निर्णायक रुख है। इंडिया गठबंधन और खासकर कांग्रेस को विधानसभा चुनाव में मिली हार के कारणों पर विचार करना चाहिए। और जो जनादेश देश की जनता ने सुनाया है, उसे विनम्रतापूर्वक स्वीकार करना चाहिए।

पांच राज्यों के विधानसभा चुनाव नतीजे घोषित हो चुके हैं। हिंदी पट्टी के तीन राज्यों मध्य प्रदेश, राजस्थान और छत्तीसगढ़ में अपनी हार से बौखलाई कांग्रेस और इंडिया गठबंधन फिर से एक बार क्षुद्र राजनीति पर उतर आया है। रस्मी तौर पर हर बार की तरह इस बार भी विपक्ष ने अपनी हार, नाकामियों और कमियों का ठिकरा ईवीएम के सिर फोड़ा है। लेकिन इस बार विरोध सिर्फ यहीं तक सीमित नहीं है, बल्कि द्रमुक सांसद सेंथिल कुमार ने लोकसभा में बयान देकर जनादेश को 'उत्तर बनाम दक्षिण' करने की मंशा जाहिर की है। उन्होंने कहा कि भाजपा हिंदी पट्टी के 'गौमूत्र' वाले राज्यों में ही चुनाव जीतती है। यह भी कोई नई बात नहीं है कि डीएमके के किसी नेता ने इस तरह का बयान कोई पहली बार दिया है, इससे पहले भी उसके नेता विभाजनकारी बयान देते रहे हैं। डीएमके सांसद का यह विवादित बयान कोई अनायास नहीं आया है, यह सोची समझी रणनीति का हिस्सा है। द्रमुक के नेताओं ने ही 'सनातन' के समूल नाश की बात कही थी और उसकी तुलना एड्स और कोढ़ जैसी बीमारियों से की थी। क्या ऐसी गालियां देना राजनीति के लिए जरूरी है? चाहे हिंदी भाषा की बात हो, सनातन संस्कृति की बात हो या फिर उत्तर-दक्षिण विवाद की बात हो, वे इसे लेकर विवादित बयान देते रहे हैं। द्रमुक विपक्षी गठबंधन 'इंडिया' का ही घटक-दल है। विरोध के बाद सांसद को माफी मांगनी पड़ी, लेकिन ऐसा भाजपा-विरोध देश की 'विविधता में एकता' संस्कृति का अपमान और उल्लंघन है। हालांकि इस कथन को लोकसभा की कार्यवाही के रिकॉर्ड से बाहर कर दिया गया है, लेकिन यह अपमान कौन सहेगा?

इसमें कोई दो राय नहीं है कि राजस्थान, छत्तीसगढ़ और मध्य प्रदेश में कांग्रेस की करारी हार के पीछे सनातन का विरोध, सनातन के विरोध पर चुप्पी और मुस्लिम तुष्टिकरण बड़ी वजह है। एक तरफ जहां इस हार लेकर कांग्रेस में रोना-धोना मचा है, वहीं नैरेटिव का खेल भी जारी है। यानि कांग्रेस हार से सबक लेने के लिए तैयार नहीं है। कांग्रेस के ही नेता आचार्य प्रमोद कृष्णम ने पार्टी को आईना दिखाते हुए कहा कि सनातन का श्राप कांग्रेस को ले डूबा। पांच राज्यों के विधानसभा चुनाव में कांग्रेस को मिली हार के बाद लेफ्ट लिबरल गैंग और कांग्रेस समर्थक पत्रकारों-विश्लेषकों ने तरह-तरह के कुतर्क रचने शुरू कर दिए हैं। इंडिया टुडे के पत्रकार शिव अरूर ने कांग्रेस समर्थक पत्रकारों-विश्लेषकों की परतें उघार कर रख दी है। इसी वीडियो को शेयर करते हुए पीएम मोदी ने कांग्रेस पर तंज कसते हुए लिखा, 'वे अपने अहंकार, झूठ, निराशावाद और अज्ञानता से खुश रहें। लेकिन उनके विभाजनकारी एजेंडे से सावधान रहें। 70 साल पुरानी आदत इतनी आसानी से नहीं जा सकती।' पीएम मोदी ने कटाक्ष करते हुए कहा कि 'ऐसे लोगों की बुद्धिमत्ता है कि उन्हें आगे कई और मेल्टडाउन्स के लिए तैयार रहना होगा।' दरअसल कांग्रेस ने 70 सालों से यही अपना चाल,चेहरा और चरित्र बना लिया है। वह इस बात को समझ ही नहीं पाई सनातन संस्कृति के दम पर भारत हमेशा से धर्म परायण देश रहा है और यहां जातिवाद कभी नहीं रहा। कांग्रेस के तुष्टिकरण की पराकाष्ठा देखिए कि उदयपुर में कांग्रेस के प्रत्याशी गौरव वल्लभ ने कब्रिस्तान के लिए 5 बीघा जमीन मुफ्त देने की घोषणा ही कर डाली। उदयपुर वहीं जिला है, जहां दर्जी कन्हैयालाल की निर्मम हत्या हुई और ये मामले पूरे देश में सुर्खियां में रहा था। गहलोत सरकार इस पूरे मामले को लेकर सवालों के घेरे में रहीं। सनातन के विरोध और कन्हैयालाल के अपराधियों पर सख्त कार्रवाई न करने के चलते उदयपुर विधानसभा सीट से कांग्रेस को बुरी हार का सामना करना पड़ा। बीजेपी के ताराचंद जैन ने यहां जीत का परचम लहराया।

सनातन को गाली और मुस्लिम तुष्टिकरण और जिहाद को बढ़ावा देना कांग्रेस को किस तरह भारी पड़ा है उसे छत्तीसगढ़ एक उदाहरण से समझा जा सकता है। छत्तीसगढ के 24 वर्षीय युवा भुवनेश्वर साहू को बेमेतरा के बिरनपुर में जिहादियों की भीड़ ने मार दिया था और उसके परिवार को कांग्रेस सरकार में न्याय नहीं मिला। उनके पिता ईश्वर साहू नितांत गरीब थे, उनको भाजपा ने 'साजा' सीट से टिकट दिया। भुवनेश्वर के पिता ईश्वर साहू ने 19600 मतों से 40 साल से कांग्रेस से विधायक मंत्री रविन्द्र चौबे को हरा दिया। रविन्द्र चौबे छत्तीसगढ़ में बघेल सरकार में कृषि मंत्री थे और सात बार विधायक रह चुके हैं। वोटबैंक के डर से और मुस्लिम तुष्टिकरण में कांग्रेस ने अपराधियों पर कार्रवाई नहीं की। ऐसे नतीजे कांग्रेस को हर बार बताते आएंगे कि आखिर क्यों जनता का समर्थन उसे नहीं मिलता। इंडिया गठबंधन के घटक दल समाजवादी पार्टी के नेता स्वामी प्रसाद मौर्य ने कई बार तुलसीदास और रामचरितमानस के लिए विवादित शब्दावली का इस्तेमाल किया है। उन्होंने यहां तक कहा है कि हिन्दू नाम का कोई धर्म ही नहीं है, ये ब्राह्मण धर्म है। उन्होंने हिन्दू धर्म को धोखा बता दिया। इसी तरह, बिहार के शिक्षा मंत्री चंद्रशेखर यादव ने विश्वविद्यालय के दीक्षांत समारोह में छात्रों के मन में रामचरितमानस को लेकर ज़हर भरा। स्वामी प्रसाद मौर्य और चंद्रशेखर यादव के अलावा उदयनिधि स्टालिन, ए. राजा, प्रियांक खडगे आदि सनातन को भला-बुरा कहने और कोसने वालों की लंबी कतार है। इसमें कोई दो राय नहीं है कि सनातन धर्म दुनिया का सबसे पुराना धर्म है। सनातन धर्म पर अनर्गल बयानबाजी और टिप्पणियां न सिर्फ सनातन धर्म के खिलाफ है, बल्कि भारत के खिलाफ भी है। सनातन के अपमान से करोड़ों देशवासियों की भावनाएं आहत होती हैं। वास्तव में बात बस इतनी सी है कि सनातन धर्म को लेकर जो-जो बातें कही गईं, इस्लाम या ईसाई के लिए मुंह तक खोल देने पर ईशनिंदा का आरोप लग जाता है।

मुंबई में 26/11 आतंकी हमले की साजिश कांग्रेस ने हिंदू आतंकवाद का नैरेटिव सेट करने के लिए रची थी। कांग्रेस, अर्बन नक्सल, दिग्विजय सिंह, महेश भट्ट ने यह साबित करने की पूरी कोशिश की थी कि मुंबई आतंकी हमला हिंदू आतंकवाद के कारण हुआ। पाकिस्तानी आतंकवादी अजमल कसाब हाथ में कलावा और आई कार्ड समीर चौधरी का लेकर भारत में घुसा था। अगर वह जिंदा पकड़ा नहीं जाता तो कांग्रेस हिंदू आतंकवाद को साबित करने में सफल हो जाती। यही नहीं एक कांग्रेस समर्थक पत्रकार अजीज़ बर्नी ने एक किताब प्रकाशित कीरू 26/11, आरएसएस की साजिश। इस किताब का लोकार्पण कांग्रेस नेता दिग्विजय सिंह और बॉलीवुड डायरेक्टर महेश भट्ट ने किया था।

आज का इतिहास

नई दिल्ली(वार्ता)। 1625 हॉलैंड और इंग्लैंड के बीच सैन्य संधि पर हस्ताक्षर हुए। 1712 गाडेबस्क की लड़ाई: स्वीडन ने डेनमार्क और सक्सनी को हराया। 1714 तुर्क-विनीशियन युद्ध (1714-1718): तुर्क साम्राज्य ने वेनिस गणराज्य पर युद्ध की घोषणा की। 1738 यहूदियों को ब्रेसलौ सिलेसिया से निष्कासित किया गया। 1742 स्वीडन के प्रसिद्ध रसायनशास्त्री व आधुनिक रसायनशास्त्र के संस्थापकों में से एक कार्ल विलहेल्म शील का स्टॉकहोम में जन्म हुआ। 1747 ग्रेट ब्रिटेन और नीदरलैंड ने सैन्य संधि पर हस्ताक्षर किया। 1758 भारत में मदरास का तेरह महीनों तक चलने वाला युद्ध आरंभ हुआ। भारत में ब्रिटेन व फ्रांस के बीच होने वाला ये सबसे खतरनाक युद्ध था। 1762 ब्रिटिश संसद ने पेरिस संधि को स्वीकार किया। 1775 अमेरिकी क्रांतिकारी युद्ध-ग्रेट ब्रिज की लड़ाई में अपने नुकसान के बाद, ब्रिटिश अधिकारियों को वर्जीनिया की कॉलोनी से निकालने के लिए मजबूर किया गया था। 1793 न्यूयॉर्क शहर का पहला दैनिक समाचार पत्र, अमेरिकन मिनर्वा, नूह वेबस्टर द्वारा स्थापित किया गया।

QUIZ TIME

1) विश्व का कौन-सा मंदिर इटली के पोम्पेई को पछाड़कर दुनिया का आठवां अजूबा बन गया है?

2) मुख्यत: गरीबी उन्मूलन हेतु किस प्रधानमंत्री ने मूल रूप से बीस सूत्री कार्यक्रम प्रारम्भ किया?

3) किस वायसराय के शासनकाल में दिल्ली दरबार में महारानी विक्टोरिया को कैसर-ए-हिन्द की उपाधि से सम्मानित किया गया?

4) भारतीय संविधान सभा के प्रथम दिन के अधिवेशन की अध्यक्षता किसने की थी?

5) किसे हाल ही में दक्षिण अफ्रीका की महिला क्रिकेट टीम के तीनों फॉर्मेट का कप्तान बनाया गया है?

Ramaquiz

उत्तरमाला- (1) कंबोडिया (2) इंदिरा गांधी (3) लॉर्ड लिटन (4) डॉ. सच्चिदानंद सिन्हा (5) लॉरा वोल्वार्ट

आज का पंचांग

सूर्योदय : 07:08, सूर्यास्त : 05:29, चन्द्रोदय : 03:15, चन्द्रास्त : 14:12, **अयन : दक्षिणायणे (दक्षिणगोलीय),** ऋतु : हेमन्त, शक सम्वत : 1945 (शोभकृत), विक्रम सम्वत : 2080 (पिंगल), मास : मार्गशीर्ष, पक्ष : कृष्ण, तिथि : द्वादशी, नक्षत्र : चित्रा, योग : शोभन, प्रथम करण : बव (17:53 तक), द्वितीय करण : बालव (30:31 तक)

॥ गोचर ग्रहा: ॥

सूर्य : वृश्चिक, चंद्र : तुला (21:53 से),मंगल : वृश्चिक (अस्त, पश्चिम, मार्गी), बुध : धनु (अस्त, पूर्व, वक्री), गुरु : मेष (उदित, पश्चिम, वक्री), शुक्र : तुला (उदित, पश्चिम, मार्गी), शनि : कुम्भ (उदित, पूर्व, मार्गी), राहु : मीन, केतु : कन्या

शुभाशुभ मुहूर्त विचार

अभिजित मुहूर्त : 11:48 से 12:29, अमृत काल : 27:50 से 29:33, विजय मुहूर्त : 13:51 से 14:32, गोधूलि मुहूर्त : 17:14 से 17:42, सायाह्न सन्ध्या : 17:17 से 18:39, निशिता मुहूर्त : 23:41 से 24:36, राहुकाल : 09:00 से 10:30, राहुवास : दक्षिण-पूर्व, यमगण्ड : 14:43 से 16:00, दुर्मुहूर्त : 09:04 से 09:45, होमाहुति : राहु, दिशाशूल : पश्चिम, अग्निवास : आकाश, चन्द्रवास : दक्षिण ।

आज का राशिफल

ज्योतिषाचार्य वास्तुविशेषज्ञ डॉक्टर देवव्रत गुरुजी

मेष: आज के दिन आप धन लाभ के साथ ही घरेलू सुख के साधनों में भी वृद्धि कर सकेंगे। भोजन अथवा अन्य खाद्य सामग्री पर खर्च भी करना होगा।
वृष: आज के दिन विवेकी व्यवहार अपनाएंगे जिससे व्यर्थ के झगड़ो से बचे रहेंगे।
मिथुन: आज के दिन आप व्यर्थ की बयानबाजी से बचें स्वभाव में भी राशि अनुसार अहम कुछ अधिक ही रहेगा गलती करके भी उद्दंडता दिखाना आज भारी पड़ सकता है।
कर्क: आज आपकी दिनचर्या आडम्बर युक्त अधिक रहेगी। लेकिन आज किसी भी बात को बढ़ा चढ़ा कर पेश करना आपको ही मुश्किल में डालेगा।
सिंह: आपका आज का दिन भी कुछ विशेष नही रहेगा कल की ही भांति आज भी कारोबार अथवा अन्य धन संबंधित कार्य बाधा आने से अटके रहेंगे।
कन्या: आज का दिन आपके लिए लाभदायी रहेगा लेकिन मन की चंचलता बने बनाये लाभ पर पानी भी फेर सकती है।
तुला: आज का दिन भी आपको प्रतिकूल फल देने वाला है। आज भला करने पर भी बुराई ही मिलेगी गृहस्थ में भी वैर-विरोध अधिक रहने से मानसिक रूप से हताश रहेंगे।
वृश्चिक: आज का दिन भी आपके लिए शुभ बना रहेगा कुछ मामूली उलझनों को छोड़ दैनिक कार्य सामान्य गति से चलते रहेंगे।
धनु: आज का दिन आपके अनुकूल रहेगा लेकिन आज आपके बनते कार्यो में कोई ना कोई टांग अवश्य अड़ाएगा
मकर: आज के दिन आपकी रुचि धर्म-कर्म में अधिक रहेगी फिर भी कोई ना कोई व्यवधान आने से इसके लिए समय कम ही निकाल पाएंगे।
कुंभ: आज के दिन आप किसी कार्य को लेकर कुछ ज्यादा ही मानसिक बोझ लेंगे जिससे सेहत पर बुरा प्रभाव पड़ेगा।
मीन: आज की परिस्थिति भी आपके लिए अनुकूल बनी रहेगी आज आलस्य ना करें समय का लाभ उठाएं धन लाभ के अच्छे अवसर मिलेंगे।

वर्ग पहेली

शब्द सामर्थ्य -266

(भागवत साहू)

बाएं से दाएं
1. व्यर्थ, अकारण, बेवजह (उर्दू) 4. साथ में, सहित 5. वर्षा, बारिश, बरखा 8. कथा, किस्सा 9. चिढ़चिड़ा, बदमिजाज 11. प्रलय, आफत, हलचल 12. लाश ढकने का कपड़ा 13. पिता, क्लर्क, सम्मानित व्यक्ति 14. वायु, पवन 16. निवास करना, उपस्थित होना, ठहरना 18. जिसे लात खाने की आदत हो गई हो 19. सेवक, दास, चाकर 21. भ्राता 22. मेघ, जलद, नीरद।

ऊपर से नीचे
1. विशेष, विशिष्ट 2. सुगंध, खुशबू 3. आदमी, मनुष्य, मानव 5. अपेक्षाकृत, अपेक्षया 6. कष्ट, दर्द, दिक्कत 7. पठन, पढ़ने का काम, शिक्षा 10. किस्मत, नसीब, भाग्यवान 12. एक पक्षी जो पुराने समय में संदेश वाहक का काम करता था 13. बाल, बच्चा, लड़का, छोकरा 17. वायु संबंधी, हवा में रहने, उड़ने या होने वाला, बिलकुल काल्पनिक और निर्मूल 19. नाव, कश्ती 20. वर्ष, बरस, एक इमारती वृक्ष।

1	2		■	■	3	■	■	■
4		■	5			6	■	7
■	8			■	9			
10	■	■		■	■		■	
11				■	12			■
	■		■	13		■	14	
16	17		■	18				■
■		■	19		■	■	■	20
21		■		■	■	22		

शब्द सामर्थ्य क्रमांक 265 का हल

पं	क्ति	■	स्वा	द	■	स	ब	ब
जा	■	सु	हा	ना	■	■	ली	द
ब	हु	धा	■	द	ल	ना	■	ल
■	■	क	मा	न	■	ग	ह	ना
भं	व	र	■	■	■	वा	म	■
गी	त	■	म	ज	बू	र	■	ट
■	न	म	स्का	र	■	■	■	र
■	■	र्या	■	■	बी	■	ना	का
सं	वि	दा	■	ब	स	च	ल	ना

न्यूज गैलरी

निगम ने हटाया अतिक्रमण

भिलाई चरौदा। जिला प्रशासन एवं निगम कमिश्नर अजय त्रिपाठी के निर्देशानुसार भिलाई.चरौदा निगम दल द्वारा क्षेत्र में विगत दो दिनों से अवैध चखना सेंटर के विरूद्ध कार्यवाही की जा रही है। इस विषय पर बता दे कि निगम के कार्यपालन अभियंता सहित समस्त उप अभियंता एवं निगम की टीम द्वारा जेसीबी और डंपर वाहन की मदद से दादर रोड चरौदाए उमदा रोड भिलाई.03 एवं काली मंदिर रोड चरौदा पर बास बल्ली और तंबू लगाकर अतिक्रमण करने वालो पर कार्यवाही की गयी है। गौरतलब है कि शराब दुकानों के समीप तंबू लगाकर सामग्री विक्रय करने वाली दुकानों जो अवैध रूप से चलाई जा रही थी की संख्या में निरंतर बढोतरी होने कारण निगम द्वारा यह कार्यवाही की गयी है। इस दौरान सहायक अभियंता देवेन्द्र पाण्डेय, सहायक अभियंता प्रशांत शुक्ला, उप अभियंता मुकेश रात्रे, उपअभियंता विक्टर वर्मा, सहायक राजस्व निरीक्षक लिंगेश्वर राव, सहायक राजस्व निरीक्षक लाला राम साहू मौजूद रहे।

आम जनता को आवागमन में राहत

दुर्ग। निगम सीमा क्षेत्र अंतर्गत अवैध कब्जा को हटाने अभियान चलाया जा रहा है। कलेक्टर पुष्पेंद्र मीणा के द्वारा नगरीय निकाय के अधिकारियो की बैठक लेकर अवैध कब्जा के खिलाफ कार्रवाही के निर्देश दिये गये है। डाटा सेंटर के पास बने चबूतरे को तोड़फोड़ कर ध्वस्त किया गया।कार्रवाही के दौरान सड़क किनारे पड़े कबाड़ ठेलाएसाइन बोर्डएपोस्टर एवं अन्य सामग्री को जब्त किया गया। नगर निगम प्रशासन का दावा है कि यह कार्रवाई लगातार चलेगी तथा मानिटरिंग के साथ साथ मुनादी के माध्यम से कब्जाधारियों को सूचित किया जा रहा है कि वे अपना कब्जा हटा लें।डाटा सेंटर से लेकर पटेल चौक से होकर तहसील कार्यलय क्षेत्र, पुराना कोतवाली थाना के पीछे अवैध रूप से लगाई गई 32 से अधिक कब्जा को निगम ने हटाने की कार्रवाई की। अमला ने पुलिस की मौजूदगी मे यह अभियान चलाया।

टैक्स जमा करने दो दिवसीय शिविर

भिलाईनगर। निगम क्षेत्र के आवासीय, व्यवसायिक एवं अन्य भवनों का संपत्तिकर, यूजर चार्ज, जल कर, भू.भाटक, दुकान किराया का टेक्स जमा करने निगम के चार जोन क्षेत्र मे शिविर का आयोजन किया जा रहा है। आयुक्त रोहित व्यास के निर्देश पर निगम के राजस्व वसूली हेतु ठेका प्राप्त एजेंसी श्री पब्लिकेशन एण्ड स्टेशनर्स प्राईवेट लिमिटेड द्वारा 9 एवं 10 दिसम्बर को जोन 1 नेहरूनगर के जोन कार्यालय, वार्ड 2 में चौहान टाऊन में वार्ड 69 एवं 70 हुडको श्रीराम चौक, जोन 2 वैशालीनगर के जोन कार्यालय एवं वार्ड 24 में आम्रपाली, जोन 3 मदरटेरेसा नगर के जोन कार्यालय शिविर लगाया जा रहा है।

जब अहंकार आता है तो सबसे पहले खुशी खत्म हो जाती है : करुणा दीदी

नव प्रदेश संवाददाता

दुर्ग। प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय के बघेरा स्थित आनंद सरोवर में सर्व ब्रह्माकुमार ब्रह्माकुमारी भाई बहनों के आध्यात्मिक उन्नति के लिए एक दिवसीय ज्ञान.योग की अनुभूति युक्त व्याख्यान का आयोजन किया गया इस अवसर पर राजयोगिनी करुणा दीदी व शकुन्तला दीदी का इन्दौर से आगमन हुआ । ब्रह्माकुमारी रीटा बहन संचालिका ब्रह्माकुमारी दुर्ग ने अपने स्वागत उद्बोधन में दोनो दीदियों का स्वागत करते हुए कहा कि बड़ों का आना और उनकी उपस्थिति होना हम सभी का परम सौभाग्य है। आगमन के लिए धन्यवाद भी देते हैं और बधाइयां भी देते हैं और स्वागत भी करते हैं। राजयोगी ब्रह्माकुमारी रूपाली बहन ने मंच संचालन करते हुए करुणा दीदी का परिचय देते हुए बताया ब्रह्माकुमारीज क्षेत्रीय कार्यालय ज्ञान शिखर ओम शांति भवन में कन्याओं के भौतिक एवं आध्यात्मिक विकास के लिए दिव्या जीवन कन्या छात्रावास शक्ति निकेतन की संचालिका है वे निराकार परमपिता परमात्मा शिव के द्वारा प्रदत्त गुण व शक्तियों को स्वयं में समाहित कर उन गुण व शक्तियों के द्वारा अनेक कन्याओं का जीवन श्रेष्ठ बनाया है जो आज आध्यात्मिकता के शीर्ष पर है आपके कुशल मार्गदर्शन में अनेक कन्या देश.विदेश में अनेक आत्माओं को परमात्मा पालन देकर परमात्मा के समीप ला रही है

पुलिस अधीक्षक ने ली ऑटो चालको की बैठक

नव प्रदेश संवाददाता

भिलाई। श्रीराम गोपाल गर्ग वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के द्वारा जिले की यातायात व्यवस्था को सरल, सुगम एवं सुरक्षित बनाने के दिये गये निर्देश के परिपालन में आज यातायात जोन दुर्ग में सतीष ठाकुर, सतानंद विघ्यराज उप पुलिस अधीक्षक यातायात के नेतृत्व में ऑटो चालको की मीटिंग ली गई जिसमें ऑटो चालको को समझाईस दी गई। शहर की यातायात व्यवस्था को व्यवस्थित बनाये रखने में सबसे महत्वपूर्ण भूमिका आप की है किसी अन्य जिले से कोई व्यक्ति बस स्टेण्ड, रेल्वे स्टेशन पहुंचता है तो वह सर्वप्रथम उसे अपने गर्तव्य स्थान पर जाने के लिए आप लोग का ही सहयोग लेना होता है। आप लोग उन लोगो से मधुर व्यवहार एवं निर्धारित शुल्क वसूल करते हो और अपने वाहन को क्रमबद्ध निर्धारित पार्किंग स्थान पर खडा करते हो जिससे उस व्यक्ति के मन में जिले के प्रति एक अच्छी छवि बनती है। इस दौरान उप पुलिस अधीक्षक यातायात द्वारा मीटिंग में उपस्थित 250 आटो चालको को व्यक्तिगत छवि के साथ साथ यातायात नियमों जैसे बिना वर्दी वाहन व शराब एवं किसी भी नशीली पदार्थ का सेवन कर वाहन न चलाए।

सरकारी जमीन पर 35 से भी ज्यादा अवैध धंधा

नव प्रदेश संवाददाता

रिसाली। लंबे समय से सरकारी जमीन पर अतिक्रमण कर व्यापार करने वालों को खदेड़ा गया। निगम आयुक्त आशीष देवांगन के निर्देश पर अस्थाई दुकानों को जेसीबी से हटाया गया। ऐसे दुकानों की संख्या लगभग 35 है। निगम क्षेत्र में लगातार दूसरे दिन बेदखली कार्रवाई की गई।

निगम प्रशासन की टीम ने नेवई थाना परिसर स्थित पेट्रोल पंप से लेकर रेलवे क्रासिंग तक लगभग 35 अस्थाई दुकान हटाकर सरकारी जमीन को मुक्त कराया। फुटकर व्यापारियों ने बांस बल्ली और हाथ ठेले को बेस बनाकर पक्का निर्माण किया था। अधिकारियों ने पहले समझाईश दी। असर नहीं होने पर तोडू दस्ता में शामिल सद्स्यों ने बांस बल्ली को जब्त किया। इस कार्रवाई में प्रभारी भवन अधिकारी अखिलेश गुप्ताए राजस्व विभाग प्रभारी संजय वर्माए प्रभारी सहायक अभियंता गोपाल सिन्हाए जगरनाथ कुशवाहा और स्वास्थ्य विभाग के प्रभारी अधिकारी बृजेन्द्र परिहार आदि शामिल थे।

पहले दिन चखना सेंटर को ढहाया

आचार संहिता खत्म होते ही निगम प्रशासन ने पहले देशी शराब दुकान जोरातराई परिसर में संचालित चखना सेंटर को ढहाया। निगम प्रशासन द्वारा नोटिस दिए जाने के बाद भी टपरी नुमा दुकान नहीं हटाने पर बांस बल्ली को हटाया गया। इसी तरह सरस्वती कुंज के निकट डिस्पोजल गिलास और पानी पाऊच का अवैध कारोबार करने वालों पर कार्रवाई की।

लगातार चलेगी कार्रवाई

निगम आयुक्त आशीष देवांगन ने स्पष्ट निर्देश दिए है कि अतिक्रमणकारियों के साथ निगम कर्मी सख्ती के साथ पेस आए। प्रतिदिन तोडू दस्ता शहर का भ्रमण कर कार्रवाई करे।

दुर्ग ग्रामीण की जनता ने किया ललित का स्वागत

नव प्रदेश संवाददाता

भिलाई। छग विधानसभा चुनाव में दुर्ग ग्रामीण से जीत दर्ज करने वाले ललित चंद्राकर लगातार लोगों से मिल रहे हैं। प्रदेश में भाजपा की सरकार बनने व ग्रामीण से कांग्रेस के कद्दावर नेता ताम्रध्वज साहू को हार का ललित की चौतरफा सराहना हो रही है। विधायक बनने के बाद क्षेत्र की जनता से मिल रही है और उन्हें शुभकामनाएं दे रहे हैं। इसी कड़ी में विभिन्न प्रतिनिधि मंडलो ने विधायक ललित से मुलाकात की। बता दें दुर्ग ग्रामीण विधानसभा से भाजपा प्रत्याशी ललित चंद्राकर ने कांग्रेस नेता व गृहमंत्री को भारी मतों के अंतर से हराया। श्री साहू जैसे दिग्गज नेता को पहली बार चुनाव लड़ रहे ललित चंद्राकर ने मात दी। दुर्ग ग्रामीण विधानसभा के चौतरफा विकास के लिए लोगों ने ललित चंद्राकर को दिल से समर्थन दिया है। वहीं विधायक बनने के बाद ललित चंद्राकर सादगी पूर्वक लोगों से मिल रहे हैं और उनकी समस्याएं भी सुन रहे हैं। सरकार गठन के बाद उनकी समस्याओं के समाधान का भरोसा भी दिला रहे हैं।

निधन

आलोक मिश्रा

दुर्ग। वरिष्ठ पत्रकार आलोक मिश्रा का निधन हो गया। वे गंभीर बीमारी के कारण शंकराचार्य मेडिकल कालेज हास्पिटल भिलाई में भर्ती थे। उनका अंतिम हरनाबांधा मुक्तिधाम में हुआ। वे दुर्ग प्रेस क्लब के पूर्व अध्यक्ष थे। उनके निधन पर राज्य सभा सांसद सरोज पांडेय, विधायक गजेंद्र यादव, मेयर धीरज बाकलीवाल, पूर्व विधायक अरुण वोरा, दुर्ग प्रेस क्लब अध्यक्ष सहित पूरे सदस्यों ने श्रद्धांजलि अर्पित की है। प्रेस जगत के लिए अमूल्य क्षति बताया है।

न्यायालय नजूल जांच अधिकारी दुर्ग (छ.ग.)
ईश्तहार

रा.प्र.क्र- /अ-20(3)/ वर्ष 2023-24
पंजी. 20231010380005

आवेदिका श्रीमती पापिया माइती पति नकुल माइती निवासी प्रेमनगर सिकोलाभाठा दुर्ग द्वारा इस आशय का आवेदन प्रस्तुत किया है कि दुर्ग में स्थित नजूल भूमि शीट क्रमांक 29 सी प्लाट नं. 42 क्षेत्रफल 141 वर्गमीटर भूमि धारक राजेश चौबे आ. अलख निरंजन चौबे निवासी ब्राम्हणपारा दुर्ग के नाम पर नजूल अभिलेख में दर्ज है। धारक द्वारा उक्त भूखण्ड पंजीकृत बैनामा दिनांक 27.09.2023 द्वारा आवेदिका को विक्रय किया है। आवेदिका द्वारा उक्त पंजीकृत बैनामा के आधार पर प्रश्नाधीन क्रयशुदा भूखण्ड से धारक/विक्रेता का नाम विलोपित कर स्वयं का नाम नजूल अभिलेख में दर्ज किए जाने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है। जिसका प्रकरण न्यायालय में विचाराधीन है।

अतएव एतद द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता है कि उपरोक्त संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति अथवा संस्था को आपत्तिया दावा हो प्रकरण की सुनवाई 28.12.2023 को या इसके पूर्व इस न्यायालय में स्वतः उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति दावा या जिस भूखण्ड संबंधी जानकारी हो आवश्यक अभिलेख प्रस्तुत किया जावे अथवा करवाया जावें। बाद में प्राप्त आपत्ति आवेदन पर कोई कार्यवाही नही किया जावेगा।

आज दिनांक 11.10.2023 को मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय के पद मुद्रा से प्रकाशन हेतु जारी किया जाता है।

मुहर — नजूल जांच अधिकारी, दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय तहसीलदार दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)
उद्घोषणा

रा.प्र.क्र.//अ-74/वर्ष 2023-24

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक ध्रुव कुमार पिताा रामप्रसाद निवासी ग्राम गंजपारा दुर्ग तहसील व जिला दुर्ग के द्वारा ग्राम कसारीडीह तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नंबर 50/10, 50/11 रकबा 0.012 हे. भूमि जो कि आवेदक/शामिलात सहखातेदार के नाम पर वर्तमान राजस्व अभिलेख में दर्ज है। आवेदक द्वारा मूल ऋण पुस्तिका गुम हो जाने पर डुप्लीकेट ऋण पुस्तिका प्रदाय करने हेतु आवेदन पत्र चालान की मूल प्रति, बैकों द्वारा प्रस्तुत अनापत्ति प्रमाण पत्र, थाना की रिपोर्ट व राजस्व अभिलेख सहित इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है।

अतएव इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर या दावा हो तो वह नियत पेशी दिनांक 19.12.2023 तक स्वयं अथवा अपने विधिमान्य अभिकर्ता के माध्यम से इस न्यायालय से इस न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते है। समयावधि पश्चात् आपत्ति प्रस्तुत होने पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 30.11.2023 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर — तहसीलदार, दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय तहसीलदार दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)
उद्घोषणा

रा.प्र.क्र.//अ-74/वर्ष 2023-24

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदिका रागिनी देवी पति ध्रुव कुमार निवासी ग्राम गंजपारा दुर्ग तहसील व जिला दुर्ग के द्वारा ग्राम कसारीडीह तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नंबर 209/2 1305 वर्गफीट भूमि जो कि आवेदक/शामिलात सहखातेदार के नाम पर वर्तमान राजस्व अभिलेख में दर्ज है। आवेदक द्वारा मूल ऋण पुस्तिका गुम हो जाने पर डुप्लीकेट ऋण पुस्तिका प्रदाय करने हेतु आवेदन पत्र चालान की मूल प्रति, बैकों द्वारा प्रस्तुत अनापत्ति प्रमाण पत्र, थाना की रिपोर्ट व राजस्व अभिलेख सहित इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है।

अतएव इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर या दावा हो तो वह नियत पेशी दिनांक 19.12.2023 तक स्वयं अथवा अपने विधिमान्य अभिकर्ता के माध्यम से इस न्यायालय से इस न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते है। समयावधि पश्चात् आपत्ति प्रस्तुत होने पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 30.11.2023 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर — तहसीलदार, दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय तहसीलदार दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)
उद्घोषणा-पत्र

रा.प्र.क्र.//अ-06/वर्ष 2023-24

एतद् द्वारा आम जनताा को सूचित किया जाता है कि आवेदक/आवेदिका अंकुर ताम्रकार पिता स्व. डॉ. दशरथ ताम्रकार निवासी ग्राम मोतीपारा मान होटल के पीछे दुर्ग तह. व जिला दुर्ग के द्वारा ग्राम रिसाली तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नंबर 693/2 रकबा 0.004 हे. भूमि जो कि आवेदक/शामिलात सखातेदार के नाम पर वर्तमान राजस्व अभिलेख में दर्ज है। आवेदित भूमि के खातेदार श्रीमती राजकुमारी ताम्रकार की मृत्यु हो जाने पर फौती दर्ज कर मृतक खातेदार के सभी विधिक वारिसानों का नाम राजस्व अभिलेख में दर्ज किए जाने हेतु आवेदन पत्र इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है।

अतएव इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर या दावा हो तो वह नियत पेशी दिनांक 19.12.2023 तक स्वयं अथवा अपने विधिमान्य अभिकर्ता के माध्यम से इस न्यायालय से इस न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते है। समयावधि पश्चात् आपत्ति प्रस्तुत होने पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 30.11.2023 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर — तहसीलदार, दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय तहसीलदार दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)
उद्घोषणा-पत्र

रा.प्र.क्र.//अ-06/वर्ष 2023-24

एतद् द्वारा आम जनताा को सूचित किया जाता है कि आवेदक/आवेदिका श्रीमती मिथलेश देवांगन पिता/पति स्व. बलिराम देवांगन निवासी ग्राम न्यू आदर्श नगर दुर्ग तह. व जिला दुर्ग के द्वारा ग्राम पोटियाकलाा तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नंबर 134/62 रकबा 0.0200 हे. भूमि जो कि आवेदक/शामिलात सखातेदार के नाम पर वर्तमान राजस्व अभिलेख में दर्ज है। आवेदित भूमि के खातेदार बलीराम देवांगन की मृत्यु हो जाने पर फौती दर्ज कर मृतक खातेदार के सभी विधिक वारिसानों का नाम राजस्व अभिलेख में दर्ज किए जाने हेतु आवेदन पत्र इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है।

अतएव इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर या दावा हो तो वह नियत पेशी दिनांक 15.12.2023 तक स्वयं अथवा अपने विधिमान्य अभिकर्ता के माध्यम से इस न्यायालय से इस न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते है। समयावधि पश्चात् आपत्ति प्रस्तुत होने पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 01.12.2023 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर — तहसीलदार, दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) दुर्ग जिला - दुर्ग (छ.ग.)
उद्घोषणा-पत्र

रा.प्र.क्र. ई-कोर्ट | पक्षकार का नाम श्री शिवकुमार शर्मा | ऑनलाईन रजिस्ट्रेशन नं. 20231210040055

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता हैं कि आवेदक/आवेदिका श्री शिवकुमाार शर्मा आ. स्व. शंभूनाथ शर्मा निवासी सी-11 लाल मैदान के सामने कोरबा द्वारा नीचे अनुसूची में दर्शित भूमि को उसके सम्मुख दर्शित प्रयोजन के लिए व्यपवर्तन/पुर्ननिर्धारण हेतु आवेदन पत्र छ.ग.भू.रा.सं. 1959 की धारा 172 सहपठित धारा 59 (2)(5) तहत् आवेदन पत्र इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया हैं, जिसके संबंध में इस न्यायालय में प्रकरण विचाराधीन हैं।

अनुसूची

ग्राम/प.ह.नं.जहां भूमि स्थित है	खसरा नंबर	रकबा	प्रयोजन
ग्राम कुरुद प.ह.न. 46 तह. व जिला दुर्ग	1638/44	0.020 हें 2400 वर्गफीट	आवासीय

अतएव इस संबंध में आवेदित भूमि के संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार की कोई दावा/ आपत्ति हो तो प्रकरण उद्घोषणा के प्रकाशन की तिथि से 07 दिवस तक स्वयं अथवा अधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत कर सकतें हैं। नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा/ आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह उद्घोषणा आज दिनांक 01.12.2023 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर — अनुविभागीय अधिकारी, दुर्ग, जिला दुर्ग

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) दुर्ग जिला - दुर्ग (छ.ग.)
उद्घोषणा-पत्र

रा.प्र.क्र. ई-कोर्ट | पक्षकार का नाम श्री सौरभ शांडिल्य | ऑनलाईन रजिस्ट्रेशन नं. 20231210040057

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता हैं कि आवेदक/आवेदिका श्री सौरभ शांडिल्य आ. श्री विजय शांडिल्य निवासी राजमहल कालोनी कवर्धा द्वारा नीचे अनुसूची में दर्शित भूमि को उसके सम्मुख दर्शित प्रयोजन के लिए व्यपवर्तन/पुर्ननिर्धारण हेतु आवेदन पत्र छ.ग.भू.रा.सं. 1959 की धारा 172 सहपठित धारा 59 (2)(5) तहत् आवेदन पत्र इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया हैं, जिसके संबंध में इस न्यायालय में प्रकरण विचाराधीन हैं।

अनुसूची

ग्राम/प.ह.नं.जहां भूमि स्थित है	खसरा नंबर	रकबा	प्रयोजन
ग्राम मोहलई प.ह.न. 02 तह. व जिला दुर्ग	60/7	0.0098 हें 1050 वर्गफीट	आवासीय

अतएव इस संबंध में आवेदित भूमि के संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार की कोई दावा/ आपत्ति हो तो प्रकरण उद्घोषणा के प्रकाशन की तिथि से 07 दिवस तक स्वयं अथवा अधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत कर सकतें हैं। नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा/ आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह उद्घोषणा आज दिनांक 01.12.2023 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर — अनुविभागीय अधिकारी, दुर्ग, जिला दुर्ग

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) दुर्ग जिला - दुर्ग (छ.ग.)
उद्घोषणा-पत्र

रा.प्र.क्र. ई-कोर्ट | पक्षकार का नाम श्री संतोष चंदोला | ऑनलाईन रजिस्ट्रेशन नं. 20231210040056

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता हैं कि आवेदक/आवेदिका श्री संतोष चंदोला आ. स्व. गोविंद प्रसाद चंदोला निवासी सिंधिया नगर दुर्ग जिला दुर्ग द्वारा नीचे अनुसूची में दर्शित भूमि को उसके सम्मुख दर्शित प्रयोजन के लिए व्यपवर्तन/पुर्ननिर्धारण हेतु आवेदन पत्र छ.ग.भू.रा.सं. 1959 की धारा 172 सहपठित धारा 59 (2)(5) तहत् आवेदन पत्र इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया हैं, जिसके संबंध में इस न्यायालय में प्रकरण विचाराधीन हैं।

अनुसूची

ग्राम/प.ह.नं.जहां भूमि स्थित है	खसरा नंबर	रकबा	प्रयोजन
ग्राम मोहलई प.ह.न. 02 तह. व जिला दुर्ग	61/126	0.0097 हें 1041 वर्गफीट	आवासीय

अतएव इस संबंध में आवेदित भूमि के संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार की कोई दावा/ आपत्ति हो तो प्रकरण उद्घोषणा के प्रकाशन की तिथि से 07 दिवस तक स्वयं अथवा अधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत कर सकतें हैं। नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा/ आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह उद्घोषणा आज दिनांक 01.12.2023 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर — अनुविभागीय अधिकारी, दुर्ग, जिला दुर्ग

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) दुर्ग जिला - दुर्ग (छ.ग.)
उद्घोषणा-पत्र

रा.प्र.क्र. ई-कोर्ट | पक्षकार का नाम श्री आशीष अग्रवाल | ऑनलाईन रजिस्ट्रेशन नं. 20231210040054

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता हैं कि आवेदक/आवेदिका श्री आशीष अग्रवाल पिता श्री निरंजन अग्रवाल निवासी सी मार्केट सेक्टर-10 भिलाई जिला दुर्ग द्वारा नीचे अनुसूची में दर्शित भूमि को उसके सम्मुख दर्शित प्रयोजन के लिए व्यपवर्तन/पुर्ननिर्धारण हेतु आवेदन पत्र छ.ग.भू.रा.सं. 1959 की धारा 172 सहपठित धारा 59 (2)(5) तहत् आवेदन पत्र इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया हैं, जिसके संबंध में इस न्यायालय में प्रकरण विचाराधीन हैं।

अनुसूची

ग्राम/प.ह.नं.जहां भूमि स्थित है	खसरा नंबर	रकबा	प्रयोजन
ग्राम अंजोरा प.ह.न. 24 तह. व जिला दुर्ग	585/1	0.020 हें 2250 वर्गफीट	आवासीय

अतएव इस संबंध में आवेदित भूमि के संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार की कोई दावा/ आपत्ति हो तो प्रकरण उद्घोषणा के प्रकाशन की तिथि से 07 दिवस तक स्वयं अथवा अधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत कर सकतें हैं। नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा/ आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह उद्घोषणा आज दिनांक 01.12.2023 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर — अनुविभागीय अधिकारी, दुर्ग, जिला दुर्ग

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) दुर्ग जिला - दुर्ग (छ.ग.)
उद्घोषणा-पत्र

रा.प्र.क्र. ई-कोर्ट | पक्षकार का नाम श्रीमती लता अग्रवाल | ऑनलाईन रजिस्ट्रेशन नं. 20231210040053

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता हैं कि आवेदक/आवेदिका श्रीमती लता अग्रवाल पति श्री निरंजन अग्रवाल निवासी सी मार्केट सेक्टर-10 भिलाई जिला दुर्ग द्वारा नीचे अनुसूची में दर्शित भूमि को उसके सम्मुख दर्शित प्रयोजन के लिए व्यपवर्तन/पुर्ननिर्धारण हेतु आवेदन पत्र छ.ग.भू.रा.सं. 1959 की धारा 172 सहपठित धारा 59 (2)(5) तहत् आवेदन पत्र इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया हैं, जिसके संबंध में इस न्यायालय में प्रकरण विचाराधीन हैं।

अनुसूची

ग्राम/प.ह.नं.जहां भूमि स्थित है	खसरा नंबर	रकबा	प्रयोजन
ग्राम अंजोरा प.ह.न. 24 तह. व जिला दुर्ग	585/3	0.1100 हें 11840 वर्गफीट	आवासीय

अतएव इस संबंध में आवेदित भूमि के संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार की कोई दावा/ आपत्ति हो तो प्रकरण उद्घोषणा के प्रकाशन की तिथि से 07 दिवस तक स्वयं अथवा अधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत कर सकतें हैं। नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा/ आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह उद्घोषणा आज दिनांक 01.12.2023 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर — अनुविभागीय अधिकारी, दुर्ग, जिला दुर्ग

न्यायालय नायब तहसीलदार 02 तह. व जिला दुर्ग (छ.ग.)
मामले की श्रेणी-राजस्व
ईश्तहार

संदर्भः जिला दुर्ग तहसील -दुर्ग प.ह.न. 00016 उरला ग्राम के नामांतरण पंजी में पंजीबद्ध प्रकरण-आर.डी. 202324430107200014

तहसील दुर्ग के प.ह.न. 00016 के अंतर्गत ग्राम उरला के वर्तमान भूमिस्वामी भारती पिता/पति टीकाराम उर्फ टीकम सिंह पता उरला मिथला पिता/पति टीकाराम उर्फ टीकमसिंह पता उरला, मोगराबाई पिता/पति टीकाराम उर्फ टीकमसिंह पता उरला दुर्ग के द्वारा धारित भूमि खसरा क्रमांक 341/3 (0.0050) में प्रस्तावित भूमिस्वामी/क्रेता लोकेश कुमार साहू पिता/पति स्व. टीकम साहू पता वार्ड नं. 56 उरला दुर्ग तह. व जिला दुर्ग के नाम पर पंजीयन/फौती होने के उपरांत नामांतरण/अभिलेख दुरूस्ती/ खाता विभाजन के लिए प्रकरण अधोहस्ताक्षरकर्ता के न्यायालय में पंजी विचाराधीन है। इस प्रकरण की सुनवाई दिनांक 29.12.2023 को समय सुबह 11 बजे स्थान न्यायालय नायब तहसीलदार दुर्ग 02 पर की जावेगी।

उपरोक्त के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति/ संस्था को कोई दावा आपत्ति हो तो ईश्तहार प्रकाशन उपरांत प्रकरण की आगामी सुनवाई के पुर्व या सुनवाई के समय अपना दावा आपत्ति स्वयं/ अधिवक्ता/ आममुख्तायार के माध्यम से पेश कर सकते है। प्रकरण के सुनवाई के लिए निर्धारित तिथि के उपरांत प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा ।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 06.12.2023 को जारी किया जाता है।

मुहर — नायब तहसीलदार, दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय नायब तहसीलदार 02 तह. व जिला दुर्ग (छ.ग.)
मामले की श्रेणी-राजस्व
ईश्तहार

संदर्भः जिला दुर्ग तहसील -दुर्ग प.ह.न. 00016 उरला ग्राम के नामांतरण पंजी में पंजीबद्ध प्रकरण-आर.डी. 202324430107200013

तहसील दुर्ग के प.ह.न. 00016 के अंतर्गत ग्राम उरला के वर्तमान भूमिस्वामी शत्रुहन ढीमर पिता/पति स्व. हेमुराम ढीनर पता उरला दुर्ग के द्वारा धारित भूमि खसरा क्रमांक 609/19 (0.0100) में प्रस्तावित भूमिस्वामी/क्रेता कमलेश ढीमर पिता/पति आ. स्व. शत्रुहन ढीमर पता वार्ड नं. 3 मठपारा दुर्ग तह. व जिला दुर्ग के नाम पर पंजीयन/फौती होने के उपरांत नामांतरण/अभिलेख दुरूस्ती/ खाता विभाजन के लिए प्रकरण अधोहस्ताक्षरकर्ता के न्यायालय में पंजी विचाराधीन है। इस प्रकरण की सुनवाई दिनांक 28.12.2023 को समय सुबह 11 बजे स्थान न्यायालय नायब तहसीलदार दुर्ग 02 पर की जावेगी।

उपरोक्त के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति/ संस्था को कोई दावा आपत्ति हो तो ईश्तहार प्रकाशन उपरांत प्रकरण की आगामी सुनवाई के पुर्व या सुनवाई के समय अपना दावा आपत्ति स्वयं/ अधिवक्ता/ आममुख्तायार के माध्यम से पेश कर सकते है। प्रकरण के सुनवाई के लिए निर्धारित तिथि के उपरांत प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा ।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 06.12.2023 को जारी किया जाता है।

मुहर — नायब तहसीलदार, दुर्ग (छ.ग.)

नाम-परिवर्तन

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार एवं अन्य 04 खातेदारों के नाम से कृषि भूमि खसरा नं. 350, 445/2 रकबा क्रं. 0.05 हे. एवं 0.37 हे. कुल कृषि भूमि 0.42 हे. मौजा वार्ड नं. 01 अहिवारा तह. अहिवारा जिला दुर्ग (छ.ग.) में स्थित है, जिसके संबंध में संजय कुमार जैन पिता स्व. टीकम जैन निवासी ग्राम सेमरिया पोस्ट सेमरिया तह. व जिला दुर्ग (छ.ग.) एवं मेरे पक्षकार के मध्य बिक्रीनामा/इकरारनामा दिनांक 18.06.2023 निष्पादित किया गया, जिसके अनुसार उपरोक्त वर्णित इकरारशुदा भूमि काा विक्रय कुल 13,30.000/- रु (अक्षरी तेरह लाख तीस हजार रुपए) में किए जाने का इकरार किया गया. जिसकी ब्याना राशि 50,000/- रु दिनांक 18.06.2023 को प्राप्त किया गया, उक्त इकरारनामा में तय किया गया कि शेष विक्रय राशि रजिस्ट्री दिनांक जो कि दिनांक 18.06.2023 से तीन माह की समयावधि दिनांक 18.09.2023 के अंदर किया जाएगा परंतु उपरोक्त क्रेता द्वारा समयावधि दिनांक 18.09.2023 के पश्चात भी मेरे पक्षकार से संपर्क नही किया गया, जिस स्थिति में मेरा पक्षकार उपरोक्त निष्पादित इकरारनामा दिनांक 18.06.2023 से बाधित नहीं रह गया है एवं अन्य किसी भी व्यक्ति/संस्थान को अपनी भूमि का अंतरण करने हुत स्वतंत्र है। अतः इस आम सूचना के माध्यम से सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि किसी भी व्यक्ति, संस्था, निकाय, बैंक एवं सोसायटी को मेरे पक्षकार उपरोक्त वर्णित कृषि भूमि के संबंध में किसी भी प्रकार से हक दावा संबंधी में कोई उजर आपत्ति हो तो इस आम सूचना प्रकाशन के एक सप्ताह के भीतर मेरे कार्यालय में संपूर्ण दस्तावेज सहित उपस्थित होकर हक दावा प्रस्तुत करें, निर्धारित समयाावधि के अवसान पश्चात की गई कोई भी आपत्ति उजर दावा अमान्य माना जावेगा तथा की गई आपत्ति अवैध एवं शून्य होगा तथा मेरा पक्षकार अपने आधिपत्य एवं स्वामित्व की भूमि का विक्रय करने हेतु स्वतंत्र होगा। सो सूचना जाने।

बजरंग श्रीवास्तव
अधिवक्ता जिला न्यायालय दुर्ग
तह. व जिला दुर्ग (छ.ग.)
मो. 9893440104

न्यायालय तहसीलदार दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)
उद्घोषणा

रा.प्र.क्र.//अ-06/वर्ष 2023-24

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि राधेश्याम शर्मा पिता स्व. नंदजी शर्मा निवासी ग्राम वार्ड 10 टाप टेलर्स के पास शंकर नगर दुर्ग तहसील व जिला दुर्ग के द्वारा ग्राम दुर्ग प.ह.न. 19 तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नंबर 1305/17 रकबा 0.0070 हे. लगान 3.00 रुपए भूमि जो कि आवेदक राधेश्याम शर्मा पिता स्व. नंदजी शर्मा व अनावेदक राजकुमार शर्मा पिता स्व. जगन्नाथ शर्मा के संयुक्त नाम से भूमिस्वामी हक में वर्तमान राजस्व अभिलेख में दर्ज है। यह कि अनावेदक ने अपने हिस्से की भूमि को बिक्री दिनांक 13.11.2017 में दोनों के आपसी रजामंदी से विक्रय पत्र निष्पादित किया गया। अनावेदक द्वारा अपने हिस्से की रकमम को पूरा प्राप्त कर चुका है, जो शेष जमीन बची है वह आवेदक के भूमिस्वामी हक की जमीन है, जिसकी पंजीकृत बैनामा की छायाप्रति आवेदक में संलग्न है। यह कि दोनो पक्षकारों के आपस में सहमति होकर यह आवेदन अनावेदक राजकुमार शर्मा पिता स्व. जगन्नाथ शर्मा का नाम राजस्व अभिलेख से विलोपित किए जाने हेतु आवेदन पत्र इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है।

अतएव इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर या दावा हो तो वह नियत पेशी दिनांक 26.12.2023 तक स्वयं अथवा अपने विधिमान्य अभिकर्ता के माध्यम से इस न्यायालय से इस न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते है। समयावधि पश्चात् आपत्ति प्रस्तुत होने पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 30.11.2023 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर — तहसीलदार, दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार भिलाई नगर जिला दुर्ग (छ.ग.)
ईश्तहार

क्रमांक/प्र.1/अति.तह./2023 भिलाईनगर
दिनांक 05/12/2023

एतद द्वारा सर्वसाधारण को सूचनार्थ प्रकाशित किया जाता है कि आवेदक निजाम आ. फिरंता साकिन कुरुद द्वारा ग्राम कुरुद प.ह.न. 46 रा.नि.मं. दुर्ग तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमिस्वामी हक की भूमि खसरा नंबर 772 रकबा 0.1930 हें भू.रा. रूपयें से संबधित ऋण पुस्तिका गुम हो जाने के कारण द्वितीय प्रति ऋण पुस्तिका प्रदाय किये जाने के संबंध में आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है। जिस पर प्रकरण न्यायालय में विचाराधीन है।

अतः उपरोक्त भूमि द्वितीय प्रति ऋण पुस्तिका प्रदाय किये जाने पर जिस किसी भी व्यक्ति को आपत्ति या उजर दावा हो तो सुनवाई तिथि दिनांक 27/12/2023 तक या उसके पूर्व स्वयं या आने मान्य अधिवक्तागण के साथ उपस्थित होकर अपना आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। निर्धारित तिथि के बाद प्राप्त आवेदक पर कोई विचार नही किया जावेगा ।

आज दिनांक 05/12/2023 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायलयीन मुहर के साथ जारी किया गया है।

मुहर — अतिरिक्त तहसीलदार, भिलाईनगर (छ.ग.)

न्यायालय तहसीलदार दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)
उद्घोषणा-पत्र

मा.क्र.//अ-06/ वर्ष 2023-24

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक मेसर्स महालक्ष्मी डेव्हलपर्स पार्टनर किशोर कुमार जैन निवासी दुर्ग तह. व जिला दुर्ग (छ.ग.) के द्वारा ग्राम फुलगांव प.ह.न. 20 तह. व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नं. 198/22 रकबा 0.040 हे. भूमि आवेदक के नाम पर वर्तमान राजस्व अभिलेख में दर्ज है। आवेदित भूमि खसरा नं. 198/22 रकबा 0.0400 हे. का टु. 0.0132 हे. क्रेता आशा देवी लोढ़ा व अन्य रजिस्ट्री विलेख क्रमांक 1777 दिनांक 06.07.2023 को विक्रय किया गया, प्रमाणीकरण होने के पश्चात अभिलेख अद्यतन के उपरांत उक्त खसरा का संपूर्ण रकबा क्रेता आशा देवी पति मदनलाल लोढ़ा के नाम पर ऑनलाईन दर्ज हो चुका है। रजिस्ट्री दस्तावेज के अनुसार विक्रय भूमि का रकबा क्रेता के नाम पर करने व शेष रकबा यथावत मेसर्स महालक्ष्मी डेव्हलपर्स पार्टनर किशोर कुमार जैन विक्रेता के नाम पर दर्ज किए जाने हेतु आवेदन पत्र इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है। जिसका प्रकरण न्यायालय में विचाराधीन है।

अतः जिस किसी भी व्यक्ति अथवा संस्था को इस संबंध में आपत्ति दावा या उजर पेश करना हो तो दिनांक 22.12.2023 तक स्वयं अथवा अपने द्वारा अधिकृत व्यक्ति के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति दावा या उजर प्रस्तुत कर सकते है। बाद में प्राप्त आपत्ति आवेदन पर कोई कार्यवाही नही किया जावेगा।

आज दिनांक 06.12.2023 को मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय के पद मुद्रा से प्रकाशन हेतु जारी किया जाता है।

मुहर — तहसीलदार, दुर्ग (छ.ग.)

नाम-परिवर्तन

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैं माधुरी रावते पिता स्व. जियालाल रावते निवासी C/o अनिल आटो सर्विस बोरसी रोड दुर्ग (छ.ग.) यह शपथ करती हूं कि मैने अपना यह पुराना नाम को त्याग कर नया नाम माधुरी नाकतोडे पाटील पति श्री अनिल कुमार नाकतोडे पाटील रख ली है। अत: आज दिनांक से मुझे समस्त शासकीय, अर्धशासकीय व अन्य दस्तावेजो में मेरा नाम माधुरी नाकतोडे पाटील पति श्री अनिल कुमार नाकतोडे पाटील से ही जाना पहचाना व पुकारा जावे।

शपथकर्ती
माधुरी नाकतोडे पाटील
पति श्री अनिल कुमार
निवासी C/o अनिल आटो
सर्विस बोरसी रोड दुर्ग (छ.ग.)

NAME CHANGE

It Is Informed To The General That I, MADHURI RAWATE D/o LATE JIYALAL RAWATE Resident Of C/o Of ANIL AUTO SERVICES BORSI ROAD DURG (C.G.) Have Changed My Old Name MADHURI RAWATE D/o LATE JILAL RAWATE So In Future I Should Be Recognized By My New Name That Is MADHURI NAKTODE PATIL W/o of ANIL KUMAR NAKTODE PATIL In all Government And Other Documents.

MADHURI NAKTODE PATIL C/o of ANIL AUTO SERVICES BORSI ROAD DURG (C.G.)

नाम-परिवर्तन

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैं गिरीश कुमार अग्रवाल पिता कमल किशोर पता. राव काटेज के पास सड़क नं. 05/सी कसारीडीह दुर्ग तह. व जिला दुर्ग का निवासी हूं। यह कि मेरे सभी शैक्षणिक रिकार्ड के दस्तावेजों में मेरा नाम गिरीश कुमार पिता कमल किशोर दर्ज है तथा मेरे आधार कार्ड, पेन कार्ड में मेरा नाम गिरीश कुमार अग्रवाल दर्ज है। यह कि भविष्य में अब मुझे नए नाम गिरीश कुमार अग्रवाल पिता कमल किशोर के नाम से जाना पहचाना और पुकारा व पढ़ा जावे। यह कि गिरीश कुमार पिता कमल किशोर एवं गिरीश कुमार अग्रवाल पिता कमल किशोर दोनो एक ही व्यक्ति का नाम है उक्त संबंध में मेरे द्वारा नाम परिवर्तन बाबत् आम सूचना दैनिक समाचार पत्र में प्रकाशन किया गया है।

शपथकर्ता
गिरीश कुमार अग्रवाल
पिता कमल किशोर
पता. राव काटेज के पास सड़क नं. 05/सी कसारीडीह दुर्ग तह. व जिला दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)
उद्घोषणा

पंजी. नं. 202306100400037/अ-2/ वर्ष 2023-24

एतद द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक श्री गोपाल चक्रवर्ती पिता स्व डी.एल. चक्रवर्ती निवासी क्वा. नं. 03 सेक्टर 6 भिलाईनगर दुर्ग जिला दुर्ग के द्वारा अपने स्वामि की भूमि ग्राम रिसाली प.ह.नं. 22 तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नं 833/12 रकबा 0.030 हे. 3000 वर्गफीट आवासीय प्रयोजन हेतु डायवर्सन के लिए धारा 59 (2) के तह पुनर्निर्धारण बाबत आवेदन प्रस्तुत किया है जिसके सबंध में प्रकरण विचाराधीन है।

अतएव इस संबंध में आवेदित भूमि के संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का दावा.आपत्ति हो तो प्रकरण में उद्घोषणा प्रकाशन से 07 दिवस तक स्वंय अथवा अधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर दावा आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह उद्घोषणा आज दिनांक 02/06/2023 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर — अनुविभागीय अधिकारी, दुर्ग जिला, दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) दुर्ग जिला - दुर्ग (छ.ग.)
उद्घोषणा-पत्र

रा.प्र.क्र. ई-कोर्ट | पक्षकार का नाम श्रीमती मोनिका शिल्लेदार | ऑनलाईन रजिस्ट्रेशन नं. 20231210040082

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता हैं कि आवेदिका श्रीमती मोनिका शिल्लेदार पति श्री पंकज शिल्लेदार निवासी सेक्टर-8 भिलाई जिला दुर्ग द्वारा नीचे अनुसूची में दर्शित भूमि को उसके सम्मुख दर्शित प्रयोजन के लिए व्यपवर्तन/पुर्ननिर्धारण हेतु आवेदन पत्र छ.ग.भू.रा.सं. 1959 की धारा 172 सहपठित धारा 59 (2)(5) तहत् आवेदन पत्र इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया हैं, जिसके संबंध में इस न्यायालय में प्रकरण विचाराधीन हैं।

अनुसूची

ग्राम/प.ह.नं.जहां भूमि स्थित है	खसरा नंबर	रकबा	प्रयोजन
ग्राम सिकोला प.ह.न. 17 तह. व जिला दुर्ग	2/57	0.0140 हें 1500 वर्गफीट	आवासीय

अतएव इस संबंध में आवेदित भूमि के संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार की कोई दावा/ आपत्ति हो तो प्रकरण उद्घोषणा के प्रकाशन की तिथि से 07 दिवस तक स्वयं अथवा अधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत कर सकतें हैं। नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा/ आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह उद्घोषणा आज दिनांक 06.12.2023 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर — अनुविभागीय अधिकारी, दुर्ग, जिला दुर्ग

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) दुर्ग जिला - दुर्ग (छ.ग.)
उद्घोषणा-पत्र

रा.प्र.क्र. ई-कोर्ट | पक्षकार का नाम श्रीमती लेखा ठाकुर | ऑनलाईन रजिस्ट्रेशन नं. 20231210040081

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता हैं कि आवेदिका श्रीमती लेखा ठाकुर पति श्री सुरेन्द्र सिंह ठाकुर निवासी कैलाश नगर दंतेवाड़ा द्वारा नीचे अनुसूची में दर्शित भूमि को उसके सम्मुख दर्शित प्रयोजन के लिए व्यपवर्तन/पुर्ननिर्धारण हेतु आवेदन पत्र छ.ग.भू.रा.सं. 1959 की धारा 172 सहपठित धारा 59 (2)(5) तहत् आवेदन पत्र इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया हैं, जिसके संबंध में इस न्यायालय में प्रकरण विचाराधीन हैं।

अनुसूची

ग्राम/प.ह.नं.जहां भूमि स्थित है	खसरा नंबर	रकबा	प्रयोजन
ग्राम सिकोला प.ह.न. 17 तह. व जिला दुर्ग	4/328	0.0092 हें 1000 वर्गफीट	आवासीय

अतएव इस संबंध में आवेदित भूमि के संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार की कोई दावा/ आपत्ति हो तो प्रकरण उद्घोषणा के प्रकाशन की तिथि से 07 दिवस तक स्वयं अथवा अधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत कर सकतें हैं। नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा/ आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह उद्घोषणा आज दिनांक 06.12.2023 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर — अनुविभागीय अधिकारी, दुर्ग, जिला दुर्ग

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) दुर्ग जिला - दुर्ग (छ.ग.)
उद्घोषणा-पत्र

रा.प्र.क्र. ई-कोर्ट | पक्षकार का नाम श्री प्रमोद कुमार शिल्लेदार | ऑनलाईन रजिस्ट्रेशन नं. 20231210040083

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता हैं कि आवेदक श्री प्रमोद कुमार शिल्लेदार आ. स्व. विट्ठल राव शिल्लेदार निवासी रतनपुर कोटा बिलासपुर द्वारा नीचे अनुसूची में दर्शित भूमि को उसके सम्मुख दर्शित प्रयोजन के लिए व्यपवर्तन/पुर्ननिर्धारण हेतु आवेदन पत्र छ.ग.भू.रा.सं. 1959 की धारा 172 सहपठित धारा 59 (2)(5) तहत् आवेदन पत्र इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया हैं, जिसके संबंध में इस न्यायालय में प्रकरण विचाराधीन हैं।

अनुसूची

ग्राम/प.ह.नं.जहां भूमि स्थित है	खसरा नंबर	रकबा	प्रयोजन
ग्राम सिकोला प.ह.न. 17 तह. व जिला दुर्ग	2/58	0.0140 हें 1500 वर्गफीट	आवासीय

अतएव इस संबंध में आवेदित भूमि के संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार की कोई दावा/ आपत्ति हो तो प्रकरण उद्घोषणा के प्रकाशन की तिथि से 07 दिवस तक स्वयं अथवा अधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत कर सकतें हैं। नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा/ आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह उद्घोषणा आज दिनांक 06.12.2023 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर — अनुविभागीय अधिकारी, दुर्ग, जिला दुर्ग

न्यायालय तहसीलदार दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)
उद्घोषणा-पत्र

मा.क्र.//अ-74/ वर्ष 2023-24

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदिका महिमा बेजामिन पति प्रतीक डेनियल बेजामिन पिता मेक्लिन मसीह दास (एम.एम.दास) जाति कृश्चन, निवासी वर्तमान पता सेक्टर-8 भिलाई पश्चिम तह. व जिला दुर्ग (छ.ग.) स्थायी पता मकान नं. 290 नयापारा वार्ड हायर सेकेण्डरी विद्यालय के पीछे भाठापारा बलौदा बाजार (छ.ग.) के द्वारा आवेदिका के पिता का नाम बैरनबाजार रायपुर में एकाउटेंन (लेखापाल) के पद पर पदस्थ थे। जिसकी मृत्यु दिनांक 21.07.2021 को सेक्टर-9 हास्पिटल भिलाई में हो चुकी है। जिसके मृत्यु उपरांत विधिक वारिसान के रुप में पत्नि श्रीमती क्रिस्टीना दास, पुत्र-अमित दास, पुत्री महिमा बेजामिन, अंकित दास है। आवेदिका द्वारा आश्रिता/उत्तराधिकारी प्रमाण पत्र प्रदाय किए जाने हेतु आवेदन पत्र अति. तहसीलदार भिलाई नगर के माध्यम से इस न्यायालय में प्राप्त हुआ है। जिसका प्रकरण न्यायालय में विचाराधीन है।

अतः जिस किसी भी व्यक्ति अथवा संस्था को इस संबंध में आपत्ति दावा या उजर पेश करना हो तो दिनांक 26.12.2023 तक स्वयं अथवा अपने द्वारा अधिकृत व्यक्ति के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति दावा या उजर प्रस्तुत कर सकते है। बाद में प्राप्त आपत्ति आवेदन पर कोई कार्यवाही नही किया जावेगा।

आज दिनांक 08.12.2023 को मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय के पद मुद्रा से प्रकाशन हेतु जारी किया जाता है।

मुहर — तहसीलदार, दुर्ग (छ.ग.)

न्यूज गैलरी

माहुलडीह में रासेयो शिविर आज से

बिलाईगढ़/नवप्रदेश। स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी हिंदी माध्यम शासकीय उत्तर माध्यमिक विद्यालय पवनी जिला सारंगढ़ बिलाईगढ़ के राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई की सात दिवसीय विशेष शिविर नशा मुक्त समाज के लिए युवा के तहत शासकीय प्राथमिक शाला माहुलडीह के प्रांगण में 9 से 15 दिसंबर तक आयोजित है। इस शिविर के उद्घाटन समारोह के मुख्य अतिथि ग्राम पंचायत बेल्हा के सरपंच रमन बंजारे, विशिष्ट अतिथि बेल्हा के उपसरपंच अनिल पटेल, प्रधान पाठक श्याम कुमार कैवर्त, प्रधान पाठक बद्री प्रसाद साहू और अध्यक्षता प्राचार्य ए के साहू करेंगे। यह जानकारी कार्यक्रम अधिकारी एच आर कुर्रे ने दी।

क्रिसमस सर्वधर्म सद्भावना रैली 17 को

रायपुर/नवप्रदेश। राजधानी रायपुर में 17 दिसंबर रविवार को सुबह 10.30 बजे क्रिसमस सदभावना रैली निकलेगी। रैली में सीएनआई व कैथोलिक चर्चेस समेत सभी डिनामिनेशन के चर्च, संस्थाएं, संगठन तथा सभी समाज के धर्मगुरु व नागरिक शामिल होंगे। रैली की अगुवाई आर्च बिशप विक्टर हैनरी ठाकुर, बिशप द राइट रेवरेंड एसके नंदा व नितिन लारेंस करेंगे। रैली में मारथोमा चर्च, ऑर्थोडाक्स चर्च, मेनोनाइट चर्च के महाधर्म गुरु, बिलिवर्स चर्च, छत्तीसगढ डायसिस, तेरा साथ संस्था, कुंडूख प्रगतिशील उरांव समाज, गास मेमोरियल सेंटर, जीसस कॉल्स, यूनाइटेड पास्टर्स फैलोशिप, विभिन्न चर्चों के संडे स्कूल, युवा सभा, महिला सभा, व क्वायर के पदाधिकारी व सदस्य, मसीही संस्थाओं व संगठनों, भाईचारा रखने वाली संस्थाएं भी शामिल होंगी। रैली में प्रभु यीशु के जन्म की झांकियों का चित्रण भी किया जाएगा। रैली में सभी धर्म के गुरुओं को आमंत्रित किया जाएगा। रैली में शामिल होने वाले सभी चर्च से क्रिसमस फादर कलर्स वाइट, रेड और ग्रीन कपड़े पहनकर आएंगे। रैली में ऊंट पर तीन मजूसी व गधे पर जनगणना में शामिल होने जाते मरियम - युसूफ प्रभु के जन्मोत्सल की झांकी रहेंगी । कन्वीनर जॉन राजेश पॉल ने बताया कि शुक्रवार को राज्य शासन के अफसरों से मिलकर रैली की सफलता के लिए चर्चा की हई। रैली की तैयारी को लेकर शनिवार को शाम 4 बजे सेंट पॉल्स कैथेड्रल में महत्वपूर्ण बैठक आहूत की गई है।

मातृ वंदना योजना के लिए 10 तक विशेष पंजीयन अभियान

राजनांदगांव/नवप्रदेश। भारत शासन के निर्देशानुसार प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना के निर्धारित पात्रता मापदंड में आने वाले सभी पात्र हितग्राहियों के सर्वेक्षण के लिए 7 से 10 दिसम्बर 2023 तक जिले में विशेष पंजीयन अभियान का आयोजन किया जा रहा है। विशेष पंजीयन अभियान के पहले दिन आज जिले के 4 हजार 944 हितग्राहियों का चिन्हांकन कर पंजीयन कराया गया। शासन द्वारा मिशन शक्ति के अंतर्गत प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना में निर्धारित मापदंडों में पात्र परिवारों के प्रथम बच्चे के जन्म पर 2 किस्तों में 5 हजार रूपए राशि तथा द्वितीय बालिका संतान होने पर एकमुश्त 6 हजार रूपए राशि दिये जाने का प्रावधान है। प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना के लिए विशेष अभियान के दौरान 7 से 10 दिसंबर 2023 तक हितग्राहियों का पंजीयन, प्रकरणों का सत्यापन, प्रकरण का इम्यूनाईजेशन, एप्रूवल, प्रकरणों का पेमेंट एप्रूवल, प्रकरणों का पेमेंट जनरेशन, शून्य पंजीयन वाले आंगनबाड़ी केन्द्रों में पात्र हितग्राहियों का चिन्हांकन कर पंजीयन करना, हितग्राहियों के आधार से बैंक खाता लिंक करने के लिए आंगनबाड़ी केन्द्रों में अधिक से अधिक पात्र हितग्राहियों का पंजीयन किया जायेगा।

धान को व्यवस्थित तरीके से रखने के निर्देश

खाद्य संचालक और एमडी ने वर्चुअल बैठक ली

खैरागढ़/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ राज्य के धान उपार्जन केन्द्रों में खरीदी और उठाव पर खाद्य संचालक जितेंद्र शुक्ला और एमडी मार्कफेड सुश्री इफ्फत आरा ने गुरुवार शाम को वर्चुअल बैठक में लेकर जिले के संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए।

बैठक में खैरागढ़ छुईखदान गंडई जिले में विपणन वर्ष 2023-24 के अंतर्गत शासकीय धान खरीदी और उठाव की जानकारी लेकर आवश्यक निर्देश दिए। जिले धान उपार्जन केन्द्रों में खरीदी और उठाव पर खाद्य

संचालक जितेंद्र शुक्ला और एमडी मार्कफेड सुश्री इफ्फत आरा ने वर्चुअल बैठक में निर्देश देते हुए कहा कि खराब मौसम के कारण उपार्जन में धान को व्यवस्थित और उचित रखरखाव के निर्देश दिए। बैठक में खाद्य अधिकारी भुनेश्वर चेलक ने जानकारी देते हुए बताया कि खैरागढ़ छुईखदान गंडई जिले में विपणन वर्ष 2023-24 के अंतर्गत धान खरीदी का कार्य सुचारू, सुव्यवस्थित और नियमित चल रहा है।

बताया गया कि किसानों ने धान विक्रय हेतु पंजीयन कराया है। जिसमें से अब तक 94 हजार 800 क्विंटल धान हेतु डीओ जारी किया गया है, जिसमें से 76 हजार 80 क्विंटल का धान उठाव कर लिया गया है।

उपार्जन केन्द्रों में शेष धान सुरक्षित है। डीएमओ चंद्रपाल दीवान ने बताया कि आगामी दिवसो में धान उठाव तेजी से किया जाएगा, जो खराब मौसम के कारण बाधित हुआ था। मौसम में सुधार होते ही धान खरीदी एवं उठाव संबंधी कार्य पुनः गति से प्रारंभ की जाएगी। बैठक में खाद्य अधिकारी भुनेश्वर चेलक, सीसीबी नोडल आलोक शर्मा, नॉन के डीएम नीलिमा ठक्कर, डीएमओ चंद्रपाल दीवान सहित खाद्य निरीक्षक उपस्थित हुए।

पीएम मोदी 11 को करेंगे विकसित भारत आइडियास पोर्टल का शुभारंभ

रायपुर/नवप्रदेश। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 11 दिसंबर को विकसित भारत 2047 आइडियास में पोर्टल का शुभारंभ करेंगे और वर्चुअल संबोधन देंगे। इस कार्यक्रम का वर्चुअल प्रसारण राजभवन में आयोजित किया गया है।

प्रधानमंत्री के संबोधन के पश्चात राजभवन में राज्यपाल विश्वभूषण हरिचंदन की अध्यक्षता में एक कार्यशाला आयोजित की जाएगी जिसमें राज्य के सभी शासकीय एवं निजी विश्वविद्यालयों के कुलपतिगण उपस्थित रहेंगे। इस संबंध में आज नीति आयोग नई दिल्ली द्वारा वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग आयोजित कर कार्यक्रम की विस्तृत जानकारी दी गई। बैठक में राज्यपाल के सचिव अमृत खलखो, उप सचिव दीपक अग्रवाल उपस्थित थे। 11 दिसंबर को होने वाली कार्यशाला में विकसित भारत, सशक्त भारतीय, सम्पन्न और टिकाऊ अर्थव्यवस्था, सुशासन एवं सुरक्षा, विश्व में भारत आदि विषयों पर चर्चा की जायेगी।

बृहस्पत सिंह बोले- कुमारी सैलजा को हटाएं राहुल गांधी

लगाया आरोप, बोले- सिंहदेव को हीरो बनाकर प्रमोट कर रही थी प्रभारी

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ में कांग्रेस की करारी हार के बाद से ही बड़े नेताओं के बयानबाजी का दौर जारी है। पूर्व विधायक और कांग्रेस नेता बृहस्पत सिंह ने खुलकर प्रदेश प्रभारी कुमारी सैलजा के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है।

बृहस्पत सिंह ने आरोप लगाया है कि प्रदेश प्रभारी डिप्टी सीएम टी एस सिंहदेव को हीरो की तरह प्रमोट करने का काम किया है। बृहस्पत सिंह ने कहा सबसे पहले और सबसे जरूरी बात यह है कि संगठन का काम पूरी तरह से जीरो हो गया था। जो हमारे राज्य की प्रभारी मैडम है वो जब से आई हैं तब से ही सिंहदेव को हीरो को प्रमोट करने का काम कर रही हैं। जब वो अंबिकापुर के दौर में गई तो डिप्टी सीएम गाड़ी चला रहे थे और वो केवल फोटोशूट करवा रही थी। बृहस्पत सिंह ने कहा मैं राहुल गांधी से आग्रह करना चाहता हूं कि वह तुरंत यहां की प्रभारी को हटा दें। पहले के प्रभारियों ने बहुत जिम्मेदारी से काम किया इसलिए जीत मिली। इन्होंने कोई डैमेज कंट्रोल नहीं किया। कभी जानने की कोशिश नहीं की क्या चल रहा है? बड़े और प्रभावशाली नेताओं के हाथों बिक चुकी थी प्रदेश प्रभारी इसलिए यह छत्तीसगढ़ की नौबत हुई है।

टिकट देने से कोई चुनाव नहीं जीतता

बृहस्पत सिंह ने कहा टिकट देने से कोई चुनाव नहीं जीतता। जब तक उसे क्षेत्र की जनता उस क्षेत्र के कार्यकर्ताओं का सहयोग नहीं मिलेगा तब तक कोई भी प्रत्याशी चुनाव नहीं जीत सकता। कांग्रेस के हमारे नेताओं का घमंड सर चढ़कर बोल रहा था।

रबी फसलों का बीमा 31 तक

कवर्धा/नवप्रदेश। कृषकों के फसल को प्रतिकूल मौसम, ओलावृष्टि, जलभराव, बादल फटने, प्राकृतिक आकाशीय बिजली से नुकसान होने पर व्यक्तिगत आधार पर स्थानीयकृत आपदा अंतर्गत स्थानीय दावा भुगतान, फसल कटाई उपरांत आगामी 14 दिनांक तक खेत में सुखाने हेतु बंडलों में रखी फसल को चक्रवात, बेमौसम, चक्रवाती मौसम से नुकसान होने पर दावा भुगतान, कम वर्षा या विपरित मौसम अवस्थाओं के कारण फसल बुआई विफलता पर दावा भुगतान, फसल कटाई प्रयोग से प्राप्त ऊपज आँकड़े, निर्धारित थ्रेसहोल्ड ऊपज से कम आने पर दावा भुगतान के लिए छत्तीसगढ़ शासन द्वारा प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना की अधिसूचना जारी कर दी गई है। जिले के किसान रबी फसलों में मुख्य फसल चना, गेंहू सिंचित, गेंहू असिंचित एवं अन्य फसल- अलसी, राई-सरसों का बीमा करा सकते है।

रहेजा ग्रुप के प्रीमियम प्लॉटिंग प्रोजेक्ट रहेजा निर्वाणा-2 को बेहतर रिस्पोंस

9 व 10 दिसंबर को स्पॉट बुकिंग मेला, हर बुकिंग पर निश्चित उपहार

रायपुर/नवप्रदेश। रियल एस्टेट सेक्टर की अग्रणी व विश्वसनीय रहेजा ग्रुप के प्रीमियम प्लॉटिंग प्रोजेक्ट रहेजा निर्वाणा -2 की लॉन्चिंग 8, 9 व 10 दिसंबर को प्रोजेक्ट साइट कचना में हैं। तीन दिन के स्पाट बुकिंग मेला में हर बुकिंग पर निश्चित उपहार मिलेगा। 23 एकड़ के सर्वसुविधायुक्त इस प्रोजेक्ट में चार अलग-अलग साइज के प्लाट उपलब्ध कराये जा रहे हैं। शहर के शोर शराबे से हटकर हरियाली व पर्यावरण के अनुकूल इस प्रोजेक्ट में सुकून भरा वातावरण मिलेगा।

रहेजा ग्रुप के डायरेक्टर दीपक रहेजा व संजय रहेजा ने बताया कि हमने रहेजा निर्वाणा 2021 में लॉन्च किया था और आज 2023 में वह पूरी हो चुकी है,सारे डेवलपमेंट पूर्ण करने के बाद समय से पहले यह प्रोजेक्ट बेहतर सुविधाओं के साथ पूरा हो गया है। लोगों की डिमांड पर ही हम कचना में रहेजा निर्वाणा -2 लॉन्च कर रहे हैं। यह भी प्रीमियम प्लाटिंग प्रोजेक्ट है जिसमें 1000,1200,1500 व 2000 की साइज में प्लाट उपलब्ध होंगे। कुल 23 एकड़ का यह प्रोजेक्ट अपनी सुविधाओं,लेआउट और लोकेशन को देखते हुए काफी पसंद किया जा रहा है। इसकी कनेक्टिविटी मुख्य बाजार, शैक्षणिक संस्थान, हास्पिटल से काफी समीप है।

रहेजा निर्वाणा -2 राजधानी रायपुर के कचना में लोकेटेड एक प्रीमियम प्लॉटिंग प्रोजेक्ट है जिसमें वो सभी लग्जरी सुविधाएं उपलब्ध है जो किसी प्रीमियम प्रोजेक्ट में होनी चाहिए। रहेजा निर्वाणा -2 के लॉन्चिंग अवसर पर हर बुकिंग पर निश्चित उपहार प्रदान किया जायेगा। रहेजा निर्वाणा -2 में प्रीमियम प्रोजेक्ट की सभी सुविधाएं जैसे क्लब हाउस, लाइब्रेरी, कैफे, स्वीमिंग पूल, जकूज़ी, जिम, लान टेनिस,स्कैवेश कोर्ट,गार्डन, चिल्ड्रन प्ले एरिया, इनडोर-आउटडोर गेम्स, मंदिर इत्यादि उपलब्ध होंगे। रहेजा ग्रुप के डायरेक्टर दीपक रहेजा व संजय रहेजा ने बताया कि रहेजा निर्वाणा -2 , हमारे अब तक के सबसे महत्वपूर्ण प्रोजेक्ट्स की कड़ी में एक और कदम है।

काफी तेजी से यहां काम चल रहा है,रायपुर के कचना एरिया में लॉन्च किये जाने वाला यह एक प्रीमियम प्लॉटिंग प्रोजेक्ट है जिसमें प्रापर्टी बायर्स के लिए उन सभी सुविधाओं का विशेष ध्यान रखा गया है, जिनसे उन्हे वों खुशियाँ, सुकून और शांति मिले जो एक कम्पलीट लाइफस्टाइल के लिए चाहिए। आज की भाग-दौड़ भरी जिंदगी में हम सब इतने व्यस्त हो गए हैं कि हमें सुकून की तलाश है, और हमें यह सुकून अपने घर में ही मिलता है।

प्रथम पृष्ठ का शेष

...तो ऐसा रहा पांच साल धान और किसान ...

कार्य कर रही है और राज्य सरकार से कम चावल लेने का अनुबंध करती है। जबकि वास्तविकता यह है कि केन्द्र सरकार ने जितना अनुबंध राज्य सरकार से किया है उतना चावल राज्य ने जमा नहीं किया है। इसी कारण राज्य की क्षमता पर केन्द्र हमेशा सवाल खड़ा करता रहा है जिसे राज्य सरकार दुर्भावना बताती रही हैं।

राज्य में जो मिलर्स निर्धारित समय में कस्टम मिलिंग का चावल एफसीआई में जमा नहीं करते है उन पर कार्रवाई के बजाए राज्य शासन यह सुविधा देती थी कि उनका चावल नान के जरिए राज्य सरकार वापस ले लेती थी। जबकि उन पर नियमतः धान का गबन करने का मामला दर्ज होना था। इसी सुविधा का राइस मिलर्स साल दर साल दुरूपयोग कर रहे हैं और पुराने धान को बेचकर नए सीजन के धान की मिलिंग कर जमा करते हैं। शासन को चाहिए कि वह इस बात की तस्दीक करें की जुलाई 2022 में दिया धान आखिर है कहां? और यदि राइस मिलर्स ने उसे या उसके चावल को खुले बाजार में बेचा है तो उन पर कार्रवाई क्यों नहीं हो रही है।

महुआ मोइत्रा की संसद...

हीरानंदानी को संसद की लॉगइन आईडी और पासवर्ड शेयर करने का भी आरोप लगा था। एथिक्स कमेटी ने इन आरोपों को सही बताया। स्पीकर ओम बिरला ने कहा, यह सदन समिति के निष्कर्ष को स्वीकार करता है कि सांसद महुआ मोइत्रा का आचरण एक सांसद के रूप में अनैतिक और अशोभनीय था। इसलिए, उनका सांसद बने रहना उचित नहीं है।

जनता से लूटी हर पाई- लौटानी ...

दिया है। मोदी ने पिछले दिनों आलोचकों पर निशाना साधते हुए कहा था कि वे अपने अहंकार, झूठ, निराशावाद और अज्ञानता की खुशफहमी में रह सकते हैं, लेकिन लोगों को उनके विभाजनकारी एजेंडे से सावधान रहना चाहिए क्योंकि 70 साल की पुरानी आदत इतनी आसानी से नहीं जा सकती।

अनुच्छेद 370 पर सोमवार को...

आपत्तिजनक और पूरी तरह से अनुचित' हैं। पीठ ने कहा, उक्त टिप्पणियां पूरी तरह से संविधान के अनुच्छेद 21 के तहत किशोरों के अधिकारों का उल्लंघन है। पीठ ने उच्च न्यायालय के उस फैसले से उत्पन्न 'किशोरों की निजता के अधिकार' के रूप में दर्ज स्वतः संज्ञान मामले में पश्चिम बंगाल सरकार और अन्य को नोटिस जारी किया। उच्च न्यायालय की एक खंडपीठ ने अपने फैसले में कहा था कि यह 'दो किशोरों के बीच सहमति के बावजूद गैर-शोषणकारी सहमति से यौन संबंध का मामला था। इस मामले में पीड़िता की उम्र कोई मायने नहीं रखती।' उच्च न्यायालय ने अपने फैसले में सुझाव दिया था कि प्रत्येक महिला किशोरी को 'यौन आग्रह/आवेग को नियंत्रित करना चाहिए' और 'अपने शरीर की अखंडता के अधिकार की रक्षा करनी चाहिए।'

खाद्य वस्तुएं बनाने मिलेगा 10 लाख का अनुदान

कवर्धा/नवप्रदेश। केंद्र सरकार द्वारा आत्मनिर्भर भारत अभियान अंतर्गत खाने की वस्तुएं बनाने के लिए लोगों को प्रोत्साहित करने प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य उद्यम उन्नयन योजना (पीएमएफएमई) संचालित है।

योजना अंतर्गत वर्ष 2023-24 के लिए जिले में 65 हितग्राहियों को लाभान्वित करने का भौतिक लक्ष्य प्राप्त हुआ है। जिला व्यापार एवं उद्योग केंद्र के महाप्रबंधक श्री डी.एल. पुसाम ने बताया कि खाद्य प्रसंस्करण क्षेत्र में कार्यरत व कार्य करने के इच्छुक व्यक्ति योजना का लाभ ले सकते है, जिसमें परियोजना लागत का 35 प्रतिशत अधिकतम 10 लाख रूपए अनुदान प्रदान की जाएगी। उन्होंने बताया कि पूर्व से स्थापित गुड़ इकाई जो पहले किसी अन्य योजना के तहत अनुदान ले चुके है, उन्हें भी इस योजना अंतर्गत पुनः 35 प्रतिशत अनुदान की पात्रता होगी।

कार्यालय राजस्व निरीक्षक मण्डल रायपुर-2 तहसील रायपुर जिला रायपुर
आम सूचना

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम टाटीबंध प.ह.नं. 54 रा.नि.मं. रायपुर-2 तहसील व जिला रायपुर (छ.ग.) स्थित भूमि के संबंध में आवेदक जगदीश पिता बनऊ निवासी टाटीबंध रायपुर के द्वारा धारित भूमिस्वामी हक की भूमि खसरा नंबर 177/16 रकबा 0.1500 हे. का सीमांकन हेतु आवेदन न्यायालय तहसीलदार रायपुर के समक्ष प्रस्तुत किए जाने के उपरांत न्यायालय तहसीलदार रायपुर के रा.प्र.क्र./2023/ वाचक/अति./दिनांक 29.11.2023/ अ-12/ वर्ष 2022-23 आदेश दिनांक 15/12/2023 को 1.30 पूर्वान्ह/ पश्चात किया जाना नियत है। अतएव उक्त भूमि के सभी बंटाकनधारी भूमिस्वामियों को सूचना दी जाती है कि उक्त तिथि व समय पर पटवारी कार्यालय में उपस्थित होकर उक्त खसरा नंबर के संबंध में जो भी उजर, दावा अथवा आपत्ति हो तो समक्ष प्रस्तुत करें। आपकी अनुपस्थिति में सीमांकन कार्य किया जा सकता है। सीमांकन उपरांत किसी प्रकार की कोई आपत्ति मान्य नहीं होगा।

सो सूचना जाने।

सील

राजस्व निरीक्षक
रा.नि.मं. रायपुर-2 हीरापुर
तह. जिला - रायपुर

न्यायालय नजूल जांच अधिकारी दुर्ग (छ.ग.)
ईश्तहार

रा.प्र.क्र- /अ-20(3)/ वर्ष 2023-24
पंजी. 202310103800004

आवेदक श्री शांतीलाल सोनी आ. स्व. भंवरलाल सोनी निवासी ब्राम्हण पारा दुर्ग एवं अन्य 01 द्वारा इस आशय का आवेदन प्रस्तुत किया है कि दुर्ग में स्थित नजूल भूमि शीट क्रमांक 29 सी प्लाट नं. 140 क्षेत्रफल 29 वर्गमीटर भूमि धारक प्रतीक बाकलीवाल आ. स्व. मोहनलाल बाकलीवाल निवासी सदर बाजार दुर्ग निवासी ब्राम्हणपारा दुर्ग के नाम पर नजूल अभिलेख में दर्ज है। धारक द्वारा उक्त भूखण्ड पंजीकृत बैनामा दिनांक 02.08.2023 द्वारा आवेदकगण शांतिलाल सोनी आ. स्व. भंवरलाल सोनी, श्रीमती गीता सोनी पति शांतीलाल सोनी को विक्रय किया है। आवेदकगण द्वारा उक्त पंजीकृत बैनामा के आधार पर प्रश्नाधीन क्रयशुदा भूखण्ड से धारक/विक्रेता का नाम विलोपित कर स्वयं का नाम नजूल अभिलेख में दर्ज किए जाने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है। जिसका प्रकरण न्यायालय में विचाराधीन है।

अतएव एतद द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता है कि उपरोक्त संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति अथवा संस्था को आपत्तिया दावा हो प्रकरण की सुनवाई 21.12.2023 को या इसके पूर्व इस न्यायालय में स्वतः उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति दावा या जिस भूखण्ड संबंधी जानकारी हो आवश्यक अभिलेख प्रस्तुत किया जावे अथवा करवाया जावं। बाद में प्राप्त आपत्ति आवेदन पर कोई कार्यवाही नही किया जावेगा।

आज दिनांक 22.11.2023 को मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय के पद मुद्रा से प्रकाशन हेतु जारी किया जाता है।

मुहर

नजूल जांच अधिकारी
दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय तहसीलदार दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)
ईश्तहार

रा.प्र.क्र.//अ-06/वर्ष 2023-24

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचनार्थ प्रकाशित किया जाता है कि आवेदिका श्रीमतीी सुमरित साहू पति गिरधरलाल साकिन बेलोदी द्वारा ग्राम पोटियाकला प.ह.नं. 36 रा.नि.मं. कसारीडीह तह. व जिला दुर्ग स्थित भूमि स्वामी हक की भूमि खसरा नं. 189/6 रकबा 0.012 हे. को रजिस्टर्ड बैनामा के माध्यम से विक्रेता विनोद कुमार अरोरा आ. स्व. किशनलाल अरोरा से क्रय किया गया है कि नामांतरण किए के संबंध में आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है।

अतः उपरोक्त भूमि को रजिस्टर्ड बैनामा के अधार पर नामांतरण किए जाने पर जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर या दावा हो तो वह नियत पेशी दिनांक 26.12.2023 तक स्वयं अथवा अपने विधिमान्य अभिकर्ता के माध्यम से इस न्यायालय से इस न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते है। समयावधि पश्चात् आपत्ति प्रस्तुत होने पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 08.12.2023 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर

तहसीलदार
दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)
उद्घोषणा

पंजी. नं. 202312100400033/अ-2/ वर्ष 2023-24

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता हैं कि आवेदक/आवेदिका टीकाराम गुप्ता आ./पति गणेश प्रसाद गुप्ता निवासी आदर्श नगर दुर्ग द्वारा अपने स्वामित्व की भूमि ग्राम पोटियाकला प.ह.न. 39 तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नंबर 193/19 रकबा 0.028 हें/3000 वर्गफीट के आवासीय प्रयोजन हेतु डायवर्सन के लिए छ.ग.भू.रा.सं. 1959 की धारा 59 (2) के तहत् पुर्ननिर्धारण बाबत् आवेदन प्रस्तुत किया है। जिसके संबंध में प्रकरण विचाराधीन है।

अतएव इस संबंध में आवेदित भूमि के संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का दावा -आपत्ति हो तो प्रकरण में उद्घोषणा के प्रकाशन की तिथि से 07 दिवस तक स्वयं अथवा अधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत कर सकतें हैं। नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा ।

यह उद्घोषणा आज दिनांक 05/12/2023 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर

अनुविभागीय अधिकारी
दुर्ग जिला, दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)
उद्घोषणा

पंजी. नं. 202312100400060/अ-2/ वर्ष 2023-24

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता हैं कि आवेदक/आवेदिका Srikanta Moharana So Shri Natabara निवासी हाउसिंग बोर्ड कालोनी विक्रमपुर अंगुल उड़ीसा द्वारा अपने स्वामित्व की भूमि ग्राम धनोरा प.ह.न. 53 तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नंबर 762/12 रकबा 0.0100 हें/ 1500 वर्गफीट के आवासीय प्रयोजन हेतु डायवर्सन के लिए छ.ग.भू.रा.सं. 1959 की धारा 59 (2) के तहत् पुर्ननिर्धारण बाबत् आवेदन प्रस्तुत किया है। जिसके संबंध में प्रकरण विचाराधीन है।

अतएव इस संबंध में आवेदित भूमि के संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का दावा -आपत्ति हो तो प्रकरण में उद्घोषणा के प्रकाशन की तिथि से 07 दिवस तक स्वयं अथवा अधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत कर सकतें हैं। नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा ।

यह उद्घोषणा आज दिनांक 06/12/2023 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर

अनुविभागीय अधिकारी
दुर्ग जिला, दुर्ग (छ.ग.)

कार्यालय, नगर पालिका परिषद जामुल, जिला-दुर्ग (छ.ग.)
मैनुअल पद्धति निविदा सूचना (द्वितीय सूचना)

क्र./844/न.पा.प./2023-24 जामुल, दिनांक 07/12/2023

एकीकृत पंजीयन प्रणाली अंतर्गत सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों/ मान्यता प्राप्त संस्था से पी.डब्ल्यू.डी. रोड/ भवन एसओआर 01.01.2015 एवं आधार पर कम या अधिक प्रतिशत या समान दर एवं कलेक्टर दर पर प्रपत्र ए में तीन लिफाफा पद्धति में स्पीड पोस्ट/ रजिस्टर्ड डाक के माध्यम से निविदा आमंत्रित की जाती है।

क्र.	कार्य का विवरण	अनुमानित लागत (रुपये लाख में)	भरे हुए निविदा प्रपत्र निकाय को प्राप्त होने की अंतिम तिथि
1.	15वें वित्त आयोग अंतर्गत डामरीकरण कार्य (कुल 04 कार्य)	48.62	23.12.2023
2.	अधोसंरचना मद अंतर्गत डामरीकरण कार्य एवं मार्डन टायलेट निर्माण कार्य (कुल 02 कार्य)	25.72	
3.	श्रमिक प्रदाय कार्य (01 कार्य)	10.00	

1. उपरोक्त कार्यों की निविदा की सामान्य शर्तें, धरोहर राशि, विस्तृत निविदा विज्ञप्ति, निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी वेब पोर्टल www.uad.cg.gov.in से डाउनलोड की जा सकती है।

- जल ही जीवन है, जल व्यर्थ न बहाये। -
करों का भुगतान कर नगर विकास में सहयोग प्रदाय करें।

मुख्य नगर पालिका अधिकारी
नगर पालिका परिषद जामुल

कार्यालय नगर पालिक निगम, जोन क्रमांक 09 रायपुर
मोवा थाना के पीछे स्थित सामुदायिक भवन

क्र./286/न.पा.नि./जोन क्र. 09/2023 रायपुर, दिनांक 08/12/2023

।। प्रथम निविदा आमंत्रण सूचना ।।

नगर पालिक निगम रायपुर के जोन क्रमांक 9 में निम्न कार्य हेतु सीलबंद निविदा नियमानुसार तीन लिफाफा पद्धति से दिनांक 28/12/2023 तक निविदाएं रजिस्टर्ड डाक/स्पीड पोस्ट के माध्यम से नगर पालिक निगम जोन कार्यालय क्र. 09 में संध्या 5.30 तक आमंत्रित की जाती है। इस हेतु निविदा प्रपत्र दिनांक 22/12/2023 को संध्या 5.00 बजे तक आवेदन के साथ निर्धारित राशि जमा कर, प्राप्त कर लिए जा सकेंगे। प्राप्त निविदाएं निविदा प्राप्ति के अगले कार्य दिवस को अपरान्ह 12.0 बजे उपस्थित निविदाकारों अथवा उनके अधिकृत प्रतिनिधियों के समक्ष खोली जावेंगी।

क्र.	कार्य का नाम	अनुमानित व्यय (लाख रुपए में)	अमानती राशि (रुपए में)	निविदा प्रपत्र मूल्य	निविदा प्रपत्र प्रारूप	समयावधि	ठेकेदार श्रेणी
1	सामान्य मद के तहत कचना ओ.एच.टी. (350 एम.एम.) एवं तेलीबांधा ओ.एच.टी. (400 एम.एम.) का मेन डिस्ट्रीब्यूशन वाल्व को चेंज किए जाने का कार्य	6.22	5000.00	750.00	A	4 माह	ई. रजिस्ट्रेशन द श्रेणी व उससे ऊपर (लोक स्वास्थ्य एवं यांत्रिकी विभाग के एस.ओ.आर. दिनांक 01.06.2020 से प्रभावशील तथा निविदा दिनांक तक संशोधित)
2	सामान्य मद के तहत नेताजी सुभाषचंद्र बोस वार्ड क्रमांक 31 अंतर्गत सतनाम चौक खम्हारडीह के पास वीरेन्द्र के घर से बुधवंती के घर (बर्मन गली) तक 100 एम.एम.डी.आई. पाईन लाईन बिछाने का कार्य	10.13	8000.00	750.00	A	3 माह	ई. रजिस्ट्रेशन द श्रेणी व उससे ऊपर (लोक स्वास्थ्य एवं यांत्रिकी विभाग के एस.ओ.आर. दिनांक 01.06.2020 से प्रभावशील तथा निविदा दिनांक तक संशोधित)
3	सामान्य मद के तहत नेताजी सुभाषचन्द्र बोस वार्ड क्रमांक 31 अंतर्गत आकाश हाईवेयर गली में पाईप लाईन बिछाने का कार्य	4.31	4500.00	750.00	A	2 माह	ई. रजिस्ट्रेशन द श्रेणी व उससे ऊपर (लोक स्वास्थ्य एवं यांत्रिकी विभाग के एस.ओ.आर. दिनांक 01.06.2020 से प्रभावशील तथा निविदा दिनांक तक संशोधित)
4	संधारण मद के तहत महर्षि वाल्मिकी वार्ड क्रमांक 32 अंतर्गत अवंति विहार सेक्टर -2 के विभिन्न स्थानों पर रोड एवं सी.सी. नाली निर्माण मरम्मत कार्य	4.00	4000.00	750.00	A	2 माह	ई. रजिस्ट्रेशन द श्रेणी व उससे ऊपर (लोक स्वास्थ्य एवं यांत्रिकी विभाग के एस.ओ.आर. दिनांक 01.06.2020 से प्रभावशील तथा निविदा दिनांक तक संशोधित)
5	संधारण मद के तहत महर्षि वाल्मिकी वार्ड क्रमांक 32 अंतर्गत अवंति विहार विजय नगर के विभिन्न स्थानों पर रोड एवं सी.सी. नाली निर्माण मरम्मत कार्य	3.96	4000.00	750.00	A	2 माह	ई. रजिस्ट्रेशन द श्रेणी व उससे ऊपर (लोक निर्माण विभाग के भवन के एस.ओ.आर. दिनांक 01.01.2015 से प्रभावशील तथा निविदा दिनांक तक संशोधित)
6	संधारण मद के तहत पं. मोतीलाल नेहरू वार्ड अंतर्गत कचना साहू मोहल्ला में सांस्कृतिक भवन निर्माण कार्य	10.00	7500.00	750.00	A	5 माह	ई. रजिस्ट्रेशन द श्रेणी व उससे ऊपर (लोक निर्माण विभाग के भवन के एस.ओ.आर. दिनांक 01.01.2015 से प्रभावशील तथा निविदा दिनांक तक संशोधित)
7	सुधारण मद के तहत कुशाभाऊ ठाकरे वार्ड क्रमांक-07 अंतर्गत सड्डू हाउसिंग बोर्ड कालोनी सेक्टर-01 में पाईप लाईन शिफ्टिंग कार्य	1.28	2000.00	300.00	A	2 माह	ई. रजिस्ट्रेशन द श्रेणी व उससे ऊपर (लोक स्वास्थ्य एवं यांत्रिकी विभाग के एस.ओ.आर. दिनांक 01.06.2020 से प्रभावशील तथा निविदा दिनांक तक संशोधित)

प्रथम निविदा आमंत्रण सूचना

श्रम आयुक्त कार्यालय ईपीएफ कार्यालय एवं कर्मचारी राज्य बीमा निगम में पंजीकृत ठेकेदारों से निम्न कार्य हेतु सीलबंद निविदा कलेक्टर दर पर लाँभाश प्रतिशत दर के आधार तीन लिफाफा पद्धति में दिनांक 28/12/2023 तक स्पीड पोस्ट के माध्यम से नगर पालिक निगम जोन कार्यालय क्र. 09, में कार्यालयीन दिवस में आमंत्रित की जाती है। इस हेतु निविदा प्रपत्र प्राप्त करने के लिए दिनांक 22/12/2023 को शाम 4.00 बजे तक आवेदन के साथ निर्धारित राशि जमा कर प्राप्त लिए जा सकेंगे। प्राप्त निविदा, निविदा प्राप्ति के अगले कार्य दिवस को अपरान्ह 12.00 बजे उपस्थित निविदाकारों अथवा उनके अधिकृत प्रतिनिधियों के समक्ष खोली जावेंगी।

क्रं.	कार्य का नाम	अनुमानित व्यय (रुपए में)	अमानती राशि (रुपए में)	निविदा प्रपत्र मूल्य	निविदा प्रपत्र प्रारूप	समयावधि	ठेकेदार श्रेणी
1	जोन क्रमांक -09 अंतर्गत 16 अकुशल श्रमिक प्लेसमेंट के माध्यम से कलेक्टर दर पर रखे जाने हेतु	368896.00	4000.00	750.00	B	02 माह हेतु	श्रम आयुक्त कार्यालय, ई.पी.एफ. कार्यालय, कर्मचारी राज्य बीमा निगम में पंजीकृत

नोट :-

1. कार्य से संबंधित जानकारी एवं शर्तें कार्यालयीन दिवस में नगर पालिक निगम जोन क्रमांक 09 से प्राप्त की जा सकती है। उक्त निविदा संबधी जानकारी नगर निगम पोर्टल से भी प्राप्त की जा सकती है।
2. निविदा में उल्लेखित उपरोक्त दिनांक में शासकीय अवकाश होने की स्थिति में अगले कार्यालयीन दिवस में कार्यवाही किया जावेगा।

घरों से निकलने वाले सूखा और गीला कचरे को सफाई मित्र (वाहन) को देवें

जोन आयुक्त
जोन क्रमांक- 09
नगर पालिक निगम, रायपुर

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक व संपादक यशवंत धोटे* द्वारा मीनल पब्लिकेशन एंड प्रोडक्शन प्रा.लि. शेड नं. 74 सरोरा रोड उरला इंडस्ट्रीयल एरिया से मुद्रित कर ब्रिस्टल चौक छोटापारा रायपुर से प्रकाशित, प्रबंध संपादक - चन्द्रशेखर धोटे, फोन : 0771-4035602,6262188999, डाक पंजीयन क्रमांक CG/RYP/DN/ 40/2019-2021

शराबी के नशे में की बेटे की हत्या, उम्रकैद

गरियाबंद/नवप्रदेश। आदतन शराबी ने नशे में अपने बेटे को पीट-पीट कर मार डाला। इसके बाद उसको जमीन में गाड़ने का प्रयास किया। इसकी रिपोर्ट प्रार्थी ने मैनपुर पुलिस में दर्ज कराई। रिपोर्ट पर पुलिस ने अपराध 30/2022 अन्तर्गत धारा 302, 201 भा0दं0 संहिता दर्ज किया। पुलिस ने हत्या करने के अपराध में आरोपी रोहित कुमार ध्रुव, पिता कुरसो राम ध्रुव (31) साकिन ठेमली, थाना मैनपुर, जिला गरियाबंद को अपर सत्र न्यायाधीश तजेश्वरी देवी देवांगन द्वारा दिनांक 5 दिसंबर मंगलवार को आरोपित धारा 302 भादंसंहिता में आजीवन कारावास एवं 2,000 रुपये के अर्थदण्ड से दण्डित किया गया है। धारा 201 भा0द0संहिता में 10 वर्ष का सश्रम कारावास एवं 2,000 रुपये का अर्थदण्ड कुल 4,000 रुपये के अर्थदण्ड से दण्डित किया गया है। प्रत्येक व्यतिक्रम में 1-1 वर्ष का अतिरिक्त सश्रम कारावास की सजा सुनाई गई है।

जनक राम साहू, अतिरिक्त लोक अभियोजक, जिला-गरियाबंद ने जानकारी दिया है कि प्रार्थी सुमेर सिंह पिता कुरसो राम ध्रुव (38) निवास ग्राम ठेमली, थाना मैनपुर, जिला गरियाबंद ने इस आशय की थाना मैनपुर में मौखिक दर्ज कराई है कि घटना दिनांक 27 मार्च 2022 को सुबह 5 बजे महुआ बीनने खेत गया था, उस समय आरोपी रोहित का छोटा पुत्र संदीप उसकी पुत्री गमलेश्वरी ध्रुव के साथ सोया हुआ था, सुबह 8.30- 9 बजे के मध्य उसके पिता ने बताया कि आरोपी रोहित बड़ी बेरहमी से अपने छोटे पुत्र को मार रहा है उक्त सूचना पाकर वह अपने पिता जी कुरसो राम, तीरथ राम, मंगलू राम एवं चेतन दौड़ कर घर आये तो देखा की आरोपी रोहित के कमरे के दरवाजा बंद था जिसको खटखटा कर खुलवाने पर देखा आरोपी रोहित अपने छोटे बेटे को जमीन में गाड़ रहा था, किन्तु उसका सिर बाहर दिखाई दे रहा था। आरोपी रोहित अत्यधिक शराब के नशे में था

उसने पूछने पर बताया कि मेरा लड़का जिन्दा हैं मरा नहीं है जिस पर उसके पिता कुरसो राम ने कमरे के अन्दर जा कर बालक को छुकर देखा तो संदीप कुमार के शरीर में किसी भी प्रकार की हलचल नहीं थी एवं सांस भी नहीं चल रही थी तब उसके पिता ने कहा कि नाती संदीप कुमार मर गया है। आरोपी रोहित से पूछने पर उसने कुछ नहीं बताया बस इतना कह रहा था कि मैं अपने लड़के को जिन्दा कर दूँगा मृतक संदीप कुमार के शव को गड्ढे से निकाल कर पाटे में रखा दिया था शव के माथे, बांयी आंख, नाक एवं गर्दन के पीछे की ओर चोटें दिखाई पड़ रही थी। गांव के सुखचंद एवं अन्य लोगों को मौके पर बुलाया गया। प्रार्थी की उक्त सूचना पर पुलिस द्वारा देहाती मर्ग कायम कर प्रकरण की जांच में लिया जाकर आरोपी के विरूद्ध धारा 302, 201 भां0द0सहिता का अपराध पंजीबद्ध कर सम्पूर्ण विवेचना पश्चात न्यायालय में अभियोग पत्र प्रस्तुत किया गया था। अपर सत्र न्यायाधीश तजेश्वरी देवी देवांगन के न्यायालय में प्रकरण की कार्यवाही प्रारंभ हुई अभियोजन द्वारा कुल 15 साक्षियों का परीक्षण कराया गया। अपर सत्र न्यायाधीश तजेश्वरी देवी देवांगन द्वारा प्रकरण में आये साक्ष्य के आधार पर आरोपी को दोषसिद्ध पाते हुये धारा 302 भा0दं0 संहिता में आजीवन कारावास एवं 2,000 रुपये के अर्थदण्ड से दण्डित किया गया है। एवं धारा 201 भा0दं0संहिता में 10 वर्ष का कारावास एवं 2,000 रुपये का अर्थदण्ड कुल 4,000 रुपये के अर्थदण्ड से दण्डित किया गया है।

न्यूज गैलरी

ट्रैफिक सुधारने सड़क पर उतरीं एसपी अंकिता शर्मा

खैरागढ़/नवप्रदेश। गुरुवार 7 दिसंबर को जिले की पुलिस कप्तान अंकिता शर्मा (आईपीएस) द्वारा जिले की यातायात व्यवस्था की जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने बेलगाम वाहन चालकों एवं यातायात नियमों का धज्जियां उड़ाने वाले वाहन चालकों के खिलाफ चालानी कार्रवाई। उन्होंने कहा कि जिले में यातायात नियमों का पालन नहीं करने वालों की अब खैर नहीं। पुलिस अधीक्षक के सख्त तेवर से मनमानी करने वाले बस परिचालकों में हड़कंप। 7 दिसंबर को जिले की एसपी अंकिता शर्मा ने जिले की यातायात व्यवस्था की जायजा लिया इस दौरान सड़कों पर मोना कंपनी बस चालक/परिचालकों की मनमानी चरम पर थी, मनमानी करते कहीं भी बस खड़ी कर यात्री भरने और उतारने, लेट लतीफी के चक्कर में सवारियों और रोड में चल रहे दूसरे वाहनों की परवाह करे बगैर खतरनाक तरीके से वाहन चलाते पाए जाने से तत्काल पुलिस अधीक्षक अंकिता शर्मा के निर्देश पर मोना बस पर तत्काल 5000 की चालानी कार्यवाही किया गया। इस प्रकार की मनमानी और खतरनाक तरीके से वाहन चलाने पर लगातार कार्यवाही की जाएगी साथ ही ट्रैफिक समस्या को दूर करने के लिए आवश्यक चर्चा एवं उपाय भी किया जा रहे हैं।

लता उसेंडी को जीत की दी बधाई

नगरी/नवप्रदेश। भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता एवं भारतीय जनता पार्टी जिला धमतरी जिला के मंत्री राजेंद्र गोलछा ने आज छत्तीसगढ़ के पूर्व मंत्री, भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष एवं कोंडागांव से पुनः निर्वाचित विधायक सुश्री लता उसेंडी से भेंट कर उनके ऐतिहासिक जीत के लिए गुलदस्ता भेंट कर शुभकामनाएं दी।

10 को ड्राई डे

बलौदाबाजार- भाटापारा /नवप्रदेश। कलेक्टर चंदन कुमार ने शहीद वीर नारायण सिंह शहादत दिवस के अवसर पर 10 दिसंबर को तहसील सोनाखान अंतर्गत संचालित देशी/विदेशी मदिरा दुकान बया को सम्पूर्ण दिन के लिए शुष्क दिवस घोषित किया है। आदेश में शुष्क दिवस अवधि में सोनाखान तहसील अंतर्गत संचालित देशी व विदेशी मदिरा दुकान बया को बंद किया जाना तथा सोनाखान तहसील अंतर्गत मदिरा के बिक्री,विनिर्माण, संग्रहण, धारण एवं परिवहन पर पूर्णतः प्रतिबंध लगाना सुनिश्चित करने के निर्देश दिये हैं।

नवनिर्वाचित विधायक शर्मा को शुभकामनाएं देने पहुंचे लोग

कवर्धा/नवप्रदेश। भाजपा प्रत्याशी विजय शर्मा को मिली जीत के बाद शुकवार सुबह से देर शाम तक हजारों की संख्या में क्षेत्र वासियों ने नव निर्वाचित विधायक विजय शर्मा को जीत की शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर विजय शर्मा ने क्षेत्र की जनता ,कार्यकताओं के प्रति आभार जताते हुए कहा विधानसभा 2023 का निर्वाचन में जनता ने लड़ाई लड़ी है . यह जीत जनता की जीत है। जनता ने ही विजय शर्मा बनकर चुनाव लड़ा है वो शीश नवाकर आप सबका अभिन्दन करता हूँ। सब मिलकर कवर्धा को नयी दिशा देने के जन भावना के अनुरूप कार्य करेंगे।

कलेक्टर ने बारिश से धान को सुरक्षित रखने के दिए निर्देश

कवर्धा/नवप्रदेश। राज्य शासन के निर्देशानुसार कबीरधाम जिले के 108 धान उपार्जन केंद्रों में 6 दिसंबर तक 103289.00 मी. टन धान खरीदी की जा चुकी है। खरीदे गए कुल धान में से 11579.00 मी. टन धान मिलर को जारी किया गया है। कलेक्टर जनमेजय महोबे ने संबंधित अधिकारियों की बैठक लेकर जिले के धान उपार्जन केंद्रों में की जा रही अब तक कुल धान खरीदी एवं उठाव, धान के सुरक्षित रख रखाव, बारदाने की उपलब्धता, किसानों का पंजीयन आदि के संबंध में जानकारी ली और आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि धान खरीदी शासन की प्राथमिकता का कार्य है, इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होने उपार्जन केन्द्रों में खरीदी पश्चात रखे गए शेष धान को बेमौसम बारिश से सुरक्षित रखने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि उपार्जन केन्द्रों में पर्याप्त मात्रा में कैप कव्हर और पानी के निकासी के लिए आवश्यक व्यवस्था सुनिश्चित होना चाहिए।कलेक्टर ने राइस मिलों के पंजीयन की जानकारी लेते हुए धान के उठाव में और तेजी लाने के लिए लक्ष्य के अनुरूप मिलर्स को डीओ जारी करने तथा संबंधित नोडल अधिकारियों को धान उपार्जन केन्द्रों का सतत् निरीक्षण करने के निर्देश दिए।

डीईओ ने लापरवाही बरतने पर दी नोटिस

बेमेतरा/नवप्रदेश। जिला शिक्षा अधिकारी बेमेतरा अरविन्द कुमार मिश्रा द्वारा विकासखण्ड बेरला के शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय आनंदगांव, खुड़मुड़ी, शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला खर्रा, शासकीय स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट विद्यालय कठिया रांका तथा विकासखण्ड नवागढ़ के शासकीय स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट विद्यालय नांदघाट का आकस्मिक निरीक्षण किया गया।शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय आनंदगांव के निरीक्षण के दौरान सभी शिक्षक कक्षा अध्यापन के बजाय बोर्ड का काम करते पाए गए। विद्यालय के पाठकान के अवलोकन से ज्ञात हुआ कि पाठकान में अर्ध दिवसीय आकस्मिक अवकाश की प्रविष्टि नहीं की जाती। पूर्व के तिथियों के अनेक अर्ध दिवसीय आकस्मिक अवकाश के आवेदन पाठकान में दबे पाए गए जिनकी प्रविष्टि पाठकान में नहीं की गई थी। विद्यालय के प्राचार्य के द्वारा जानकारी दी गई कि 2 बार नोटिस जारी किए जाने के बाद भी विरेन्द्र कुमार टण्डन व्याख्याता एलबी भौतिक द्वारा अध्यापन कार्य नहीं कराया जाता, इस पर डीईओ श्री मिश्रा द्वारा श्री टण्डन के विरुद्ध अनुशासनात्मक कार्यवाही प्रस्तावित किए जाने के निर्देश दिए गए। विद्यालय में प्रायोगिक कार्य पाठ्यक्रम अनुसार संख्या में नहीं कराया जाना पाया गया, इसके लिए संबंधित प्राचार्य को कारण बताओ नोटिस जारी कर जवाब मांगा गया हैं। शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय खुड़मुड़ी के दिनेश मंडावी व्याख्याता एलबी द्वारा शासकीय बालक उच्चरत माध्यमिक विद्यालय बेमेतरा जाने की सूचना दी गई थी, डीईओ श्री मिश्रा द्वारा बालक शाला बेमेतरा में संबंधित शिक्षक की उपस्थिति के संबंध में जानकारी लेने पर अनुपस्थित पाया गया। विद्यालय के मो. जावेद व्यायाम शिक्षक बिना सूचना के अनुपस्थित पाए गए। प्रीति वर्मा व्याख्याता रसायन शास्त्र, ज्योति टिकरिहा व्याख्याता भौतिक एवं संगीता चन्द्रवंशी व्याख्याता जीवविज्ञान द्वारा अपेक्षित संख्या में प्रायोगिक कार्य नहीं कराया जाना पाया गया। इस संबंध में संबंधित शिक्षकों एवं प्राचार्य नरोत्तम लाल निषाद को कारण बताओ सूचना जारी कर जवाब मांगा गया हैं।

लूटपाट के दो आरोपी गिरफ्तार

राजनांदगांव/नवप्रदेश। ट्रक खड़े कर अपने घर जा रहे ड्राइवर से दो बाइक सवारों ने रास्ता रोककर मारपीट की और उसके पास से उसका मोबाइल और नगदी रकम लूट ले गए। घटना 5 दिसंबर के तीन बजे दोपहर की बताई गई है। इसके आरोपी में एक अपचारी बालक और दो लोग शामिल हैं। प्रार्थी कृष्णा कुमार देवांगन पिता अशोक कुमार देवांगन, उम्र 33 साल, साकिन वार्ड नंबर 50 सिंगदई, थाना बसंतपुर, जिला राजनांदगांव थाना हाजिर आकर लिखित आवेदन पत्र पेश किया कि 5 दिसंबर के दोपहर करीबन 3 बजे वह अपने ट्रक को ट्रांसपोर्ट नगर में खड़ा कर लिफ्ट लेकर अपने घर सिंगदई जा रहा था। रास्ते में उसने लिफ्ट लिया और फरहद चौक के पास उतरा, फिर वहां से वह पैदल जा रहा था कि मेन रोड फरहद चौक, फ्लाई ओवर आगे पहुंचा था कि पीछे से दो मोटर सायकल मे कुछ अज्ञात लोग आये और उसे रोककर उसके साथ मारपीट किये और उसका मोबाईल ओप्पो ए-3 जिसका आईएमईआई नंबर-867196053084974 एवं नंबर 867196053084966 जिसमें सिम नंबर 9131390060, 9752991028 लगा था तथा उसके पर्स में 1500 रूपये था, आधार कार्ड-ड्रायविंग लाईसेस एवं ब्लूटूथ ईयर फोन को लुट लिये, जिस पर थाना लालबाग में अपराध क्रमांक 489/23 धारा 394 भादंवि कायम कर विवेचना में लिया गया था।

मुखबीर सूचना के आधार पर पांच आरोपियों को पकड़ा गया, जिसमें से 3 आरोपी विधि से संघर्षरत बालक है तथा 2 आरोपी परमानंद गोंड़ पिता मेमसिंग गोंड़, उम्र 23 साल, साकिन वार्ड नंबर 18 रेवाडीह, मिथलेश ओटी पिता नरेश ओटी, उम्र 18 साल 11 माह, साकिन रेवाडीह, थाना लालबाग को हिरासत में लेकर पूछताछ करने पर लूट करना स्वीकार किया एवं लूट किया गया मशरूका मोबाईल कीमती 14000 रूपये, नगदी रकम 1500 रूपये व घटना में इस्तेमाल 2 नग मोटर सायकल कीमती 1,00,000 रूपये पेश करने पर विधिवत जप्त कर कब्जा पुलिस लिया गया तथा आरोपी को न्यायालय के आदेशानुसार न्यायिक अभिरक्षा में भेजा गया।

विधायक शर्मा के निर्देश पर संविदा स्वास्थ कर्मियों का तीन माह का वेतन मिला

कवर्धा/नवप्रदेश। । संविदा स्वास्थ्य कर्मचारियों रुका वेतन दिलाने विधायक विजय शर्मा ने शाम तक का दिया था आश्वासन ,तय समय में जारी हुआ वेतन आहरण का आदेश। नियमितीकरण सहित अनेक मांगों को लेकर संविदा स्वास्थ्य कर्मचारी 3 जुलाई से 02 अगस्त 23 तक आन्दोलन रत रहे। तत्कालीन सरकार के झूठे आश्वासन के बाद कर्मचारियों ने अपना आन्दोलन वापस ले लिया था। इस दौरान हड़ताल पर रहे कर्मचारियों का वेतन रोक दिया गया था। शासन द्वारा आन्दोलन अवधी को शून्य दिवस मानते हुए वेतन दिए जाने हेतु निर्देश प्राप्ति के बाद 23 जिलो में आन्दोलन रत संविदा कर्मियों का वेतन भुगतान कर दिया गया था . किन्तु कवर्धा जिले के सविदा स्वास्थ्य कर्मियों का वेतन दुर्भावना पूर्ण जारी नही किया गया था .

इसी तारतम्य में सविदा स्वास्थ्य कर्मियों के प्रतिनिधि मंडल ने नव निर्वाचित विधायक विजय शर्मा से मुलाकात कर अपनी समस्या बताई . इस पर विधायक विजय शर्मा ने प्रतिनिधि मंडल को शाम तक वेतन जारी हो जाने का आश्वासन दिया था . आश्वासन के अनुरूप विजय शर्मा के निर्देश पर सी एम एच ओ ने संविदा कर्मियों के वेतन आहरण करने का निर्देश जारी कर दिया है। इस विषय में संविदा स्वास्थ्य कर्मीयों के प्रतिनिधि मंडल में डॉ सुरेन्द्र चन्द्रवंशी ,डॉ मुकेश खुटें, सौरभ तिवारी ,डॉ निलेश चन्द्रवंशी ,हर्ष चदेल,शशिकांत डॉ त्रिवेणी पटेल ने प्रशन्नता जाहिर करते हुए कहा मा. विजय शर्मा जी ने शाम तक का आश्वासन दिया था तय सीमा में ही हमारा वेतन आहरण करने का निर्देश प्राप्त हो गया।

अमितेष की हार क्या शुक्ल परिवार की राजिम से विदाई

■ **कार्यकर्ताओं की उपेक्षा, भरोसा न करना पड़ा भारी**

गरियाबंद/नवप्रदेश। राजिम विधानसभा क्षेत्र शुक्ल परिवार की परंपरागत सीट कहे जाने वाले इस भ्रम को नए चेहरे ने तोड़ दिया।

राजिम से शुक्ल युग की समाप्ति का बिगुल बजा दिया। इसके पहले भी इस सीट से स्व.पवन दीवान, चंदूलाल साहू, संतोष उपाध्याय ने शुक्ल परिवार को मात दी थी। शुक्ल परिवार की लोकप्रियता राजिम क्षेत्र में थी, स्व.श्यामचरण शुक्ल के नाम पर वोट मिलते थे, अमितेष शुक्ल को भी जनता व कार्यकर्ताओं ने अवसर दिया लेकिन वे अपने पिता का अनुसरण नहीं कर पाए। उनके जैसे कार्यकर्ताओं को सम्मान देने की भावना नहीं है। अमितेष शुक्ल जल्द ही कार्यकर्ताओं से नहीं मिलते थे। उन पर विश्वास नहीं करते थे और कान के कच्चे थे। 2018 के चुनाव में विजयी होने के बाद उन पर ऐसा जुनून सवार था कि युवा कार्यकर्ताओं के मोह का उन्होंने वरिष्ठ कांग्रेसियों की उपेक्षा कर युवा नेताओं को ब्लाक कांग्रेस कमेटियों का अध्यक्ष बना दिया, ब्लाक कांग्रेस कमेटियों के अध्यक्ष बनाने के पूर्व कभी वरिष्ठ कांग्रेसियों की सलाह मशविरा तक नही किया करते थे। नगर पंचायत, नगर पालिका में कांग्रेस पार्षदों की हमेशा उपेक्षा करते थे, मंडी अध्यक्ष, एल्डरमेन बनाने आदि में किसी भी कांग्रेस नेता की सलाह तक नहीं ली, विधायक प्रतिनिधि तो हर महीने विभिन्न विभागों में बदलते रहे हैं । लोग छोटो छोटे काम को लेकर भटकते रहते थे। कार्यकर्ताओं का कहान है कि भैया का काम करते हैं लेकिन वो उन पर विश्वास नहीं करते। हमारे मोबाईल बाहर रखवा देते थे। इससे कार्यकर्ता अपना अपमान समझते थे। राजिम विधानसभा क्षेत्र से कई लोगों नेआवेदन दिया लेकिन टिकट केवल शुक्ल को ही मिलती थी। राजिम कांग्रेस की परंपरागत सीट थी। श्री शुक्ल ने गंवा दिया। वो अपने को राजिम के लोगों को परिवार कहते थे। लेकिन राजिम के लोग उनसे मिलने रायपुर जाते तो घंटों इंतजार कराते थे। सबसे खराब स्थिति ब्लाक कांग्रेस कमेटी गरियाबंद के अध्यक्ष के गृह ग्राम मालगांव व आस-पास के गांवों की विधायक को अध्यक्ष निष्क्रियता की जानकारी दी गई लेकिन वे अनसुनी कर दिया करते थे जिसका परिणाम यह हुआ कि मालगांव के 28 पोंलिग बूथ में भाजपा को सर्वाधिक मत मिले, कासरबाय, हरदी, कोचवाय, सोहागपुर, आमदी-म, ग्रामीण क्षेत्रों में भाजपा की बढ़त मिली।

कार्यालय संपदा अधिकारी
छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल, संपदा प्रबंधन प्रक्षेत्र-02, शंकर नगर, रायपुर (छ.ग.)
फोन नं. 0771-4903223
email ID: eocghbzone2@gmail.com

आम सूचना

सर्व-साधारण को सूचित किया जाता है कि दीनदयाल आवास योजनांतर्गत कोहका तिल्दा, जिला-रायपुर में स्थित भवन क्रमांक एल.आई.जी. 28, श्री आलोक अग्रवाल पिता श्री दिलीप अग्रवाल, के नाम से स्ववित्तिय आधार पर आबंटित है। आबंटी द्वारा उक्त भवन की सेलडीड/लीजडीड दिनांक 11.08.2021 पंजीकृत कराने उपरान्त भवन की पूर्ण राशि जमाकर दिनांक 04.09.2021 को आधिपत्य आदेश प्राप्त कर लिया है, वर्तमान में आबंटी श्री आलोक अग्रवाल पिता श्री दिलीप अग्रवाल, निवासी-वार्ड नं.-04 कोहका, पोस्ट व थाना व तहसील तिल्दा-नेवरा, जिला-रायपुर (छ.ग.) के द्वारा उक्त भवन को श्रीमती सुदया प्रधान पति श्री खुबचंद प्रधान, निवासी-वार्ड नं.-06 तिल्दा, पोस्ट व थाना व तह. तिल्दा-नेवरा जिला-रायपुर (छ.ग) के नाम से विक्रय करने के लिये इस कार्यालय में अपना आवेदन प्रस्तुत कर अनापत्ति प्रमाण पत्र (NOC) की मांग की गई है।

अतः उक्त भवन के विक्रय के संबंध में किसी व्यक्ति, शासकीय व अर्धशासकीय संस्था, निकाय, बैंक, अथवा वित्तिय संस्था, को कोई आपत्ति हो तो इस आम सूचना प्रकाशन के 15 दिवस के अन्दर लिखित आपत्ति मय दस्तावेज अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय में प्रस्तुत करें। अन्यथा बाद में प्राप्त होने वाली आपत्ति पर विचार नहीं किया जावेगा।

संपदा अधिकारी
छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल,
संपदा प्रबंधन प्रक्षेत्र-2, रायपुर,

बेमौसम बारिश, धान के परिवहन पर विशेष ध्यान देकर करें कार्य: कलेक्टर

■ **उपार्जन केन्द्रों में धान को सुरक्षित रखने के लिए पर्याप्त व्यवस्था करने के दिए निर्देश**

राजनांदगांव/नवप्रदेश। कलेक्टर डोमन सिंह ने कलेक्टोरेट सभाकक्ष में खरीफ वर्ष 2023-24 अंतर्गत किए जा रहे धान खरीदी कार्य की समीक्षा की। कलेक्टर ने कहा कि किसानों को धान बिक्री करने में किसी भी प्रकार की दिक्कत नहीं होनी चाहिए। बेमौसम बारिश को देखते हुए धान के परिवहन पर विशेष ध्यान देते हुए कार्य करें। धान को बारिश से सुरक्षित रखने के लिए पर्याप्त व्यवस्था करने के निर्देश दिए। सभी धान उपार्जन केन्द्रों में धान को सुरक्षित रखने के लिए कैप कव्हर की व्यवस्था रखें। मिलर्स द्वारा धान का तेजी से उठाव किया जा रहा है। उन्होंने एफसीआई गोदाम में धान रखने के संबंध में निर्देश दिए। मिलर्स द्वारा लगातार धान का उठाव होते रहना चाहिए। शनिवार एवं रविवार को भी धान का उठाव हो।

खाद्य अधिकारी भूपेन्द्र मिश्रा ने बताया कि जिले के सभी 96 धान उपार्जन केन्द्रों में 1 नवम्बर 2023 से किसानों से धान खरीदी की जा रही है। जिले में पंजीकृत किसानों की कुल संख्या 1 लाख 28 हजार 34 है, जिनमें से अब तक 37 हजार 566 किसानों ने 166486.08 मीट्रिक टन धान बेचा है। धान उपार्जन केन्द्रों से 64 धान उठाव करने वाले मिलर्स को 55116.72 मीट्रिक टन धान मिलर को प्रदाय किया गया है।

विजयी प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र वितरित

बेमेतरा/नवप्रदेश। नालसा द्वारा संचालित ÷स्टेट प्लॉन ऑफ एक्शन कलैंडर 2023÷ अनुसार जिला न्यायाधीश/अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण बेमेतरा बृजेंद्र कुमार शास्त्री के निर्देशन में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, बेमेतरा के पैरालीगल वालिंटियर्स द्वारा गत दिवस 26 नवंबर 23 कों संविधान दिवस के परिपेक्ष में शासकीय कन्य उ. मा. शाला साजा, शासकीय पूर्व मा. शाला परपोड़ी, शासकीय पूर्व माः शाला तेंदुभाठा, शासकीय पूर्व मा. शाला, कंडरका विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन कर उपस्थित छात्र-छात्राओं को संविधान के मौलिक अधिकार एवं मौलिक कर्तव्य एवं संविधान के प्रस्तावना के बारे में बताते हुये छात्र जीवन में उपयोगी विभिन्न कानून के संबंध में जानकारी प्रदान की गई थी तथा स्कूली छात्र-छात्राओं के मध्य संविधान प्रश्नोत्तरीय प्रतियोगिता, रंगोली प्रतियोगिता, गुलदस्ता प्रतियोगिता, चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन किया गया था। प्रतियोगिता में भाग लेने वाले सभी छात्र-छात्राओं को आज जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, बेमेतरा की सचिव/व्यवहार न्यायाधीश वर्ग-1 श्रीमती जसविंदर कौर अजमानी मलिक एवं श्रीमती अंकिता मुदलियार, तृतीय झांसी साहू एवं शासकीय पू. मा. शाला कंडरका छात्र-छात्राओं द्वारा चित्रकला प्रतियोगिता में प्रथम स्थान कु. चितेश्वरी साहू, द्वितीय कु. ओमेश्वरी, तृतीय चंद्रशेखर एवं गुलदस्ता प्रतयोगिता में प्रथम स्थान कु. विनिता, द्वितीय राधिका, लक्ष्मी, द्वितीय कु. ईशा, तृतीय स्थान रोशनी को प्रमाण पत्र वितरण कर प्रोत्साहित किया गया।

नवागढ़ की समस्याओं को दूर करने संघर्ष करेंगे: गुरु रुद्र

बेमेतरा/नवागढ़/नवप्रदेश। विधानसभा चुनाव के परिणाम के बाद पहली बार शुक्रवार को नवागढ़ विधानसभा क्षेत्र के कांग्रेस पदाधिकारी व कार्यकर्ता कांग्रेस प्रत्याशी गुरु रुद्रकुमार से भेंट करने उनके रायपुर निवास पहुँचे। जहां विधानसभा चुनाव परिणाम की समीक्षा उपरांत सभी ने गुरु के साथ कदम से कदम खड़े होने की बात कही।

गुरु रुद्रकुमार ने कहा कि वो जनादेश का सम्मान करते हैं। दुर्भाग्य से हमारा सच भाजपा के झूठ के सामने दब गया। हालांकि चुनाव नतीजों ने हमें निराश किया है, फिर भी हम निश्चिंत हैं।

उन्होंने कहा कि हम नवागढ़ विधानसभा क्षेत्र में विपक्ष के रूप में बने रहेंगे। सड़क से लेकर सदन तक हम जनता के मुद्दों को उठाएंगे।

दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे

ई-निविदा सूचना क्रमांक : एनआईटी/11/23/31, दिनांक – 30.11.2023

क्रमांक	निविदा संख्या	निविदा खुलने की तिथि	निविदा खुलने का समय	निविदा पत्र लागत (रु.)	अर्नेस्ट मनी डिपोजिट (रु.)
1	11235790	01.01.2024	10:30	00	80080.00

निविदाकर्ता कृपया हमारी वेबसाइट https://www.ireps.gov.in पर जाएं।

वरिष्ठ मंडल सामग्री प्रबंधक, द.पू.म. रेलवे, बिलासपुर

सीपीआर/10/325

South East Central Railway @secrail

कार्यालय कार्यपालन अभियंता,
लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी खंड, राजेन्द्र पार्क चौक दुर्ग (छ.ग.)
दूरभाष क्र. 0778-2323633, E-mail: eedurg-pher-cg@nic.in
नि.सू.क्र. 20 / तशा./ (निविदा) / का.अ./ लो.स्वा.यां.खंड / 2023 दुर्ग, दिनांक 07.12.2023

// मैनुअल पद्धति निविदा सूचना (द्वितीय आमंत्रण) //

छत्तीसगढ़ राज्य के राज्यपाल की ओर से एकीकृत पंजीयन प्रणाली अंतर्गत सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से 'प्रपत्र 'ए' में प्रतिशत दर पर निम्नलिखित कार्य हेतु मैनुअल निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदा प्रपत्र हेतु आवेदन की अंतिम तिथि 22.12.2024 शाम 5.30 बजे है।

समूह क्र.	कार्य का विवरण	अनुमानित लागत (लाख रूपये में)
01-02	दुर्ग-पाटन निर्माणाधीन मार्ग के अंतर्गत ग्राम गोड़पेण्ड्री विकासखंड पाटन में पाईप लाईन मरम्मत कार्य।	2.93, 3.34

यह निविदा सूचना मूल निविदा का एक अंग है। विस्तृत निविदा एवं पूर्ण जानकारी इस कार्यालय में कार्यालयीन समय में देखी जा सकती है।

जी-06233/3

कार्यपालन अभियंता
लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी खंड
दुर्ग (छ.ग.)

■ न्यूज गैलरी

संभागीय संयुक्त संचालक स्वास्थ्य ने सुकमा अस्पताल का किया निरीक्षण

सुकमा/नवप्रदेश। 6 दिसंबर को सुकमा स्थित जिला अस्पताल में संभागीय संयुक्त संचालक स्वास्थ्य सेवाएं बस्तर संभाग जगदलपुर डॉ के. के. नाग 2 दिवसीय दौरे पर पहुंचे थे। उन्होंने जिले के स्वास्थ्य सेवाओं की समीक्षा बैठक और निरीक्षण किया। इसमें पहले दिन कार्यालय मुख्य चिकित्सा एंव स्वास्थ्य अधिकारी के सभाकक्ष बैठक में डॉ. महेश सांडिया मुख्य चिकित्सा एंव स्वस्थ्य अधिकारी जिला सुकमा डॉ. अभय प्रताप सिंह सिविल सर्जन सह अस्पताल अधीक्षक, जिला अस्पताल सुकमा, विकास खण्ड चिकित्सा अधिकारी सुकमा ,कोंटा छिन्दगढ़ , जिला नोडल अधिकारी स्वा. सेवाएँ व अन्य अधिकारी कर्मचारी मौजूद रहे। संचालक के द्वारा समीक्षा के दौरान क्षेत्र में स्वस्थ्य सेवाओं के विस्तार एंव सुदृढ़ीकरण के लिए व्यापक व्यवस्था करने को निर्देशित किया। साथ ही एनक्यूएएस टीम द्वारा प्रमाणित प्राथमित स्वा. केंद्र गादीरास का भी निरिक्षण किया गया, व ग्रामीण स्तर पर सभी स्वास्थ्य सुविधाओं को दिए जाने हर संभव प्रयास किये जाने पर जोर दिया गया। जबकि अपने दौरे के दुसरे दिन संचालक द्वारा जिला अस्पताल सुकमा का निरीक्षण किया गया व वर्तमान में स्वस्थ्य सेवाओं की व्यवस्था को देखकर एनक्यूएएस प्रमाणित होने पर सराहना की, स्वस्थ्य सुविधाओं की बेहतरी के लिए साफ़ सफाई, ब्लड बैंक की व्यवस्था अच्छे से करने, फाइलों का रखरखाव बेहतर तरीके से करने को निर्देशित किया गया। संचालक द्वारा अपने स्तर पर जिले में स्वस्थ्य सुविधाओं के विस्तार एंव सुदृढ़ीकरण हेतु बुनियादी सुविधाओं के लिए राज्य स्तर से हर संभव से प्रयास करने की बात कही गई।

प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए आवेदन आमंत्रित

नारायणपुर/नवप्रदेश। अनुसूचित जाति, जनजाति एवं अन्य पिछड़ा वर्ग के अभ्यार्थियों के लिए राजीव युवा उत्थान योजना वर्ष 2019 अंतर्गत एसएससी, बैंकिंग, रेल्वे एवं व्यापम जैसे प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी हेतु वर्ष 2023-24 में नारायणपुर में परीक्षा पूर्व प्रशिक्षण केन्द्र में प्रवेश लेकर परीक्षा की तैयारी करने हेतु इच्छुक पात्र अभ्यार्थियों से निर्धारित प्रारूप में आवेदन पत्र आमंत्रित किये गये है। चयनित अभ्यार्थियों को नारायणपुर स्थित परीक्षा पूर्व प्रशिक्षण केन्द्र में युवा करियर निर्माण योजना के तहत हॉस्टल में आवास, लाईब्रेरी, समाचार पत्र, पत्रिका आदि सुविधाएं निशुल्क उपलब्ध कराई जाएगी। इस हेतु अभ्यर्थियों को छत्तीसगढ़ राज्य का मूल निवासी, भारत सरकार द्वारा छ.ग. राज्य के लिए घोषित अनुसूचित जाति अनुसूवित जनजाति एवं छग शासन द्वारा घोषित अन्य पिछड़ा वर्ग से हो तथा स्थायी जाति प्रमाण पत्र धारक होना आवश्यक है। आपदेक की न्यूनतम आयु 20 वर्ष तथा अधिकतम आयु 30 वर्ष होनी चाहिए। न्यूनतम आयु की गणना विज्ञापन प्रकाशन वर्ष में जनवरी 2023 की स्थिति में की जाएगी। आवेदक बैंकिग, रेल्वे, व्यापम, एसएससी द्वारा आयोजित परीक्षा में शामिल होने हेतु निर्धारित न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता रखता हो। ऐसे अभ्यर्थी जो वर्तमान में किसी शासकीय सेवा में कार्यरत हो वे इस योजना हेतु पात्र नहीं होंगे। चयनित अभ्यर्थियों को योजना का लाभ कंवल एक बार ही दिया जायेगा। ऐसे आवेदक जिनकी स्वयं की आय या माता-पिता पालक की आय रू. 300 लाख वार्षिक तक है, वे योजनातर्गत संचालित प्रशिक्षण हेतु पात्र होंगे। इस हेतु सक्षम अधिकारी द्वारा जारी आय प्रमाण पत्र प्रस्तुत करना होगा।

प्लेसमेंट कैंप 13 को

नारायणपुर/नवप्रदेश। जिला रोजगार अधिकारी से प्राप्त जानकारी अनुसार जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केन्द्र नारायणपुर में एक दिवसीय प्लेसमेंट कैंप का आयोजन 13 दिसंबर को समय सुबह 11 बजे से सांय 3 बजे तक जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केन्द्र एवं जिला परियोजना लाईवलीहुड कालेज गरांजी के संयुक्त तत्वाधान में कलेक्ट्रेट बिल्डिंग के सहायक आयुक्त आदिवासी विकास शाखा के सभाकक्ष मे किया जायेगा। निजी क्षेत्र के नियोजकों से प्राप्त कुल (800) रिक्तियों के आधार पर भर्ती किया जायेगा। इच्छुक आवेदक उक्त प्लेसमेंट कैंप में उपस्थित होकर अपना सम्पूर्ण बायोडाटा के साथ आवेदन पत्र जमा कर सकते है। प्राप्त आवेदनों के आधार पर नियोक्ता द्वारा साक्षात्कार लिया जायेगा। जिसमें सिक्योरिटी गार्ड हेतु 300 पद, सिक्योरिटी सुपरवाईजर हेतु 10, टेक्निकल स्टॉफ हेतु 200, सेल्स मैनेजर हेतु 03, सेल्स ऑफिसर हेतु 50 पद है। इसी प्रकार फ्रन्ट ऑफिस एक्सीक्यूटिव अंतर्गत विभिन्न पदों हेतु 237 पद शामिल है।

पांडातराई नगर पंचायत अध्यक्ष के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव

कवर्धा/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ में बीजेपी की सरकार बनते ही एक के बाद एक कांग्रेस को झटका लगना शुरू हो गया है। राजधानी से लेकर प्रदेश के की नगर निकायों में कांग्रेस अध्यक्ष के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव का दौर चल रहा है। इसी कड़ी में आज पांडातराई नगर पंचायत में कांग्रेस पार्षदों ने अध्यक्ष फिरोज खान के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव लाया। जिसमें एक वोट से नगर पंचायत अध्यक्ष फिरोज खान की कुर्सी चली गई और इस तरह नगर पंचायत पांडातराई में कांग्रेसी पार्षदों ने ही अध्यक्ष को हटा दिया। जीत के बाद नगर पंचायत के बाहर बीजेपी कार्यकर्ताओं ने नारेबाजी और आतिशबाजी की। वहीं नगर पंचायत उपाध्यक्ष संतोष गोयल ने कहा कि ये जीत सत्य की जीत है। नगर पंचायत अध्यक्ष रहते फिरोज खान ने मनमानी और भ्रष्टाचार किया जिसके फलस्वरूप उन्हें हटाने में आज हम सभी कामयाब हुए।

नगर में श्रीमद भागवत कथा 15 से

डोंगरगांव/नवप्रदेश। नगर के वार्ड नं. 15, बिजली ऑफिस के पास स्थित शिव बजरंग मंदिर प्रागंण में शुक्रवार 15 दिसंबर से सात दिवसीय श्रीमद भागवत ज्ञान सप्ताह का आयोजन किया गया है। कथावाचक प्रसिद्ध भागवताचार्य तथा ज्योतिषाचार्य आचार्य पं. राजलोटन दीक्षित होंगे। वार्डवासियों तथा दानदाताओं के सहयोग से लगातार चतुर्थ वर्ष आयोजित उक्त श्रीमद भागवत कथा का शुभारंभ शुक्रवार को दोपहर 2 बजे भव्य शोभायात्रा, देवस्थापना, वेदी पूजन तथा कथा का प्रारंभ होगा। 16 को कपित अवतार, शांख्ययोग, ध्रुवचरित्र, जड़थरत कथा, 17 को अजामिल कथा, प्रहलाद चरित्र, नरसिंह अवतार, 18 को समुद्रमंथन, श्रीरामावतार, श्री कृष्ण जन्मोत्सव, 19 को श्रीकृष्ण बालचरित्र गोचारण, गोपीगीत, वेणुगीत, 20 को रूखमणी विवाह, अन्य पटरानियों संग विवाह, सुदामा चरित्र, 21 को सत्संग महिमा, परीक्षित मोक्ष कथा विराम, गीता प्रवचन, तुलसीवर्षा, हवन यज्ञ, कपिलातर्पण पूर्णाहूति होगा। अंतिम दिवस पूर्णाहूति के बाद दोपहर 3 बजे से महाप्रसादी भंडारा का आयोजन किया गया है। कथा का समय दोपहर 2 से शाम 6 बजे तक होगा। इसके मुख्य यजमान गोविन्द देवांगन व ओमेश्वरी देवांगन होंगे।

कोंटा की जनता पीएम के कार्यों से प्रभावित: सोयम मुका

सुकमा/नवप्रदेश। सुकमा अटल सदन भाजपा कार्यालय में भाजपा प्रत्याशी ने प्रेसवार्ता लिया। इसमें कोंटा विधानसभा से भाजपा प्रत्याशी सोयम ने सुकमा के मतदाताओं व भाजपा कार्यकर्ताओं का आभार व धन्यवाद व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि चुनाव में हार जीत एक सिक्के के दो पहलू है। सोयम मुका ने कहा की कवासी लखमा सत्ता में मंत्री पद पर रहने के बावजूद पिछले 5 वर्षो में 800 मतदाताओं की ही बढ़त ले सके। जबकि सवा लाख में मतदातदाताओं के अनुपात में भाजपा का वोट करीब 5 हजार बढ़ा, इससे साफ होता है, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कार्यो से जनता प्रभावित है। हमारे कार्यकर्ताओं ने भरपूर मेहनत की लेकिन हार तो हार है इसकी समीक्षा करेंगे और भाजपा सरकार की योजनाओं को जन-जन तक पहुँचाने का काम करेंगे।

हार की करेंगे समीक्षा: सोयम मुका ने कहा की कोण्टा सीट से मुझ जैसे साधारण कार्यकर्ता को चुनाव लड़ने का मौका भाजपा संगठन ने दिया। इसके लिये जीवन भर आभारी रहूंगा। मुझे काफी खुशी हो रही है कि कांग्रेस के करोड़ों के धन, सैकड़ों बाहुबल के आगे हमारी जड़ें ज्यादा मजबूत रही। कवासी लखमा ने पांच सालों में भाजपा को तोड़ने का भरपूर प्रयास किया,चुनाव के समय हमारे कार्यकर्ताओं को डराने धमकाने का काम किया। विधानसभा में पैसा पानी की तरह बहाया गया उसके बावजूद उनका मात्र 800 वोट ही बढ़े है। वहीं हमारे कार्यकर्ताओं की मेहनत के चलते 5 हजार वोट बढ़े हैं ये हमारी जीत है। हार की समीक्षा कर आखिर कहां कमी रह गई इसका विश्लेषण किया जाएगा। बस्तर के आदिवासियों ने भाजपा पर भरोसा जताया है जिस पर खरा उतरने का भरपूर प्रयास करेंगे। भाजपा पार्टी के वादों व योजनाओं को अंतिम व्यक्ति तक पहुँचाने का प्रयास किया जाएगा। कोण्टा की जनता को विश्वास दिलाना चाहूंगा कि यहाँ अब गुंडागर्दी या मनमानी नहीं चलेगी। यहाँ की जनता ने जो पांच साल भुगता है वो अब नहीं सहना पड़ेगा। कोन्टा विधानसभा में बाप बेटा के कमीशनखोरी व जिला निर्माण में हो रही अनियमितता की जांच हेतु शपथ लेते ही जांच हेतु आग्रह किया जाएगा। सुकमा जिले की सबसे महत्वपूर्ण एनएच 30 जो कि कांग्रेस के मंत्री कवासी लखमा द्वारा उपेक्षित कर दिया गया था उसे तत्काल प्रारंभ करने हेतु प्रशासन का कहा जाएगा अगर इसमें लेटलतीफी की गई तो फिर उच्च स्तर पर बड़ी कार्यवाही हेतु सरकार से आग्रह किया जाएगा।

अपने ही गढ़ में पिछड़े टिकट दावेदार

भाजपा के पूर्व जिला अध्यक्ष और टिकट की दावेदारी पेश करने वाले हूंगा राम मरकाम अपने ही गृहग्राम व छिंदगढ़ मंडल से भाजपा को लीड दिलाने में नाकाम साबित होने के सवाल पूछे जाने पर तर्कहीन जवाब देते हुए लोकतांत्रिक व्यवस्था पर ही सवाल खड़े कर दिया। वहीं कांग्रेस विधायक कवासी लखमा पर मतदाताओं को डारा धमकाकर चुनाव जीतने का आरोप भी लगाया है।

एनएच की मरम्मत के लिए कलेक्टर से की मांग, सौंपा ज्ञापन

सुकमा/नवप्रदेश। गुरुवार को भाजपा जिलाध्यक्ष धनीराम बारसे के नेतृत्व में भाजपाइयों ने बीते पांच वर्षों से जर्जर हो चुके नेशनल हाइवे के मरम्मत कार्य को शीघ्र प्रारंभ करने और मित्तल कंपनी द्वारा शबरी नदी के जल का दोहन करते हुए जिले के भाजपा पंचायतों में विकास निधि जारी करने की मांग को लेकर कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा। इस दौरान भाजपा जिला अध्यक्ष धनीराम बारसे , उपाध्यक्ष नूपुर वैदिक, धर्मेंद्र सिंह भदोरिया, महामंत्री विश्वराज सिंह चौहान, कोरसा सन्नू , जिला मंत्री मड़कम भीमा, टी. विजय, सम्बल नरेश ,मीडिया प्रभारी रामेश यादव, सुकमा मंडल अध्यक्ष डमरू नाग, दोरनापाल मंडल अध्यक्ष बलिराम नायक, कोन्टा मंडल अध्यक्ष जी.साई रेड्डी जी, सहकारिता प्रकोष्ठ जिला संयोजक जोगा बारसे, मंडल महामंत्री सत्यनारायण मनेम, कोन्टा मंडल महामंत्री पुल्ली गोलू, युवा मोर्चा जिला उपाध्यक्ष अमितेश सिंह, सोशल मीडिया जिला सहसंयोजक प्रवीण बारसे उपस्थित रहे।

सुकमा केशलूर मार्ग जर्जर

भाजपा ने कहा कि राष्ट्रीय राज मार्ग 30 सुकमा से केशलूर (जगदलपूर) मार्ग पिछले पाँच वर्षों से पूरी तरह से जर्जर हो चुका है एवं आम जनता को आवागमन में बहुत अधिक कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है, भारतीय जनता पार्टी जिला संगठन के द्वारा पिछले कई वर्षो से लगातार धरना एवं चक्काजाम कर प्रदर्शन किया गया है किन्तु कांग्रेस की सरकार द्वारा संबंधित ठेकेदार से मोटी कमीशन राशि लेकर संरक्षण दिया जा रहा था। ठेकेदार द्वारा जो कार्य किया गया है वह सड़क निर्माण कार्य स्तरहीन है। उक्त मामले में गंभीरता पूर्वक दोषियों पर कार्यवाही करते हुये सुकमा से जगदलपुर मार्ग को अतिशीघ्र प्रारंभ करें।

मित्तल कंपनी पंचायतों से कर रही पक्षपातः भाजपा ने मित्तल प्राइवेट लिमिटेड कंपनी पर पक्षपात का आरोप लगाते हुए कहा कि सुकमा जिले के शबरी नदी से विगत कई वर्षों से पानी लेकर बड़े-बड़े पाइपों के माध्यम से बैलाडिला से विशाखापटनम तक लौह चूर्ण निर्यात किया जा रहा है तथा सुकमा जिला के प्रभावित ग्राम पंचायत झापरा, पुसपल्ली, मुरतोण्डा एवं जीरमपाल में भाजपा पंचायतों से पक्षपात करके पिछले पाँच वर्षो से किसी भी प्रकार का ग्रामीण क्षेत्रों में निर्माण एवं हितग्राही मुलक विकास कार्य नहीं किया गया है। जिले में किसी भी प्रकार का विकास के लिये कम्पनी के द्वारा राशि आबंटित नहीं किया गया है जबकि कांग्रेस सरकार के समय कांग्रेस पंचायतों में लगातार क्षेत्र विकास निधि दिया गया है। भाजपा ने कलेक्टर से मित्तल प्राईवेट लिमिटेड कंपनी के संबधित अधिकारियों को यथा शीघ्र निर्देश देकर सभी पंचायत के लिये विकास कार्य करने के लिये क्षेत्र विकास निधि की राशि जारी करवाने को कहा। वहीं विकास निधि की राशि जारी नहीं होने पर भारतीय जनता पार्टी जिला सुकमा के द्वारा 5 दिवस के अंदर कुम्हाररास वार्ड में स्थित मित्तल प्राईवेट लिमिटेड कंपनी कार्यालय का विरोध कर उग्र आंदोलन करने की चेतावनी भी दी है।

मलेरिया मुक्ति के लिए ग्राम गुड़से पहुंचे सीएमएचओ

दन्तेवाड़ा/नवप्रदेश। जिले में मलेरिया मुक्त छत्तीसगढ़ अभियान का 9वा चरण 28 नवंबर से संचालित किया जा रहा है जिसके अंतर्गत स्वास्थ्य दल के द्वारा जिले की प्रत्येक ग्राम में जाकर घर-घर पहुंचकर मलेरिया की जांच की जा रही है। इसके लिए गठित जिले के समस्त 206 दलों के द्वारा लगातार निरंतर रूप से अभियान चलाया जा रहा है। गठित दलों के सदस्य प्रत्येक पहुंच विहीन ग्रामों में घर-घर पहुंचकर मलेरिया की जांच करने के साथ-साथ पॉजिटिव आने वाले मरीजों को त्वरित मलेरिया की दवाइयां दे रहे हैं। इस क्रम में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ संजय बसाक ने आज कटेकल्याण विकासखंड के सुदूर ग्राम गुड़से पहुंचकर अभियान के कार्य का निरीक्षण किया उन्होंने पॉजिटिव आने वाले मरीज के घर पहुंच कर पूर्ण रूप से दवाई का सेवन करने के संबंध में जानकारी ली। तथा मच्छरदानी की निरंतर उपयोगिता के बारे में निर्देश दिए। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉक्टर संजय बसाक ने इस संबंध में बताया कि जिले में अभियान 18 दिसंबर तक चलाया जाएगा जिसमें शत प्रतिशत लोगों की मलेरिया की जांच की जाएगी अभियान में यह भी ध्यान रखा जा रहा है कि पॉजिटिव आने वाले मरीजों को पूर्ण रूप से दवाई का सेवन कराया जाए एवं उसके पश्चात इसकी स्लाइड बनाकर यह भी जांच किया जाए कि उसकी स्थिति किस प्रकार की है। भ्रमण के दौरान उन्होंने भ्रमण के दौरान बच्चों एवं गर्भवती महिलाओं के टीकाकरण के संबंध में जानकारी ली तथा शत प्रतिशत बच्चों का टीकाकरण एवं गर्भवती महिलाओं का प्रथम तिमाही में पंजीयन अनिवार्य रूप से किए जाने के निर्देश दिए।

234 पुरुषों ने कराई नसबंदी

कोंडागांव/नवप्रदेश। स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग के निर्देशानुसार बढ़ती जनसंख्या को नियंत्रित करने हेतु कलेक्टर दीपक सोनी के मार्गदर्शन में जिले भर में पुरुष नसबंदी पखवाड़े का आयोजन 21 नवंबर से 11 दिसंबर तक किया जा रहा है। इस पखवाड़े में जिले के 234 पुरूषों की नसबंदी की गयी। इस पखवाड़े को सफल बनाने हेतु मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ0 आरके सिंह ने नेतृत्व संभालते हुए महत्वपूर्ण भूमिका अदा की, जिसमें उन्होंने जिले में सर्वाधिक ऑपरेशन करते हुए कल 174 पुरुषों की नसबंदी हेतु ऑपरेशन किया।

इस तरह से जिले में कुल 234 पुरुषों ने अभियान को सफल बनाते हुए नसबंदी कराया है। इसके तहत माकड़ी में 32, केशकाल में 50, फरसगांव 62 एवं बड़ेराजपुर में 30 प्रकरणों में नसबंदी सीएमएचओ द्वारा चिकित्सक दल सहित समुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों में शिविर लगाकर किया गया। वहीं जिला अस्पताल में डॉक्टरों द्वारा 60 पुरूषों की नसबंदी की गयी।मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ0 आरके सिंह ने अभियान से जुड़े सभी डॉक्टरों एवं स्वास्थ्य कर्मियों को सफलतापूर्वक अभियान संचालन की बधाई देते हुए लोगों को जागरूक करने हेतु बताया कि पुरुष नसबंदी परिवार नियोजन का एक स्थाई सुरक्षित साधन है। ऑपरेशन में ज्यादा समय नहीं लगता व्यक्ति उसी दिन अपने घर जा सकता है। नसबंदी के बाद किसी भी प्रकार की कमजोरी नहीं आती व्यक्ति कुशलतापूर्वक अपना विवाहित जीवन जी सकता है। हितग्राहियों को इसके लिए 3000 रूपये की प्रोत्साहन राशि भी दिया गया है।

कांगेर वैली नेशनल पार्क के संचालक ने डिप्टी रेंजर को किया सस्पेंड

बगैर काम मजदूरों के खातों में डाल रहा था पैसा

बस्तर/नवप्रदेश। दरभा स्थित कांगेर वैली नेशनल पार्क के लिए केंद्र सरकार द्वारा वन विभाग को कैम्पा फंड दिया जा रहा था। इसके तहत पार्क के भीतर लेंटाना उन्मूलन कार्य किया गया था जिसमें रेंजर और डिप्टी रेंजर द्वारा लाखों रुपये का भ्रष्टाचार किया गया था। मामला उजागर होने के बाद कांगेर वैली नेशनल पार्क के संचालक ने डिप्टी रेंजर को दोषी पाते हुए तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है। रेंजर को कारण बताओ नोटिस जारी किया है. पार्क संचालक गणवीर धम्मशील ने इस मामले पर जांच बिठाई थी। जांच में ग्रामीणों से बयान दर्ज करने के बाद कोलेंग रेंज के दोनों ही अधिकारी रेंजर दिनेश रवानी और डिप्टी रेंजर राजपूत को दोषी पाया गया था।

ग्रामीणों के खाते में पैसा डाल कर रहे थे खेल–नैसर्गिक सुंदरता से भरपूर बस्तर के सबसे खूबसूरत कांगेर वैली नेशनल पार्क में कोलेंग वन परिक्षेत्र के कक्ष क्रमांक 333 में लेंटाना उन्मूलन कार्य (झाड़ियों की सफाई के नाम पर) 50 से अधिक स्थानीय ग्रामीण श्रमिकों के खाते में अलग-अलग किस्तों के पैसे बिना काम के व्हाउचर बनाकर डाला गया था. और ग्रामीणों ने बीते 3 सालों से काम नहीं करने और खाते में पैसे डाले जाने की बात को स्वीकार किया था। पैसे को कुछ दिन बाद ग्रामीण के खाते से निकालकर खुद फारेस्ट विभाग के अधिकारी डकार रहे थे. लाखो रुपये की भ्रष्टाचार का उजागर हुआ था।

रेंजर, डिप्टी रेंजर दोषी पाए गए

इस भ्रष्टाचार के खिलाफ जांच शुरू हुई जिसमें विभाग के रेंजर दिनेश रवानी और डिप्टी रेंजर राजपूत पूरी तरह से दोषी पाए गए हैं। कांगेर घाटी राष्ट्रीय उद्यान के संचालक गणवीर धम्मशील ने बताया कि बीते दिनों नेशनल पार्क के कोलेंग वन परीक्षेत्र के काचीररास फारेस्ट एरिया से लेंटाना उन्मूलन कार्य में गड़बड़ी की जानकारी मिली थी। शिकायत के बाद वन विभाग के एसडीओ कमल तिवारी को जांच के लिए भेजा गया था। विभागीय जांच में कोलेंग वन परिक्षेत्र के डिप्टी रेंजर राजपूत दोषी पाए गए है। जिन पर आवश्यक कार्रवाई के लिए मुख्य वन संरक्षक को पत्र लिखा गया जिसके बाद सीसीएफ आर.सी दुग्गा ने डिप्टी रेंजर को निलंबित कर दिया और रेंजर को कारण बताओ नोटिस जारी किया है। सीसीएफ ने कहा कि यदि रेंजर दिनेश रवानी का स्पष्टीकरण संतोषजनक नहीं हुआ तो उन पर भी अनुशासनात्मक और दंडात्मक कार्यवाही होगी।

एक ही नंबर प्लेट वाले दो ट्रकों से चोरी का 60 टन कच्चा लोहा बरामद

■ **एनएमडीसी स्टील प्लांट में गड़बड़ी**

जगदलपुर/नवप्रदेश। बस्तर जिले के नगरनार में मौजूद एनएमडीसी स्टील प्लांट से कच्चा लोहा चोरी करते हुए एक ही नंबर प्लेट वाले दो ट्रकों को पुलिस ने पकड़ा है। इस ट्रक में प्लांट से चोरी किए गए कच्चे लोहे को चोरी छिपे ले जाया जा रहा था. इस बीच मुखबिर से सूचना मिलने पर पुलिस ने दोनों ट्रकों को प्लांट के बाहर ही दबोच लिया, लेकिन पुलिस की सूचना मिलने पर दोनों ट्रक ड्राइवर मौके से फरार हो गए. इस वजह से पुलिस अब तक यह पता नहीं लगा पाई है कि यह कच्चा लोहा कहां जा रहा था?

वहीं इस मामले की जानकारी मिलने के बाद एनएमडीसी के अधिकारियों ने नगरनार थाना पहुंच कर प्लांट से लोहा चोरी होने की रिपोर्ट दर्ज कराई है। पुलिस की प्रारंभिक जांच में पता चला है कि इस लोहा चोरी की साजिश में सुरक्षा में लगे जवान, ट्रांसपोर्टर और एनएमडीसी के अधिकारी भी शामिल हैं। पुलिस अब इसकी बारीकी से जांच कर रही है। वहीं एक ही नंबर के दो ट्रक होने की वजह से पुलिस ने ट्रक मलिक को भी पूछताछ के लिए थाने बुलाने की बात कह रही है। बताया जा रहा है कि दोनों ही ट्रक में 30-30 टन वजनी कच्चा लोहा लोड कर ले जाया जा रहा था। इसकी कीमत लगभग 30 लाख रुपये से अधिक की बताई जा रही है।

एक महीने पहले पीएम ने किया था लोकार्पण–जानकारी के मुताबिक इससे पहले भी एनएमडीसी स्टील प्लांट से कच्चा लोहा चोरी हो चुका है, जिससे प्लांट प्रबंधन की सुरक्षा व्यवस्था पर भी सवाल उठ रहा है। खास बात यह है कि एक महीने पहले ही बस्तर पहुंचे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इस एनएमडीसी स्टील प्लांट का लोकार्पण किया था और उसके बाद इस प्लांट में कोल से कोक और डस्ट से कच्चा लोहा बनाने का काम शुरू किया गया था। साथ ही इसकी सप्लाई भी शुरू कर दी गई थी, लेकिन सप्लाई के नाम पर लगातार प्लांट से लोहा चोरी होने की जानकारी मिल रही है।

सिक्योरिटी चीफ से होगी पूछताछ-सीएसपी

इस मामले में जगदलपुर के सीएसपी विकास कुमार का कहना है कि एनएमडीसी के अधिकारियों द्वारा नगरनार थाना में रिपोर्ट दर्ज कराई गई है। अब ट्रक मालिक को थाने बुलाकर उससे पूछताछ की जाएगी। साथ ही इस प्लांट की सुरक्षा में लगे जवानों से भी पूछताछ की जाएगी। सीएसपी ने कहा कि एनएमडीसी स्टील प्लांट के सुरक्षा की कमान सीआईएसएफ को दी गई है। ऐसे में सिक्योरिटी चीफ से भी पूछताछ की जाएगी। उन्होंने बताया कि एक ही नंबर के दो ट्रक प्लांट से कच्चा लोहा लेकर निकल रहे थे और तभी नगरनार पुलिस की टीम ने उसे धर दबोचा है।

कोपा अमेरिका ड्रा : ब्राजील कोलंबिया ग्रुप डी में, अर्जेंटीना चिली के साथ

अटलांटा। डिफेंडिंग चैंपियन अर्जेंटीना को 20 जून को अटलांटा में कनाडा-त्रिनिदाद और टोबैगो प्लेऑफ के विजेता के खिलाफ 2024 कोपा अमेरिका का उद्घाटन मैच खेलना है, और अमेरिकी टीम तीन दिन बाद अर्लिंगटन में बोलीविया के खिलाफ शुरुआत करेगी।

उत्तरी अमेरिका के मध्य में, 2024 कोपा अमेरिका के लिए मंच तैयार है, जहां दक्षिण अमेरिका के फुटबॉल दिग्गज और मुट्ठी भर उत्तरी अमेरिकी चुनौती देने वाले महाद्वीपीय वर्चस्व की लड़ाई के लिए जुटेंगे। जैसा कि गत चैंपियन, अर्जेंटीना, खिताब की रक्षा के लिए खुद को तैयार कर रहा है, टूर्नामेंट भयंकर प्रतिस्पर्धा, ऐतिहासिक प्रतिद्वंद्विता और विस्तारित अंतरराष्ट्रीय पदचिह्न के आकर्षण के अनूठे मिश्रण के साथ दिलचस्प होने का वादा करता है।

चिली के साथ पिछले संघर्षों की यादें, विशेष रूप से 2015 और 2016 के फाइनल में दिल दहला देने वाली हार, बड़ी हो गई हैं क्योंकि अर्जेंटीना 25 जून को ईस्ट रदरफोर्ड, न्यू जर्सी के मेटलाइफ स्टेडियम में अपनी प्रतिद्वंद्विता को नवीनीकृत करने की तैयारी कर रहा है। उन्होंने फाइनल में उन्हें दो बार हराया है, जिसमें चिली ने अर्जेंटीना की कीमत पर बैक-टू-बैक खिताब जीते हैं, जिसमें हाल ही में अमेरिकी धरती पर जीता गया खिताब भी शामिल है।

इस बीच, संयुक्त राज्य अमेरिका, मध्य अमेरिका और कैरेबियन एसोसिएशन फुटबॉल (कोनकाकाफ) नेशंस लीग के माध्यम से अर्हता प्राप्त करने वाली चार उत्तरी अमेरिकी टीमों में से एक, 23 जून को आर्लिंगटन, टेक्सास में बोलीविया के खिलाफ अपने अभियान की शुरुआत करेगा। 27 जून को अटलांटा में पनामा और 1 जुलाई को कैनसस सिटी, मिसौरी में उरुग्वे, उच्च जोखिम वाले मुकाबलों का वादा करते हैं जो टूर्नामेंट की कहानी को आकार दे सकते हैं।समूह की गतिशीलता क्वार्टरफाइनलिस्ट का निर्धारण करने में एक महत्वपूर्ण कारक होगी, प्रत्येक समूह में दुर्जेय दावेदार शामिल होंगे। ग्रुप ए, जिसमें अर्जेंटीना, पेरू, चिली और कनाडा-त्रिनिदाद और टोबैगो प्लेऑफ़ के विजेता शामिल हैं, तीव्र लड़ाई के लिए मंच तैयार करता है।

हमें हर कीमत पर वनडे क्रिकेट को बचाना होगा: टैमी ब्यूमोंट

मुंबई। दुनिया में फ्रेंचाइजी टी20 लीग के प्रसार के बीच, इंग्लैंड की सलामी बल्लेबाज टैमी ब्यूमोंट ने 50 ओवर के प्रारूप की रक्षा करने का आह्वान किया है। खासकर महिला क्रिकेट के नजरिए से। भारत में 2023 पुरुष विश्व कप सफलतापूर्वक होने के बावजूद, 50 ओवर के प्रारूप का भविष्य बहस का विषय रहा है।टैमी ने कहा, हम पुरुषों के खेल को 50 ओवर के क्रिकेट के बारे में बात करते हुए देखते हैं। क्या यह करने लायक भी है? ठीक है, अगर महिला क्रिकेट में केवल चार देश ही टेस्ट क्रिकेट खेल रहे हैं, तो हमें हर कीमत पर 50 ओवर के क्रिकेट की रक्षा करनी होगी। मुझे लगता है कि हर कोई टेस्ट खेलने वाले कई देशों और बड़ी टेस्ट सीरीज़ खेलना पसंद करेगा। लेकिन यह वास्तविकता नहीं है।उसी समय, यदि आप सिर्फ एक टेस्ट मैच खिलाड़ी हैं और आप साल में दो टेस्ट खेलते हैं, तो आप ज्यादा क्रिकेट नहीं खेल रहे हैं। उम्मीद है कि हम क्रिकेट के सभी प्रारूपों को बनाए रख सकते हैं और उनकी रक्षा कर सकते हैं। न कि केवल टी20 की लहर पर ध्यान दें और बाकी सब कुछ पीछे छोड़ दें।टैमी वर्तमान में भारत के खिलाफ नवी मुंबई के डीवाई पाटिल स्टेडियम में 14-17 दिसंबर तक होने वाले चार दिवसीय टेस्ट के लिए इंग्लैंड की टीम के सदस्य के रूप में मुंबई में हैं। देश नौ साल बाद महिला टेस्ट की मेजबानी करने जा रहा है। टैमी, जिन्होंने 109 वनडे मैचों में 3,650 रन बनाए हैं।

बड़े रिकॉर्ड तोड़ना मायने रखता है : शुभमन गिल

नई दिल्ली। भारत के युवा सलामी बल्लेबाज शुभमन गिल ने कहा कि वह स्थायी सफलता के क्षितिज पर अपनी नजरें गड़ाए हुए हैं और बिना किसी विशिष्ट व्यक्तिगत उपलब्धि को ध्यान में रखे लगातार प्रमुख रिकॉर्डों को पार करने का लक्ष्य बना रहे हैं।

क्रिकेट के प्रतिभाशाली खिलाड़ी गिल इस साल की शुरुआत में हैदराबाद में न्यूजीलैंड के खिलाफ 149 गेंदों में 208 रन बनाकर वनडे दोहरा शतक बनाने वाले सबसे कम उम्र के खिलाड़ी बन गए थे। साथ ही वो सबसे तेज़ 1000 वनडे रन बनाने वाले भारतीय भी बन गए। एक पुरस्कार समारोह में बोलते हुए 24 वर्षीय सलामी बल्लेबाज ने कहा कि सबसे कम उम्र में 200 का स्कोर बनाना एक बड़ी उपलब्धि है लेकिन वह दीर्घकालिक सफलता पर ध्यान केंद्रित कर रहे हैं।

गिल ने कहा, 200 का स्कोर हासिल करने वाले सबसे कम उम्र के होने का गौरव प्राप्त करना वास्तव में एक उपलब्धि है। लेकिन, मेरा प्राथमिक ध्यान दीर्घकालिक सफलता पर है। लगातार महत्वपूर्ण रिकॉर्ड को पार करना मेरे लिए मायने रखता है। फिलहाल कोई व्यक्तिगत रिकॉर्ड मेरे दिमाग में नहीं है।

गिल ने अपने प्रेरणास्रोत सचिन तेंदुलकर की प्रशंसा करते हुए कहा, सचिन तेंदुलकर सर्वकालिक महान हैं और मैंने उनकी वजह से क्रिकेट खेलना शुरू किया। शीर्ष क्रम के बल्लेबाज ने भारत के विश्व कप 2023 अभियान पर भी विचार किया और कहा, यह हम सभी के लिए दिल तोड़ने वाला था। हालांकि, खिलाड़ी के रूप में भविष्य की चुनौतियों के लिए तत्पर रहना हमें आगे बढ़ाता है। इसलिए आगे बढ़ना हमारी यात्रा का एक अनिवार्य पहलू है।

गिल, जिन्हें आखिरी बार अहमदाबाद में भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच वनडे विश्व कप 2023 के फाइनल के दौरान एक्शन में देखा गया था। दक्षिण अफ्रीका में आगामी मैचों के लिए तैयारी कर रहे हैं। वह आने वाले दिनों में तीन मैचों की टी20 सीरीज में शामिल होने और दो टेस्ट मैचों में भाग लेने के लिए तैयार हैं।

वॉटसन क्वेटा ग्लेडियेटर्स के मुख्य कोच नियुक्त

नई दिल्ली। ऑस्ट्रेलिया के पूर्व हरफनमौला खिलाड़ी शेन वॉटसन को पाकिस्तान सुपर लीग (पीएसएल) के आगामी संस्करण के लिए क्वेटा ग्लेडियेटर्स का मुख्य कोच नियुक्त किया गया है। फ्रेंचाइजी ने बुधवार को इसकी घोषणा की।

घोषणा में टूर्नामेंट के उद्घाटन के बाद से ग्लेडियेटर्स का पहला कोच परिवर्तन देखा गया, क्योंकि पाकिस्तान के पूर्व विकेटकीपर-बल्लेबाज मोइन खान, जिन्होंने आठ साल तक कोच के रूप में कार्य किया, को टीम निदेशक की भूमिका में पदोन्नत किया गया।टीम के मालिक नदीम उमर ने टीम के सोशल मीडिया पर साझा किए गए एक बयान में कहा, शेन संन्यास लेने से पहले देश की प्रीमियर लीग के शुरुआती सीज़न में क्वेटा ग्लेडियेटर्स की सफलता का एक अभिन्न हिस्सा रहे हैं और टीम को प्रशिक्षित करने और उन गौरवशाली दिनों को वापस लाने के लिए उनसे बेहतर कोई विकल्प नहीं है जिनके लिए हम प्रसिद्ध हैं। मैं उन्हें उनकी नई भूमिका के लिए शुभकामनाएं देता हूं और क्वेटा ग्लेडियेटर्स को नई ऊंचाइयों पर ले जाने की उनकी क्षमताओं पर विश्वास करता हूं।वॉटसन का ऑस्ट्रेलिया के लिए एक ऑलराउंडर के रूप में शानदार करियर रहा है, उन्होंने टीम के हिस्से के रूप में 2007 और 2015 में विश्व कप जीता था। 42 वर्षीय ने 2020 में सभी क्रिकेट से संन्यास ले लिया। वह 2022 में अपने पूर्व ऑस्ट्रेलिया टीम के साथी रिकी पोंटिंग के साथ सहायक कोच के रूप में आईपीएल फ्रेंचाइजी दिल्ली कैपिटल्स में शामिल हुए।इस साल की शुरुआत में, उन्हें मेजर लीग क्रिकेट फ्रेंचाइजी सैन फ्रांसिस्को यूनिकॉर्न का मुख्य कोच नियुक्त किया गया था। ग्लेडियेटर्स अपने पहले चार संस्करणों के दौरान पीएसएल की सबसे लगातार फ्रेंचाइजी थी, जब वे तीन बार फाइनल में पहुंचे और 2019 में खिताब भी जीता। हालांकि, पिछले चार सीज़न में, वे सरफराज अहमद के नेतृत्व में प्लेऑफ़ में जगह बनाने से चूक गए। .

इहित सलारिया की कप्तानी पारी की बदौलत संभाला चंडीगढ

चंडीगढ़। कप्तान इहित सलारिया की नाबाद 111 रनों की शतकीय पारी की बदौलत चंडीगढ़ ने पुणे में गुजरात के खिलाफ खेला जा रहा विजय मर्चेंट ट्रॉफी लीग मैच पहले दिन का खेल खत्म होने तक 210/6 रन बना लिए थे। चंडीगढ़ ने टॉस जीत कर पहले बल्लेबाजी का फैसला किया परन्तु 46/3 के साथ टीम की खराब शुरुआत रही। इहित सलारिया और शिलोक रैना की 48 रनों की पारी ने टीम को संभाला। रैना (31) के आउट होते ही टीम एक बार फिर बैकफुट आ गई। एक समय चंडीगढ़ 98/5 पर संघर्ष करता दिखा। मीत धहिया (17) के आउट होने के बाद चंडीगढ़ का स्कोर 121/6 हुआ।

75वीं सीनियर, 52वीं जूनियर नेशनल ट्रैक साइक्लिंग चैंपियनशिप में आर्य कॉलेज को मिला सिल्वर मेडल

पानीपत। 75वीं सीनियर महिला और पुरुष, 52वीं जूनियर तथा 38वीं सब जूनियर बालक एवं बालिका राष्ट्रीय ट्रैक साइकिलिंग चैंपियनशिप मे आर्य कॉलेज के विद्यार्थी ने सिल्वर मेडल अपने नाम किया। उन्होंने आज विजेता खिलाड़ी को कॉलेज में प्रांगण में सम्मानित किया व उसके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

साथ ही उन्होंने कॉलेज के शारीरिक शिक्षा विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. नरेश सैनी, प्राध्यापिका मामनी सैनी, डॉ. राजेश टूर्ण कोच राजेंद्र देशवाल, राजा तोमर व सुनील को इस

शानदार उपलब्धि के लिए बधाई दी। कॉलेज प्राचार्य डॉ. जगदीश गुप्ता ने बताया कि भारतीय साइकिलिंग फैडरेशन ऑफ इंडिया और झारखंड साइकिलिंग संघ के संयुक्त तत्वावधान में सिदो कान्हू वेलोड्रम स्टेडियम खेलगांव रांची में 75वीं सीनियर महिला एवं पुरुष, 52वीं जूनियर तथा 38वीं सब जूनियर बालक एवं बालिका राष्ट्रीय ट्रैक साइकिलिंग चैंपियनशिप का आयोजन किया गया था। जिसमें आर्य कॉलेज के छात्र बीए प्रथम वर्ष के छात्र गौतम ने 4 किलोमीटर टीम टीम अनुसरण में सिल्वर मेडल हासिल कर कॉलेज का नाम रोशन किया। इस अवसर पर सभी स्टाफ सदस्य मौजूद रहे।

बिजनेस

20 सबसे अमीर लोगों की सूची में अडानी की वापसी

नई दिल्ली। अडानी समूह के शेयरों में भारी तेजी से 12 अरब डॉलर से अधिक की बढ़ोतरी के बाद अडानी समूह के चेयरमैन गौतम अडानी अब दुनिया के 15वें सबसे अमीर शख्स बन गए हैं। नवंबर में अडानी समूह के शेयरों में तेजी के बाद अडानी दुनिया के शीर्ष 20 सबसे अमीर लोगों की सूची में वापस आ गए थे, अब वो 15वें नंबर पर हैं। ब्लूमबर्ग बिलियनेयर्स इंडेक्स के अनुसार, अडानी अब 82.5 बिलियन डॉलर की संपत्ति के साथ दुनिया के 15वें सबसे अमीर व्यक्ति हैं। मंगलवार को अडानी ग्रुप के शेयरों में आई तेजी के बाद अडानी की संपत्ति में 12 अरब डॉलर से ज्यादा का उछाल आया।

कारोबार में अडानी ग्रुप का मार्केट कैप 11 महीने के उच्चतम स्तर पर पहुंच गया जो 13.8 लाख करोड़ रुपये है। अडानी समूह ने एक दिन में 1.92 लाख करोड़ रुपये का लाभ जोड़कर अपना अब तक का सबसे अच्छा बाजार प्रदर्शन किया। मंगलवार की मजबूत बढ़त उन रिपोर्टों के बाद भी आई है जो संकेत देती हैं कि यूएस इंटरनेशनल डेवलपमेंट फाइनेंस कॉर्प (डीएफसी) को शॉर्ट-सेलर हिंडनबर्ग रिसर्च द्वारा कॉर्पोरेट धोखाधड़ी के आरोप सही नहीं लगे। श्रीलंका में एक बंदरगाह

परियोजना के लिए समूह को एक महत्वपूर्ण ऋण देने से पहले, डीएफसी ने कथित तौर पर अडानी समूह के खिलाफ दावों की गहन जांच की थी।

अडानी समूह के सभी 10 शेयरों में 7-20 प्रतिशत तक की बढ़त देखी गई, जिसमें अडानी ग्रीन एनर्जी और अडानी एनर्जी सॉल्यूशंस में 20 प्रतिशत की बढ़ोतरी हुई। समूह की प्रमुख कंपनी अडानी एंटरप्राइजेज लिमिटेड (एईएल) के शेयर मूल्य में 16.91 प्रतिशत की आश्चर्यजनक वृद्धि देखी गई, जिससे इसका बाजार मूल्यांकन 48,809 करोड़ रुपये तक बढ़ गया। अडानी पोर्ट्स एंड स्पेशल इकोनॉमिक ज़ोन (एपीएसईज़ेड) ने भी शेयर मूल्य में 15.3 प्रतिशत की बढ़त के साथ ठोस प्रदर्शन किया, जिसने मार्केट कैप में 29,043 करोड़ रुपये का योगदान दिया। समूह के अन्य शेयरों में भी बढ़त हुई और अडानी एनर्जी सॉल्यूशंस और अडानी ग्रीन एनर्जी सॉल्यूशंस में 20 प्रतिशत की बढ़त दर्ज की गई। दोनों शेयरों ने समूह के मार्केट कैप में 55,600 करोड़ रुपये से अधिक जोड़े। अडानी पावर लिमिटेड (एपीएल) और अडानी टोटल गैस लिमिटेड (एटीजीएल) ने क्रमशः 15.81 प्रतिशत और 19.88 प्रतिशत की बढ़त दर्ज की।

इक्विटी बढ़ाने पर विचार स्पाइसजेट, निदेशकमंडल की बैठक 11 को

नई दिल्ली। स्पाइसजेट 11 दिसंबर को अपने निदेशकमंडल की बैठक में इक्विटी शेयर जारी करके नई पूंजी जुटाने पर विचार-विमर्श करेगी। कंपनी ने शेयर बाजार को यह जानकारी दी।

एयरलाइन ने अपने नोटिस में कहा, आपको सूचित किया जाता है कि कंपनी का निदेशक मंडल 11 दिसंबर को होने वाली अपनी बैठक में अन्य बातों के साथ-साथ तरजीही आधार पर इक्विटी शेयरों और/या परिवर्तनीय प्रतिभूतियों को जारी करके नई पूंजी जुटाने के विकल्पों पर चर्चा और विचार करेगा। एयरलाइन ने एक अलग घोषणा में कहा कि 8 दिसंबर को होने वाली कंपनी के निदेशक मंडल की बैठक स्थगित कर दी गई है और अब विचार और अनुमोदन के लिए 11 दिसंबर को आयोजित की जाएगी। बैठक में अन्य बातों के अलावा, 30 सितंबर 2023 को समाप्त दूसरी तिमाही के लिए अलेखापरीक्षित स्टैंडअलोन और समेकित वित्तीय परिणाम पर भी विचार किया जाएगा। किफायती विमान सेवा कंपनी ने नवंबर में दिल्ली उच्च न्यायालय को पूर्व प्रमोटर कलानिधि मारन को अतिरिक्त 100 करोड़ रुपये का भुगतान करने के लिए मजबूर होने पर संभावित दिवालियापन जोखिमों के बारे में सूचित किया था।

शनिवार और रविवार बंद रहेंगे बैंक आईबीए ने सरकार को सौंपा प्रस्ताव

नई दिल्ली। इंडियन बैंक एसोसिएशन (आईबीए) ने सरकार को एक प्रस्ताव सौंपा है, जिसमें देश के सभी बैंकों में हर शनिवार को अवकाश घोषित करने की मांग की गई है। वित्त राज्य मंत्री भागवत कराड के अनुसार, आईबीए की तरफ से यह प्रस्ताव दिया गया है।

अगर सरकार इस प्रस्ताव को स्वीकार कर लेती है तो हर सप्ताह बैंकों में पांच दिन ही काम होगा। दरअसल, सरकारी और प्राइवेट बैंकों की तरफ से हफ्ते में पांच दिन काम करने को लेकर लंबे समय से मांग की जा रही है। पब्लिक सेक्टर की बैंकों की तरफ से कई बार सरकार से इसकी मांग की गई है। राज्यसभा में एक प्रश्न के जवाब में वित्त राज्य मंत्री भागवत कराड ने कहा कि इंडियन बैंक एसोसिएशन ने सरकार को एक प्रस्ताव सौंपा है। प्रस्ताव में हर हफ्ते पांच दिन कार्य की मांग की गई है। बैंकों की मांग है कि हर शनिवार और रविवार बैंकों में अवकाश घोषित किया जाए।

बता दें कि सभी बैंकों में अभी महीने में सिर्फ दो शनिवार को अवकाश रहता है। साल 2015 में लागू किए गए एक नियम के अनुसार बैंकों में महीने में दो शनिवार ही छुट्टी रहेगी। सरकार का यह आदेश प्राइवेट और सरकारी सभी बैंकों पर लागू होता है। कोई भी बैंक दो शनिवार से ज्यादा बंद नहीं रहेगा।

सेंसेक्स 69,653.73 अंक पर; निफ्टी में 0.4 प्रतिशत उछाल

मुंबई। अमेरिका और भारत दोनों देशों में महंगाई में कमी और यील्ड में गिरावट से विदेशी संस्थागत निवेशकों (एफआईआई) के निवेश में तेजी आने से स्थानीय स्तर पर यूटिलिटीज़, पावर, तेल एवं गैस कैपिटल गुड्स और ऊर्जा समेत सोलह समूहों में हुई लिवाली की बदौलत सेंसेक्स और निफ्टी आज एक बार फिर नये रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गये।

बीएसई का तीस शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 357.59 अंक अर्थात् 0.52 प्रतिशत की छलांग लगाकर सार्वकालिक उच्चतम स्तर 69,653.73 अंक पर और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी 82.60 अंक यानी 0.4 प्रतिशत उछलकर 20,937.70 अंक हो गया। इसी तरह बीएसई का मिडकैप 0.19 प्रतिशत की तेजी के साथ 35,115.78 अंक और स्मॉलकैप 0.18 प्रतिशत चढ़कर 41,174.45 अंक पर रहा।

इस दौरान बीएसई में कुल 3895 कंपनियों के शेयरों में कारोबार हुआ, जिनमें से 1930 लाभ जबकि 1824 नुकसान में

रहे वहीं 141 में कोई बदलाव नहीं हुआ। इसी तरह निफ्टी की 29 कंपनियों में तेजी जबकि 21 में गिरावट रही।

वित्तीय सलाह देने वाली कंपनी जियोजित फाइनेंशियल सर्विसेज के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा कि राज्य में विधानसभा चुनावों के बाद निवेशकों की उम्मीदें बढ़ी हैं, जो नीति की निरंतरता की पुष्टि करता है। अमेरिकी और भारतीय दोनों बाजारों में मुद्रास्फीति में कमी और यील्ड में गिरावट से एफआईआई की लिवाली बढ़ी है। साथ ही चीन की क्रेडिट रेटिंग में कटौती और भू-राजनीतिक तनाव में कमी और तेल की कीमतों में गिरावट से घरेलू बाजार में तेजी आई। अमेरिकी मंदी के जोखिम में कमी और गर्मियों में मजबूत मांग की उम्मीद ने आईटी समूह में एक मजबूत उछाल और बिजली क्षेत्र की गति को बढ़ाया है।

वहीं, आशाजनक दृष्टिकोण के बावजूद घरेलू प्रीमियम मूल्यांकन चिंताओं के कारण अल्पकालिक मुनाफावसूली हो सकती है।

सारा अली खान ने ब्लैक आउटफिट में दिखाया किलर लुक

सारा अली खान अपनी चुलबुली हरकतों के कारण अक्सर ही चर्चा में बनी रहती हैं. बहुत कम वक्त में सारा ने दुनियाभर में अपनी एक खास पहचान हासिल कर ली है. ऐसे में आज फैंस उनकी फिल्मों के लिए हमेशा ही बेताब रहते हैं. दूसरी ओर सारा अपने चाहने वालों के साथ जुड़ी रहने के लिए सोशल मीडिया पर भी काफी एक्टिव रहती हैं. उनके इंस्टाग्राम पेज पर उनकी पर्सनल और प्रोफेशनल लाइफ की झलक देखने को मिल जाती हैं. इस बार सारा ने अपने हॉट अवतार से इंटरनेट का पारा हाई कर दिया है.सारा ने कुछ देर पहले ही अपना नया लुक फैंस के साथ शेयर किया है. इन तस्वीरों में एक्ट्रेस बेहद खूबसूरत शॉर्ट ब्लैक वन शोल्डर ड्रेस पहने हुए नजर आ रही हैं.इसके साथ उन्होंने ब्लैक हाई हील्स पेयरअप की है. सारा ने अपना लुक को सटल बेस, न्यूड ग्लॉसी लिप्स और स्मोकी आई मेकअप से कंप्लीट किया है. इसके साथ उन्होंने मैसी हाई बन बनाया हुआ है.सारा हमेशा की तरह इस लुक में बेहद हॉट दिख रही हैं. एक्ट्रेस ने यह किलर फोटोशूट वैनिटी वैन में कराया है. उन्होंने वैन में ही एक से एक स्टनिंग पोज देकर इंटरनेट का पारा हाई कर दिया है. फैंस की नजर आ उनके इस नए लुक पर टिकी रह गई हैं. कुछ ही देर में सारा की

फोटोज पर एक लाख से भी ज्यादा लाइक्स आ चुके हैं, जो हर मिनट तेजी से बढ़ते जा रहे हैं। दूसरी ओर सारा के वर्क फ्रंट की बात करें तो इस समय उनके पास कई बड़े प्रोजेक्ट्स पाइपलाइन में हैं. जल्द ही सारा ऐ वतन मेरे वतन टाइटल से बन रही फिल्म में नजर आने वाली हैं. इसके बाद उन्हें मेट्रो... इन दिनों और मर्डर मुबारक जैसी फिल्मो में भी देखा जाने वाला है. सारा के चाहने वाले उन्हें फिर से पर्दे पर देखने के लिए उत्साहित है।

छोटे पर्दे पर डेब्यू कर रही शेफाली जरीवाला, कहा- शैतानी रस्में जैसी कहानी का इंतजार था

कांटा लगा गर्ल के नाम से मशहूर एक्ट्रेस शेफाली जरीवाला, जो अपकमिंग शो शैतानी रस्में से टीवी पर डेब्यू करने जा रही हैं, ने कहा कि वह पहले टीवी रोल्स पर विचार करने के लिए बहुत मनमौजी थी, वह टीवी शो के स्टोरी और कॉन्सेप्ट के मोनोटोनी से जुड़ नहीं पाती थी।शेफाली ने अपने टीवी डेब्यू और इस प्रोजेक्ट को लेकर उत्साह पर चर्चा की।एक नई चुनौती को स्वीकार करते हुए, शेफाली शैतानी रस्में के साथ छोटे पर्दे पर नजर आएंगी।उन्होंने कहाः मेरा मानना है कि मैं पहले टीवी रोल्स पर विचार करने के लिए बहुत मनमौजी थी। मैं टीवी शो के स्टोरी और कॉन्सेप्ट के मोनोटोनी से जुड़ नहीं पाई।पूर्व बिग बॉस कंटेस्टेंट ने शेयर कियाः जब मुझे शैतानी रस्में का हिस्सा बनने का अवसर दिया गया, तो मैंने तुरंत हां कह दी। ऐसा लगा कि यह मेरे लिए टीवी के बारे में जानने का सही अवसर है क्योंकि यह बहुत ही अलग कॉन्सेप्ट पेश करता है।उन्होंने आगे कहा, एक कलाकार के रूप में मैं दिलचस्प कहानी की भूखी हूं और यह वही है जिसका मैं इंतजार कर रही थी।शैतानी रस्में का प्रीमियर जल्द ही स्टार भारत पर होगा।

कांग्रेस के हारने की सबसे बड़ी वजह भूपेश : जय सिंह

कोरबा/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ के विधानसभा चुनाव में कांग्रेस को मिली करारी हार के बाद कोरबा विधायक जयसिंह अग्रवाल ने शहरी क्षेत्रों में हार की असल वजह का बेवाकी से खुलासा किया है। शुक्रवार को कोरबा में कांग्रेस पार्टी ने हार को लेकर मंथन के दौरान कोरबा विधायक और सरकार में राजस्व मंत्री रहे जयसिंह अग्रवाल का गुस्सा फूटा। उन्होंने सीधे-सीधे प्रदेश के मुखिया भूपेश बघेल को हार की असली वजह करार दिया है। जयसिंह ने कहा कि जिसके नेतृत्व में चुनाव लड़ा गया, जिन्होंने पांच साल सरकार की अगुवाई की उनकी गलत नीतियों और तानाशाही रवैया ही हार का असली कारण है। पूर्व मंत्री ने आरोप लगाते हुए कहा कि, कोरबा जिले में चुन चुनकर ऐसे अधिकारियों को भेजा गया जो भ्रष्टाचार में लिप्त रहे। इन अफसरों ने रायपुर के इशारे पर जिले में चलते हुए विकास कार्य को बीच में रोक दिया। जयसिंह अग्रवाल ने आरोप लगाया कि इन अफसरों ऐसे कार्य किये जिससे कांग्रेस की छवि खराब हुई। जिले में कांग्रेस डैमेज हुई। कार्यकर्ताओं के काम नहीं हुए। चारों ओर नाराजगी फैल गई। जिसका परिणाम यह रहा की पूरे राज्य में ही सत्ता परिवर्तित हो गई और बीजेपी को बड़ा जनादेश मिला।

पॉवर सेंट्रलाइज ने किया कबाड़ा

जयसिंह अग्रवाल ने कहा कि 2018 के चुनाव में हमारी पार्टी ने जिस तरह से चुनाव लड़ा। तब हम विपक्ष में थे। प्रदेश अध्यक्ष भूपेश बघेल थे। टीएस सिंहदेव के पास भी अहम जिम्मेदारी भी। इसके बाद 2018 में हमें जो जनादेश मिला था, हम उसका सम्मान नहीं कर पाए। सरकार चलाने का जो तरीका था, वह एक ही स्थान पर केंद्रीकृत हो गया। पूर्व मंत्री ने प्रदेश के मुखिया पर सीधे सीधे आरोप लगाया कि मंत्रियों को जो अधिकार मिलने चाहिए थे, वह नहीं मिल पाए, सिर्फएक स्थान से सेंट्रलाइज होकर कुछ चुनिंदा लोगों के साथ 5 वर्षों तक

काम किया गया। फिर सरकार के कामकाज पर जो आरोप लगा, भारतीय जनता पार्टी वालों भी खुलासे किए। पूर्व मंत्री ने कहा कि कांग्रेस सरकार के दौरान कई तरह की बातें सामने आई। खींचतान का माहौल निर्मित हुआ। इन बातों का नुकसान कांग्रेस को हुआ। जिसके कारण भाजपा को इतना बड़ा जनादेश मिला।

महिलाओं के लिए घोषणा करने में हुए लेट

जयसिंह अग्रवाल ने यह भी कहा कि महिलाओं को 1200 रुपए प्रतिमाह देने के लिए बीजेपी ने इस योजना को अपने घोषणा पत्र में शामिल किया। घोषणा पत्र तीन नवंबर को जारी हुआ। हमारा घोषणा पत्र 5 नवंबर को जारी किया गया। हमारी घोषणा मुख्यमंत्री ने दिवाली के समय की। खबर लोगों तक पहुंच नहीं पाई। इसमें भी हम लेट हो गए।

योजनाएं सिर्फ ग्रामीण क्षेत्र में केंद्रित

आगे जयसिंह ने कहा कि प्रदेश भर के शहरी क्षेत्र में हम बुरी तरह से पिछड़ गए। सरकार ने किसानों पर ध्यान दिया, बेशक उनके काम भी हुए। लेकिन ऐसा लगता है कि, हमारे मुखिया को कहीं ना कहीं यह विश्वास था कि ग्रामीण क्षेत्र की सारी सीट जीत लेंगे। शहरी क्षेत्र की ज्यादा जरूरत नहीं पड़ेगी। लेकिन यह भी गलत साबित हुआ। शहरों में विकास हुआ, लेकिन सारी सिम भाजपा को मिल गई शहरी क्षेत्र की सारी सीटों पर कांग्रेस को हार मिली।

षड्यंत्र से कोरबा के विकास कार्यों को रोका

कोरबा विधानसभा की हार पर चर्चा करते हुए जयसिंह ने कहा कि सुनियोजित षड्यंत्र के तहत अधिकारियों को कोरबा में काम रोकने के लिए भेजा गया। गलत काम करवाए गए, जिससे कांग्रेस पार्टी यहां डैमेज हुई। न सिर्फकोरबा में बल्कि पूरे छत्तीसगढ़ में कांग्रेस को करारी हार का मुंह देखना पड़ा। जितने भी अधिकारी यहां भेजे गए, जैसे एसपी अभिषेक मीणा, भोजराम पटेल, उदय किरण से लेकर कलेक्टर रानू साहू और संजीव झा ने माहौल खराब किया। सरकार के विरुद्ध एंटी इनकंबेंसी पैदा की। षड्यंत्र के तहत अपराध भी कराए गए और उन सब का खामियाजा कांग्रेस को भुगतना पड़ा।

बीजेपी ने जो फार्म भरवारा उसकी विश्वनीयता भले ही ना रही हो। लेकिन, लोग कहीं ना कहीं उससे प्रभावित हुए। माताओं बहनों ने उस पर विश्वास किया। पूर्व मंत्री ये कहा कि ये ठीक उसी तरह के घोषणा है जैसे कि प्रधानमंत्री ने कहा था लोगों का खाता में 15-15 लाख रुपए आएंगे।

अमरजीत भगत हार गए मूंछ, तो सेलून गए, फिर बोले..मोदी भी करें वादा पूरा

रायपुर/नवप्रदेश। अमरजीत भगत ने विधानसभा चुनाव में कांग्रेस की जीत को लेकर बयान दिया था कि अगर कांग्रेस की सरकार नहीं बनेगी तो वह अपनी मूंछ मुंडवा लेंगे। भूपेश सरकार में मंत्री रहे अमरजीत भगत ने मूंछ पर कैंची चलवाते हुए कहा कि अपनी मूंछ कटवाने वाले बयान पर कायम

हूं। लेकिन प्रधानमंत्री मोदी को भी पहले अपना वादा पूरा करना चाहिए। उन्होंने कहा था कि नोटबंदी के दौरान 50 दिन में अगर मेरा निर्णय गलत हो गया तो मुझे किसी भी चौराहे पर लटका देना। मैं अभी भी अपने बयान पर कायम हूं। मोदी ने नोटबंदी के दौरान 50 दिन में गलत साबित होने पर चौराहे पर लटकाने का दावा किया था, भाजपाई उनसे भी वादा पूरा करने बोलें। बीजेपी के जीत के बाद भाजपा नेता लगातार उन्हें मूंछ मुड़वाने की बात याद दिला रहे हैं। इससे पहले की भाजपा के नेता इस पर कुछ कहें। मंत्री ने कहा कि सरकार नहीं बनने का दुख है। जनता ने चूक कर दिया, यहां के कृषि की अर्थव्यवस्था जो यही से बढ़ रही वो अब पीछे जा रही है।

कब्जा के विरूद्ध अभियान : सरकार बदलते ही प्रशासन एक्शन में, उखाड़ी गई अवैध चखना दुकानें

कोरबा/नवप्रदेश। राज्य में सरकार बदलने के साथ ही प्रशासन भी अब एक्शन में आ गया है और अवैध कब्जा के विरूद्ध अभियान छेड़ दिया है। दादरखुर्द, मुड़ापार, रामपुर के साथ ही बरपाली, कटघोरा में संचालित शराब दुकान के आसपास लगी अवैध चखना दुकानों पर प्रशासन व पुलिस अमला ने अभियान चला कर तोड़ फोड़ किया। कुछ जगह जेसीबी के माध्यम से दुकानों को ढहाया गया। आम जनता को जिस कारण से परेशानी उठानी पड़ रही थी और शिकायत के बाद भी प्रशासन कार्रवाई करने के बजाए समर्थन कर रहा था, अब वही प्रशासनिक अमला सरकार बदलते ही ऐसे लोगों के खिलाफ कार्रवाई करने जुट गया है। पहले प्रशासन और पुलिस के सरंक्षण में शराब दुकान व आसपास अवैध गुमटी और ठेला लगाकर चखना दुकानें चलाई जा रही थी। वहीं अब प्रशासन और पुलिस ऐसे अवैध चखना दुकानों पर बुलडोजर चला रहा है। दरअसल रायपुर, बिलासपुर के बाद अब कोरबा में भी

प्रशासन, पुलिस और नगर निगम की संयुक्त टीम ने शराब दुकानों के पास संचालित होने वाले अवैध चखना सेंटरों पर गुरूवार को कार्रवाई की।

शहर के सभी शराब दुकानों में अवैध रुप से संचालित हो रहे चखना सेंटरों को जेसीबी चला कर तोड़ दिया गया। इन दुकानों के कारण आसपास निवासरत व सड़कों से आवाजाही करने वाले लोगों का जीना मुहाल हो गया था। लंबे समय से शिकायत के बाद भी प्रशासन और पुलिस की ओर से कोई कार्यवाही नहीं हो रही थी। वर्षा होने के बावजूद पुलिस ने शहर के दादर खुर्द क्षेत्र में संचालित शराब दुकान के पास अवैध चखना सेंटर को हटाया। इसी तरह मुड़ापार, फिर आईटीआई रामपुर स्थित शराब दुकान के सामने बने चखना दुकानों को हटाया गया। इस कार्रवाई से अवैध चखना दुकान संचालकों में हड़कंप मच गया है।

हालांकि इस दौरान कुछ दमदार प्रभावितों ने प्रशासन की इस कार्रवाई का विरोध किया, लेकिन प्रशासन के सामने उनकी एक न चली। कटघोरा में प्रशासनिक अमला ने शाम को कार्रवाई कर कई चखना दुकानों को तोड़ दिया। उरगा थाना प्रभारी युवराज तिवारी की अगुवाई में गुरूवार को बरपाली शराब भट्ठी के आस पास खुले चखना सेंटरों को बंद कराया गया। इसके सात ही सभी दुकानदारों को हिदायत दी गई कि पुनः चखना सेंटरों का संचालन होगा, तो बुलडोजर चला दिया जाएगा। इसके साथ ही पुलिस ने कुछ दुकानदारों के टीन छप्परों को भी हटाया। शुक्रवार को उमरेली शराब भट्ठी के क्षेत्र के दुकानदारों को बंद कराया जाएगा।

97 नग सिलेंडर जब्त

बलौदाबाजार/नवप्रदेश। कलेक्टर चंदन कुमार ने बलौदाबाजार में अनाधिकृत दुकानों में सिलेंडर बेचने की शिकायत को बड़ी गंभीरता से लिए है। उन्होने तत्काल खाद्य को कार्रवाई करने के निर्देश दिए थे। जिसके तहत विभाग ने कार्रवाई करते हुए बलौदाबाजार नगर के तीन दुकानों से 97 नग घरेलू, कमर्शियल खाली एवं भरे हुए सिलेंडर जब्त किया गया है। जिसमे शुभ कदम शूज सेंटर से 12,राजेश नागदेव के प्रतिष्ठान से 9 नग, इसी तरह भाटापारा मेन रोड के पास,खपरी मोड़ नजदीक प्रकाश दास के निवास स्थान में उनकी अनुपुस्थिती पर शुभम परियानी से 76 नग सिलेंडर जब्त किया गया है। मौके पर अवैध रिफिलिंग करते भी पाया गया है। उक्त जब्त सिलेंडर को मेसर्स मां महामाया गैस एंजेसी करमदा,मारुति गैस एजेंसी अर्जुनी के सुपुर्दगी में रखा गया है। उक्त

कार्रवाई द्रवित पेट्रोलियम गैस (प्रदाय एवं वितरण विनियम) आदेश 2000 के प्रावधानों के उल्लघन के तहत किया गया है। जिसमे आगे कारवाई हेतु कलेक्टर कोर्ट में पेश किया जाएगा। उक्त कर्रवाई खाद्य अधिकारी विमल दुबे के नेतृत्व में सहायक खाद्य अधिकारी सुशील टंडन, खाद्य निरीक्षक अमित शुक्ला, रामनारायण साहू, तलेश यादव के टीम द्वारा किया है। साथ ही खाद्य अधिकारी द्वारा चेतवानी दी गई है की अनाधिकृत दुकानों में सिलेंडर ना रखें अन्यथा सख्त कार्रवाई की जाएगी।

पिता के साथ सब्जी बेचने वाला बेटा बना अफसर

बिना कोचिंग के GST इंस्पेक्टर पद पर चयन

कोरबा/नवप्रदेश। प्रतिभा किसी मौके की मोहताज नहीं होती, देर से ही सही पर अपना रास्ता ढूंढ ही लेती है। पिता के साथ बाजार में दिन भर सब्जियां बेचने वाला बबलू भी एक ऐसी ही प्रतिभा का नाम है, जिसने कठिनाइयों के बीच अपनी कोशिशों से कभी मुंह नहीं मोड़ा। ऐसे में मेहनत रंग लाई और अब वह अफसर बन गया है।

कोरबा जिले के सीतामढ़ी क्षेत्र का निवासी बबलू गुप्ता वस्तु और सेवा कर (जीएसटी) इंस्पेक्टर के पद पर नियुक्त हुआ। इस मुकाम पर पहुंचने के लिए उन्होंने न तो महंगी कोचिंग क्लास की और न ही कोई शॉर्टकट अपनाया। बबलू ने अपनी मेहनत के बूते अपना लक्ष्य हासिल किया। उनके पिता संतोष गुप्ता बाजार में आलू-प्याज बेचकर घर खर्च चलाते हैं। इस काम में बबलू भी उनका हाथ बंटाते थे।

बचपन से ही थे मेधावी छात्र

बबलू ने जब सिविल सर्विस की तैयारी करने का फैसला किया, तो उनके पास कोचिंग करने के लिए पैसे नहीं थे। इसके बावजूद उन्होंने हार नहीं मानी और दिन-रात मेहनत कर जीएसटी इंस्पेक्टर बनने में

सफल हुए। बबलू बचपन से ही पढ़ाई में अच्छे थे, इसलिए उनके पिता ने उन्हें पढ़ाई करने से कभी नहीं रोका। बबलू ने रानी रोड स्थित गायत्री स्कूल से 2015 में 12वीं में 95.6 प्रतिशत नंबर लाकर छत्तीसगढ़ मेरिट सूची में 5वीं रैंक हासिल की थी। इसके बाद से वह लगातार मेहनत करते रहे और 2020 में एसएससी परीक्षा के समय पढ़ाई के साथ-साथ बुधवारी बाजार में बड़े भाई गोपाल गुप्ता के साथ आलू-प्याज भी बेचा करते थे।

असफलताओं से नहीं हारे

वहीं 2018 में बबलू पोस्ट ऑफिस में जीडीएस के रूप में सेलेक्ट हुए और बतौर पोस्टमैन अपनी सेवाएं दी। साथ ही 2018 में ही रेलवे ग्रुप डी क्लियर किया, लेकिन फिजिकल में रह गए। इसके बाद 2019 में रेलवे एनटीपीसी तीन नंबर से रह गया। इसके बाद बबलू ने पोस्ट ऑफिस में काम करते हुए 2020 में एसएससी सीजीएल का पहला अटेम्ट दिया, लेकिन सफलता नहीं मिली। फिर 2021 में एसएससी एमटीएस पहली बार में ही क्लियर कर लिया। वहीं 2022 में एसएससी सीएचएसएल परीक्षा क्लियर की पर मेन्स में रह गए।

2023 में मिली ऑल इंडिया रैंक 641

इसके बाद 2022 में ही एसएससी सीपीओ सब इंस्पेक्टर का एग्जाम क्लियर किया, लेकिन चेस्ट 2 सेंटीमीटर कम पड़ गया और उसमें भी सेलेक्ट नहीं हो पाए। फिर 2022 में एसएससी सीजीएल फिर से क्लियर किया, लेकिन मेन्स में 0.9 नंबर से रह गया। इन असफलताओं से भी वह हिम्मत नहीं हारे और हौंसला बनाए रखा। आखिरकार अब एसएससी सीजीएल 2023 क्लियर किया और ऑल इंडिया रैंक 641 लाकर जीएसटी (एक्साइज इंस्पेक्टर) बन गए। बबलू ने इस परीक्षा को भी एमटीएस के पद पर काम करते हुए क्लियर किया। एमटीएस के रूप में अभी वह केंद्रीय लोक निर्माण विभाग बिलासपुर में पदस्थ हैं।

करंट की चपेट में आने से दो भैंसों की मौत

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर के स्वामी विवेकानंद एयरपोर्ट के सामने पार्क में बड़ी लापरवाही सामने आई है। पार्क में बिजली के तार की चपेट में आने से शुक्रवार की सुबह दो भैंसों की मौत हुई है। इस घटना ने एयरपोर्ट के बाहर सुरक्षा व्यवस्था को लेकर भी सवाल उठने लगे हैं। पार्क में रोजाना सुबह-शाम लोग टहलने के लिए आते हैं। एयरपोर्ट डायरेक्टर प्रवीण जैन ने बताया कि सामने पार्किंग एरिया में भैस की मृत्यु की जानकारी मिली है।

शराब के साथ आरोपी गिरफ्तार

राजनांदगांव/नवप्रदेश। पुलिस अधीक्षक मोहित गर्ग, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राहुल देव शर्मा, नगर पुलिस अधीक्षक अमित पटेल द्वारा जिले में चलाये जा रहे अवैध शराब, जुआ, सट्टा की रोकथाम अभियान के तहत 6 दिसंबर को थाना लालबाग स्टाफ व पेट्रोलिंग पार्टी के ग्राम बांकल की ओर रवाना किया गया था।

शिकायतों का शीघ्र करें निराकरण : कलेक्टर

कोण्डागांव/नवप्रदेश। जिला कलेक्टर दीपक सोनी ने शिकायतों पर त्वरित कार्यवाही करने के निर्देश दिए। गुरुवार को जिला कार्यालय के प्रथम तल स्थित सभा कक्ष में आयोजित समय-सीमा बैठक में कलेक्टर ने कहा कि सभी अधिकारी शिकायतों पर त्वरित कार्यवाही करें। उन्होंने लोक सेवा गारंटी के तहत दी जाने वाली सभी सेवाओं को निर्धारित समय-सीमा के भीतर उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। उन्होंने नामांतरण, बंटवारा और सीमांकन के लिए प्राप्त आवेदनों के त्वरित निराकरण पर भी जोर दिया।

उन्होंने विधानसभा निर्वाचन के दौरान दिए गए दायित्वों का सफलतापूर्वक निर्वहन करते हुए निष्पक्ष और निर्विवाद निर्वाचन के लिए अधिकारियों को बधाई दी। कलेक्टर श्री सोनी ने जल जीवन मिशन के तहत स्वीकृत कार्यों की गति बढ़ाने को कहा, जिससे लोगों को इस योजना का लाभ शीघ्र प्राप्त हो। उन्होंने नारायणपुर मार्ग निर्माण हेतु आवश्यक प्रक्रिया की गति बढ़ाने पर भी जोर दिया। उन्होंने इसके साथ ही भारतमाला योजना के तहत सड़क निर्माण हेतु भूमि

अधिग्रहण की कार्यवाही के संबंध में भी जानकारी ली। उन्होंने केशकाल मार्ग में वाहनों के खराब होने के कारण आवागमन के बाधित होने के कारण अनफिट वाहनों को घाट में प्रवेश न करने देने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि घाट में प्रवेश के पूर्व सभी मालवाहक वाहनों की फिटनेस प्रमाण पत्र अवश्य देखा जाए।कलेक्टर ने अवैध अतिक्रमण पर नियमानुसार त्वरित कार्यवाही के निर्देश दिए। बड़े कनेरा मार्ग स्थित मदिरा दुकान के आसपास लगाई जाने वाले रेहड़ियों के कारण मार्ग में आवागमन में आ रही बाधा को हटाने के लिए दुकानों का संचालन हेतु स्थल निर्धारित करने के निर्देश भी दिए। उन्होंने शिक्षा, आदिम जाति कल्याण, महिला एवं बाल विकास तथा स्वास्थ्य विभाग द्वारा संचालित सभी संस्थानों को शीघ्र तंबाकू मुक्त क्षेत्र बनाने के निर्देश दिए।कलेक्टर ने सभी निर्माणाधीन कार्यों को त्वरित गति से पूर्ण करने के निर्देश देते हुए कहा कि निर्माण कार्यों की गुणवत्ता में किसी भी प्रकार की कोताही न बरती जाए, जिससे लोगों को इन योजनाओं का बेहतर ढंग से लाभ प्राप्त हो सके। उन्होंने विकसित भारत संकल्प यात्रा हेतु आवश्यक तैयारियों के संबंध में भी अधिकारियों को निर्देशित किया। बैठक में वन मंडलाधिकारी एन गुरुनाथन, आरके जांगड़े सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित थे।

नशे में ईंट मारकर किया युवक की हत्या, गिरफ्तार

कोरबा/नवप्रदेश। शराब के नशे में युवक के साथ विवाद कर मारपीट करना एक व्यक्ति को महंगा पड़ गया। नाराज युवक ने उसके सिर पर ईंट से हमला कर गला दबा हत्या कर दी। पांच दिन पहले हुई इस घटना के आरोपित को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया।

पुलिस सूत्रों के अनुसार घटना दीपका थाना अंतर्गत नगर पालिका दीपका कार्यालय के दूरी पर स्थित एक मिक्चर बिस्किट दुकान के पीछे एक व्यक्त की रक्त रंजित अवस्था में लाश मिली थी। मिक्चर, बिस्किट दुकान संचालक रवि उसरवर्षा निवासी प्रगति नगर झोपड़पट्टी ने शव देख पुलिस को सूचना दी। उसने बताया कि दो दिसंबर की रात 10.30 बजे दुकान को बंद करके अपने घर चला गया था। दूसरे दिन ती दिसंबर को रोज की तरह सुबह लगभग 6.30 बजे दुकान को खोल साफसफाई किया कचरा को दुकान के पीछे तरफ फेंकने गया तो देखा कि वाटर एटीएम के पीछे एक व्यक्ति ईंट के ढेर के पास खून से लथपथ मृत अवस्था में पड़ा हुआ है। शव देख कर ऐसा लग रहा था कि किसी व्यक्ति ने ईंट व पत्थर मार कर उसकी हत्या की हो। सूचना मिलने पर स्थल पर पहुंची पुलिस ने वैधानिक कार्रवाई के बाद शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। मृतक की शिनाख्त निकोलस टोप्पो के रूप में की गई थी।

एसपी गर्ग ने किया बाग नदी थाने का निरीक्षण

राजनांदगांव/नवप्रदेश। पुलिस अधीक्षक मोहित गर्ग थाना बागनदी पहुंचकर थाने के रजिस्टर, रोजनामचा, लंबित अपराध, लंबित शिकायत पत्र आदि का अवलोकन कर लंबित मामलों को किसी भी स्थिति में जल्द से जल्द पूरा करने कहा गया। थाने की साफ सफाई, जवानों के वेशभूषा को देखे। साथ ही थाना के शस्त्रागार, रिकार्ड रूम का निरीक्षण किये। थाना भवन का भी निरीक्षण किये। थाने में शिकायत लेकर आने वाले फरियादियों को किसी प्रकार की समस्या न हो इसके लिए विशेष ध्यान रखने हेतु समझाईश दिया गया। साथ ही पुलिस के अधिकारियों एवं कर्मचारियों से उनकी समस्या पूछ कर निदान हेतु आश्वासन दिया गया। इस दौरान थाना प्रभारी बागनदी निरीक्षक मनीष ध्रुव एवं थाना स्टाफ उपस्थित थे।

गैस एजेंसी के बाहर उमड़ी महिलाओं की भीड़

पलारी/नवप्रदेश। विधानसभा चुनाव खत्म होने के साथ ही लोगों में 500 रुपए में सिलेंडर मिलने की उम्मीद जग गई है। इसके लिए गैस एजेंसियों में आधार कार्ड अपडेट कराने लोगों की भीड़ लगनी शुरू हो गई है। पलारी में तो सुबह से ही हजारों की संख्या में आसपास के गांव से महिलाएं पहुंची हुई हैं। दरअसल पिछले महीने ही केंद्रीय पेट्रोलियम मंत्रालय ने एक नया आदेश जारी किया था, जिसके तहत अब जिस घर में जिसके नाम से सिलेंडर है उसे गैस एजेंसी में उपस्थित होकर बताना होगा कि सिलेंडर लेने वाला शख्स वही है। इसकी पुष्टि के लिए लोगों से उनका आधार कार्ड मंगवाया गया है। इसके लिए पलारी के विष्णु गैस एजेंसी में ई केवाईसी करवाने महिलाओं की सुबह से ही भारी भीड़ जुटी हुई है। यहां पर ई केवाईसी करने हजारों की संख्या में आसपास के गांव से महिलाएं पहुंची हुई हैं।